राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-212
लखनऊ, बुधवार 20 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





फेक और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखेगा चुनाव आयोग : रिणवा 03

400 पार फिर बनेगी मोदी सरकार : पुष्कर सिंह धामी 12


## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट ने छह अप्रैल तक बढ़ाई सिसोदिया की न्यायिक हिरासत

**नयी दिल्ली।** शराब घोटाले मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट से एक बार फिर झटका लगा है। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत को 6 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिरासत बढ़ाए जाने के बाद सिसोदिया इस बार भी जेल में ही होली मनाएंगे। इससे पहले 7 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायिक हिरासत 19 मार्च तक के लिए बढ़ाई थी। आज सिसोदिया के वकील ने काफी दलीलें दी, लेकिन अदालत ने दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 अप्रैल तक बढ़ा दी। इन दोनों सुनवाई से पहले अदालत ने दो मार्च को भी इन्हें राहत देने से इनकार करते हुए 7 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा था।

### पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव तरुण चुघ और विनोद तावड़े मौजूद रहे।भाजपा में शामिल होने के बाद तरनजीत सिंह ने पत्रकारों से कहा कि पिछले 10 सालों में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम किया। खासकर अमेरिका और श्रीलंका के साथ राजनयिक संबंधों के मामले में करीब से काम किया। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व विकास पर केंद्रित हैं। यह विकास अमृतसर तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पार्टी में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें देश की सेवा के नए रास्ते पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया। तरणजीत सिंह ने मीडिया से कहा कि अगर पार्टी का आदेश होगा तो वे अमृतसर लोकसभा सीट से लड़ सकते हैं।

### झारखंड के राज्यपाल को तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल के रूप में डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा झारखंड के राज्यपाल को इनका अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राष्ट्रपति ने झारखंड के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन को नियमित व्यवस्था होने तक अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

### पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली ।** बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा दरकिनार किए जाने के एक दिन बाद राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। श्री पारस ने इस्तीफा देने की घोषणा करने के साथ ही कहा कि वह सीट बंटवारे में अपनी पार्टी के साथ न्याय नहीं किये जाने से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महान कद के नेता हैं जिन्होंने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया। सीट बंटवारे में अनदेखी के बाद उनके पास मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई कारण नहीं था। हालाँकि उन्होंने अपने अगले कदम के बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### संजय सिंह ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं और शपथ लेने के लिए उन्हें जेल से लाया गया था। शपथ लेने के बाद उन्हें दोबारा जेल ले जाया जायेगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संजय सिंह को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। वह लगातार दूसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गये हैं। श्री सिंह दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले वर्ष अक्टूबर से जेल में हैं।

## प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के सेलम में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा

# सीट बंटवारे से भाजपा को मिली ऊर्जा

▸ तमिलनाडु तय कर चुका है कि अबकी बार 400 पार

एजेंसी



**सेलम/नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को वोट देने का मन बना लिया है।

लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु के सेलम में भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट भाजपा-एनडीए को जाएगा। अब तमिलनाडु ये तय कर चुका है कि अबकी बार 400 पार। तमिलनाडु में भाजपा को जो जन समर्थन मिल रहा है, उसे पूरे भारत में देखा और चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा, कल मैं कोयंबटूर में रोड शो के दौरान लोगों के बीच था और एनडीए और मोदी को जो समर्थन और आशीर्वाद मिला है, उससे डीएमके की नींद उड़ गई है। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय के.एन. लक्ष्मणन को याद करके भावुक हो गए और राज्य में भाजपा के विस्तार में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि वह आपातकाल के दौरान संघर्ष में भी शामिल थे।

उन्होंने तमिलनाडु में कई स्कूल भी खोले। तमिलनाडु में डॉ. एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के साथ सीट शेयरिंग समझौते पर मोदी ने कहा कि पीएमके के साथ सीट बंटवारे के समझौते के बाद एनडीए को नई ऊर्जा मिली है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए पीएमके को 10 सीटें दी हैं। उन्होंने कहा कि मरियम्मन यहां की शक्ति है। तमिलनाडु में कांची कामाक्षी शक्ति है, मदुरै में मीनाक्षी शक्ति है। मोदी ने कहा कि हिंदू धर्म में, शक्ति का अर्थ मातृ शक्ति, नारी शक्ति है। कांग्रेस और द्रमुक वाले भारतीय गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग बार-बार जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस का इंडी गठबंधन किसी अन्य धर्म का अपमान नहीं बनाता लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकेंड नहीं लगाते। उन्होंने कहा कि मोदी, देश की नारीशक्ति की हर परेशानी के आगे ढाल बनकर खड़ा है। महिलाओं को धुआं मुक्त जीवन देने के लिए हमने उज्ज्वला एलपीजी गैस कनेक्शन दिए, हमने फ्री मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए आयुष्मान योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं के केंद्र में नारीशक्ति ही है।

**तमिलनाडु के विकास के लिए केंद्र नहीं छोड़ रहा कोई कसर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के विकास और समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। नि:शुल्क चिकित्सा उपचार से लेकर घरों में नल के पानी के कनेक्शन प्रदान करने तक नि:शुल्क राशन सुविधाओं से लेकर मुद्रा योजना के माध्यम से तमिलनाडु की महिलाओं को लाभान्वित करने तक, हमने सर्वोत्तम देना, सर्वोत्तम सेवा देना सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत में स्थापित किये जा रहे रक्षा गलियारों में से एक तमिलनाडु में है। भाजपा सरकार देशभर में 7 मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित कर रही है। विशेष रूप से, उनमें से एक तमिलनाडु में मौजूद है।

**डीएमके-कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू**

मोदी ने कहा कि डीएमके और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। डीएमके और कांग्रेस का मतलब बड़ा भ्रष्टाचार और एक परिवार का शासन है। उन्होंने कहा कि जब देश को कांग्रेस से मुक्ति मिली तो देश 5जी तकनीक तक पहुंच गया। लेकिन तमिलनाडु में डीएमके अपना खुद का 5जी अर्थात तमिलनाडु पर नियंत्रण रखने वाली एक परिवार की पांचवीं पीढ़ी चला रही है। डीएमके ने दिवंगत जयललिता के साथ कैसा व्यवहार किया, यह सर्वविदित है। यह द्रमुक का असली चेहरा है। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि मुंबई बैठक में इंडी गठबंधन ने शक्ति को नष्ट करने की घोषणा करके अपने गलत इरादे जाहिर कर दिए है।

## किसी की नागरिकता नहीं छीनता है सीएए : सॉलिसिटर जनरल

एजेंसी

▸ सीएए को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तीन हफ्ते में केंद्र से मांग जवाब

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया, यह (सीएए) किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता है।


सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि उन्हें उन आवेदनों पर जवाब देने के लिए कुछ समय चाहिए, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा होने तक नियमों पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने केंद्र को तीन सप्ताह का समय दिया और कहा कि अदालत इस मामले पर 9 अप्रैल को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत विवादास्पद कानून से जुड़ी 200 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसे संसद द्वारा मंजूरी दिए जाने के लगभग चार साल बाद 15 मार्च को लागू किया गया था। याचिकाओं में सीएए और नागरिकता संशोधन नियम 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई है।

पिछले हफ्ते, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष केरल स्थित इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) द्वारा दायर एक याचिका का उल्लेख करते हुए कहा था कि विवादास्पद कानून को लागू करने का केंद्र का कदम संदिग्ध था क्योंकि लोकसभा चुनाव तेजी से नजदीक आ रहे हैं। कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि सीएए धर्म के आधार पर मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है।

## कृष्ण जन्मभूमि केस से जुड़ी याचिका खारिज

▸ कृष्ण जन्मभूमि केस में मस्जिद कमेटी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मुकदमों को समाहित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक नई याचिका का मंगलवार को निस्तारण कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंध न्यासी समिति को उच्च न्यायालय के समक्ष आदेश वापसी की याचिका दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की। समिति ने उच्च न्यायालय के 11 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है। पीठ ने आदेश दिया, ''याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया है। हम मौजूदा विशेष अनुमति याचिका का निस्तारण करते हैं और याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय में फिर से याचिका दायर करने की छूट देते हैं। समिति के वकील ने कहा कि 11 जनवरी के आदेश को वापस लेने का आवेदन उच्च न्यायालय में लंबित है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि आवेदन को एक विशिष्ट तारीख पर उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाए। हालांकि पीठ ने ऐसा कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 'न्याय के हित में निर्देश दिया था कि हिंदू वादी द्वारा दायर एक आवेदन पर 15 मुकदमों को समाहित कर दिया जाए। हिंदू पक्ष ने उच्च न्यायालय में अपने आवेदन में कहा था कि दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग), मथुरा के समक्ष 25 सितंबर, 2020 को दायर मूल मुकदमे और 13.37 एकड़ जमीन से संबंधित अन्य मुकदमों को समाहित कर दिया जाए।

### सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, एक नक्सली हुआ ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया। उन्होंने बताया कि सोमवार को दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती किरंदुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेलकृगमपुर गांव के जंगल में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा गया था।

## सीएम सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए भाई-बहन ने रचाई शादी

▸ सरकार ने एक्शन लेते हुए दो अधिकारियों को किया सस्पेंड

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** यूपी के महराजगंज से बीते दिन हैरान करने वाली खबर सामने आई थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए दो भाई बहन ने ही आपस में शादी कर ली थी। अब मामले की भनक योगी सरकार के कानों तक पहुंच गई है व सरकार ने सख्त एक्शन लेते हुए अधिकारियों समेत दोनों दूल्हा-दुल्हन पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।



महराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में भाई-बहन की फर्जी शादी का मामला काफी चर्चा में है। ऐसे में क्षेत्र विकास अधिकारी ने मामले की रिपोर्ट पेश की है जिसपर एक्शन लेते हुए 2 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। डीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है। मनरेगा के तकनीकी सहायक को भी जिला मुख्यालय में ट्रांसफर कर दिया गया है। बीडीओ ने 35 हजार की इनाम राशि पर रोक लगा दी है और गृहस्थी का सामान भी वापस मंगवा लिया है। ऐसे में दोनों भाई-बहन के खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। फर्जीवाड़े के केस में दोनों को जेल हो सकती है। 5 मार्च को महराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 38 जोड़ों की शादी करवाई गई थी। शादी के बाद सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान और 35 हजार रुपए मिलने वाले थे। ऐसे में इनाम पाने के लालच में कुछ बिचौलियों ने एक शादीशुदा महिला को मंडप में बिठा दिया। मगर जिससे युवती की शादी होनी थी, वो शख्स वहां नहीं आया इसलिए बिचौलियों ने युवती के भाई को ही मंडप में बिठाकर दोनों के सात फेरे लगवा दिए।

### लखन भैया एनकाउंटर मामले में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद

**मुंबई।** बाम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को मुंबई में बहुचर्चित लखन भैया एनकाउंटर मामले में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हाई कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को आगामी तीन सप्ताह के अंदर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का भी आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर 2006 को अंधेरी के वर्सोवा में हुए रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया एनकाउंटर की एसआईटी जांच में खुलासा हुआ था कि एनकाउंटर फर्जी था। इस मामले में मुंबई पुलिस और पुलिस के 13 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें प्रदीप शर्मा भी शामिल थे। 2008 में उन्हें निलंबित भी कर दिया गया था लेकिन कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था।

## गढ़चिरौली : पुलिस ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर कोलामरका जंगल में आज (मंगलवार) तड़के तेलंगाना से गढ़चिरौली में घुसे नक्सलियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। इनमें नक्सलवादी क्षेत्रीय समिति के सदस्य वर्गेश, मंगी इंद्रवेली क्षेत्र समिति के सचिव कुंमराम भीम, सिरपुर चेन्नूर क्षेत्र समिति के सदस्य राजू कुरसांग और कुट्टीमेट्टा व्यंकटेश शामिल हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना के कुछ माओवादी सोमवार दोपहर प्राणहिता नदी पार कर गढ़चिरौली में घुसे हैं। इसके बाद नक्सल विरोधी दस्ते के एडिशनल



एसपी यतीश देशमुख के नेतृत्व में सी-60 और सीआरपीएफ क्यूएटी की कई टीमें अहेरी उप पुलिस मुख्यालय से नक्सलियों की तलाश में जुट गईं। इस बीच आज तड़के रेपनपल्ली से पांच किलोमीटर दूर कोलामरका के पहाड़ों में तलाशी अभियान में लगे जवानों पर नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जवानों ने नक्सलियों को करारा जवाब दिया। गोलीबारी रुकने के बाद इलाके की तलाशी में चार नक्सलियों के शव बरामद हुए।

### आईएएस अफसर दीपक कुमार बने यूपी के नए अपर मुख्य सचिव गृह

**लखनऊ।** आईएएस अधिकारी दीपक कुमार उत्तर प्रदेश के नए अपर मुख्य सचिव गृह बनाए गए है। चुनाव आयोग ने उनके नाम पर मुहर लगा कर उन्हें गृह विभाग का चार्ज दिया है। यूपी सरकार ने शासन की ओर से तीन नाम भेजे थे, जिनमें आईएएस अफ्सर मनोज सिंह, देवेश चतुर्वेदी और दीपक कुमार का नाम भेजा गया था। निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अफ्सर दीपक कुमार के नाम पर मुहर लगा दी। बता दें कि कल ही चुनाव आयोग ने संजय प्रसाद को यूपी के प्रमुख सचिव गृह से हटाया था। संजय प्रसाद से प्रमुख सचिव गृह का चार्ज हटा दिया गया और गृह विभाग का चार्ज स्वतः ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के पास चला गया था। आज इस पद पर दीपक कुमार को तैनात कर दिया गया है।

## गृहमंत्री अमित शाह से मिले राज ठाकरे एनडीए में मनसे का शामिल होना तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में भाजपा को एनडीए गठबंधन में एक और राजनीतिक दल को शामिल करने में कामयाबी मिलने जा रही है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनना लगभग तय हो गया है।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे हैं। अमित शाह और राज ठाकरे की इस मुलाकात में गठबंधन और सीटों को लेकर फैसला होगा। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने राज ठाकरे से मुलाकात कर गठबंधन को लेकर



बातचीत की और फिर दोनों नेता अमित शाह के आवास पर पहुंचे। आपको बता दें कि मनसे प्रमुख भाजपा के आला नेताओं से मुलाकात करने के लिए सोमवार को देर रात दिल्ली आए थे। राज ठाकरे के एनडीए गठबंधन में शामिल होने से भाजपा को महाराष्ट्र में फायदे की उम्मीद है। राज ठाकरे स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे के भतीजे और उन्हीं की स्टाइल में फायर ब्रांड राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं।

### लखनऊ में वाणिज्यकर उप आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लखनऊ।** विजिलेंस की टीम ने वाणिज्यकर के उप आयुक्त को रिश्वत लेते हुए मुख्यालय से गिरफ्तार किया है। यूपी विजिलेंस टीम से जानकारी मिली है कि रिश्वत विरोधी हेल्पलाइन पर एक एक्सपोर्ट कंपनी के प्रतिनिधियों ने फोन करके बताया कि वाणिज्यकर के डिप्टी कमिश्नर धनेन्द्र कुमार पाण्डेय उनकी कंपनी का जीएसटी पास करने की एवज में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। बताया गया कि कंपनी ने जीएसटी के आधार पर लगभग 20 लाख रुपये रिफंड क्लेम किया था। यह रिफंड वाणिज्यकर कार्यालय में तैनात डिप्टी कमिश्नर धनेन्द्र द्वारा पास करना था। इसके एवज में दो लाख की रिश्वत मांगी गयी। टीम ने योजना के तहत रिश्वत लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में पांच की मौत, दो लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद/अमृतपुर।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि युवती समेत दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए।

अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी उत्कर्ष (25)पुत्र राजेश तथा अवनीश (27) पूर्व सैनिक पुत्र सुरेश चौहान बाइक से बाजार करने आये थे। साथ में उनकी बहन भी थी। देर शाम सभी गांव जा रहे थे, तभी पूर्वी गौटिया के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी। जबकि उनकी बहन घायल हो गई। पुलिस मृतकों को लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। **दूसरी घटना में** कार सवार 25 वर्षीय खिलावन उर्फ दीपू पुत्र धर्मपाल निवासी कसावा छिबरामऊ, 28 वर्षीय रामजीत प्रजापति पुत्र तुलाराम निवासी बूचपुर तालग्राम कन्नौज, 28 वर्षीय अनमोल पुत्र महावीर निवासी मोकमपुर विशुनगढ़ कन्नौज, 24 वर्षीय शिवम पुत्र अवधेश निवासी बूचपुर तालग्राम एक बारात में शामिल होने गये थे। रात लगभग 1 बजे काली नदी पुल के पास ओमनी कार को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। थानाध्यक्ष भोलेन्द्र चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों घायलों को छिबरामऊ के सौ शैय्या अस्पताल भेजा। जहाँ शिवम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि अन्य तीनों खिलावन, रामजीत, अनमोल को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

प्रतिबद्धता

### बुल्गारिया के जहाज को समुद्री डाकुओं से छुड़वाने पर राष्ट्रपति रुमेन ने मोदी को दिया धन्यवाद

# समुद्री डकैतों से निपटने के लिए भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय नौसेना द्वारा सोमालिया के तट के समीप बुल्गारिया के जहाज को समुद्री डाकुओं से छुड़वाने पर वहां के राष्ट्रपति रुमेन रादेव के संदेश के उत्तर में कहा है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्रीय डकैती और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारतीय नौ सेना और वायुसेना ने पिछले दिनों 40 घंटे चले एक संयुक्त अभियान में बुल्गारिया के अपहृत वाणिज्यक जहाज रूएन और उसमें सवार सात बुल्गारियाई नागरिकों



सहित उसके चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया। इस अभियान में सभी समुद्रीय दस्यु पकड़े गए हैं। इस अभियान के लिए बुल्गारिया के राष्ट्रपति रादेव ने सोशल मीडिया पर आभार का संदेश भेजा है। इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को एक्स पर एक जवाबी संदेश में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती एवं आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता जतायी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, बुल्गारिया गणराज्य के राष्ट्रपति, हम आपके संदेश की सराहना करते हैं। हमें खुशी है कि सात बुल्गारियाई नागरिक सुरक्षित हैं और जल्द ही घर लौटेंगे। भारत नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती एवं आतंकवाद से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। हिंद महासागर और अरब सागर क्षेत्र में नौवहन की सुरक्षा की दिशा में भारत की भूमिका की विश्वस्तर पर सराहना हो रही है।

**जहाज पर तकरीबन 30 से अधिक समुद्री डाकू थे**

मामले की जानकारी देते हुए भारतीय नौसेना के अधिकारी ने कहा कि अपहरण किए गए जहाज एमवी रुएन पर समुद्री डाकुओं की संख्या 30 से अधिक है। नौसेना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, समुद्री लुटेरों के जहाज के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि समुद्री लुटेरों ने भारतीय नौसेना के युद्धक जहाज पर फायरिंग की। नौसेना ने कहा कि इंडियन नेवी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# ठेकेदार ने सभासद को जान से मारने की दी धमकी

**कई सभासद शेखर वाल्मीकि के साथ कोतवाली पहुंचे और ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने को लेकर दी तहरीर**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

नगर क्षेत्र के आनंद विहार वार्ड में ठेकेदार राम प्रवेश वर्मा ने वार्ड की एक सड़क निर्माण कार्य ठेका लिया और मानक विहीन सामग्री पीली ईंटो से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। मानक विहीन सामग्री को देख वार्ड की निवासियों ने सभासद से शिकायत की जिसपर सभासद ने ठेकेदार से मानक के अनुरूप सामग्री प्रयोग किये जाने को लेकर ठेकेदार से आपत्ति की, इस बात से आग बबूला ठेकेदार ने नगर पालिका प्रांगण में हंगामा कर दिया और सभासद को भद्दी गलियों से नवाजा साथ जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। सभासद के साथ ठेकेदार द्वारा की गई बदसलूकी की खबर मिलते ही एक दर्जन सभासद नगर पालिका पहुंचे और ठेकेदार के खिलाफ लामबंद होकर कोतवाली में तहरीर दी जिसपर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। क्षेत्रीय सभासद शेखर वाल्मीकि ने बताया कि मानक विहीन सामग्री लगाए जाने की ठेकेदार से आपत्ति जताई थी जिस पर ठेकेदार आग- बबूला हो गया और गाली देने लगा। बात यहीं खत्म नहीं हुई। शाम को ठेकेदार नगर परिषद पहुंचा और गाली देते हुए कहना शुरू किया, कहां सभासद है।

उसके ज्यादा दिमाग खराब हो गए हैं और ललकारते हुए कहा सभासद को जान से मार दूंगा और भद्दी- भद्दी गाली देते हुए सभासद को जाति सूचक गाली भी दी। यह हंगामा देख वहां उपस्थित कुछ सभासद तथा कर्मचारी एकत्र हो गए। मामला गंभीर देखते हुए उसी समय सभासदों ने पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया तथा थाना कोतवाली में ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने का निर्णय लिया। तमाम सभासद शेखर वाल्मीकि के साथ कोतवाली पहुंचे और ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने हेतु लिखित तहरीर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी को दी। साथ ही घटना की पूरी जानकारी दी। कोतवाल साहब ने कार्रवाई करने की बात कही। कोतवाली में मुख्य रूप से सभासद संघ के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, शेखर वाल्मीकि ,पंकज मिश्रा, देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, ताज बाबा राईन ,आलोक वर्मा, संजय जयसवाल, रोहित सिंह, कृष्ण गोपाल (बच्चा), सादिक हुसैन, बृजेश यादव, अश्विनी शर्मा (शिवा), ताम्र ध्वजा नंद, शिवकुमार, सहित तमाम सभासद उपस्थित रहे।



# आश्वासन के बाद नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य

**ग्राम पंचायत बहुता से कुशियागंज संपर्क मार्ग का है मामला**

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बहुता से कुशियागंज तक 4 किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग का सांसद से आश्वासन मिलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुनः इस मार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग की है। केंद्र और प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सभी प्रकार की सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य किया जाना था परंतु अब भी कुछ ऐसे मार्ग शेष है जिन पर वर्षों से किसी भी प्रकार का कार्य नहीं हुआ है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत बहुता से कुशियागंज संपर्क मार्ग का है जिस पर 2 वर्ष पूर्व मरम्मत कार्य कराया गया था परंतु घटिया मरम्मत कार्य के चलते 3 महीने में ही इस मार्ग पर पुनः गड्ढे हो गए थे तब से कई बार इसकी शिकायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की गई परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। मार्ग के निर्माण को लेकर एक माह पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला और उनके साथियों ने सांसद उपेंद्र रावत को भी अवगत कराया था जिस पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने 15 दिनों के भीतर मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया था परंतु आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।






# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मनमानी, ग्रामीणों पर पड़ रही भारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है वहीं इसी विभाग के कुछ कर्मचारी सरकार की इस मंशा को नाकाम करने का काम कर रहे हैं। मामला विकासखंड हैदरगढ़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र अंसारी का है जहां 3:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को उपकेंद्र बंद मिला। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना का उद्देश्य गांव की जनता तक कारगर स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक पहुंचाएं जाने के लिए बनाए गए हैं जिसमे अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और समाज में हर किसी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप हर गांव/कस्बे में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण करने के लिए की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त केंद्र में आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध नहीं रहती है। स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के चलते ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

# शाखा प्रबंधक की कार्यशैली से उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

**सिद्धौर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोठी उस्मानपुर में मंगलवार को शाखा प्रबंधक द्वारा लगातार परेशान के साथ-साथ बदतमीजी से भी बाज आते हैं इसके बाद खाता धारकों ने जमकर हंगामा काटा इस दौरान प्रदर्शन भी किया खाता धारकों का आरोप था । कि लगातार कई बार आधार कार्ड और पैन कार्ड फोटो देने के बाद भी केवाईसी नहीं किया जा रहा है। आपको बता दें कि पूरा मामला

पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोठी उस्मानपुर में शाखा प्रबंधक की दबंगई के चलते खाताधारक परेशान पंजाब नेशनल बैंक शाखा कोठी पर दलाल के बिना कोई भी कार्य करना संभव नहीं है चाहे पासबुक प्रिंट करना हो या फिर केवाईसी करना इसके लिए जब तक प्राइवेट व्यक्ति से संपर्क नहीं किया जाएगा तब तक संभव नहीं है मंगलवार को कुम्हरावा निवासी साहब शरण ,संदीप कुमार ,सोनू सिंह ,विश्व नाथ प्रताप सिंह, सुमन चंद्र ,राकेश भारती, अभय वर्मा, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग का आरोप है की बैंक शाखा पर कई बार आधार कार्ड पैन कार्ड और फोटो आवेदन के साथ जमा करने के बाद भी केवाईसी नहीं की जाती है जो भी कागज शाखा पर जमा किए जाते हैं उन्हें कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है इसकी शिकायत खाता धारकों ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल सिंह पटेल से की थी जिसको लेकर पटेल ने शाखा प्रबंधक विपिन कुमार से पूछा की क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं कागज देने के बाद भी केवाईसी क्यों नहीं की जा रही है शाखा प्रबंधक आग बबूला हो गए और मंडल अध्यक्ष से बदसुलकी करने लगे यह देख बैंक में मौजूद अन्य खाता धारक लोग भी आकोर्षित हो गए और बैंक परिसर के बाहर निकाल कर प्रदर्शन करने लगे यह देख बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए उप शाखा प्रबंधक विनोद कुमार कि लोगों ने जमकर शिकायत की और खाता धारकों का आरोप है कि उप शाखा प्रबंधक किसी भी खाता धारक से सही ढंग से बात नहीं करते हैं और जब कुछ पूछा जाता है तो कहते हैं कि जो कुछ करना है कर लो केवाईसी के कागज जमा करने के लिए कहते हैं बैंक में जो प्राइवेट कर्मचारी हैं उनसे जाकर संपर्क करो जिसके चलते कई लोगों की वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन किसान सम्मन निधि का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है शाखा प्रबंधक विपिन कुमार का कहना है केवाईसी के लिए किसी भी खाता धारक को प्राइवेट व्यक्ति के पास नहीं भेजा जाता है जिन लोगों ने आज शिकायत की है उनकी केवाईसी कर दी जाएगी बाकी आरोप बिल्कुल निराधार है।



# एटीएम का ताला तोड़कर बैटरियां उठा ले गए चोर

**बेलहरा, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के बाबा साहब चौराहे पर संचालित एटीएम के स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर अंदर लगी बैटरियां चोर उठा ले गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहरा कस्बे के बाबा साहब चौराहे पर भटुवामऊ निवासी एखलाक कुरैशी की दुकान में इंडिया वन का एटीएम संचालित है।

सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एटीएम के कैमरे पर टेप लगा दिया और स्ट्रांग रूम का ताला तोड़कर अंदर लगी तीन बैटरियां उठा ले गए।पड़ोसी अफाक कुरैशी के मुताबिक आहट सुनकर जब उन्होंने देखा तो तीन बाइक सवार चोर बैटरी लाद रहे थे। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो चोर उन्हें धमकाते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना आनन-फानन स्थानी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका। हैरत की बात है कि जिस स्थान पर चोरों ने घटना को अंजाम दिया वह कस्बे का मुख्य चौराहा है और यहां पर रात भर पुलिस का पहरा रहता है।

लेकिन इस तरहकी घटना हो जाना लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया की आसपास लगे सीसीटीवी के आधार पर चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** अवैध तमंचे व एक कारतूस के साथ जैदपुर पुलिस द्वारा गुलहरिया मार्ग पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।जानकारी के मुताबिक बीती रात नूर मोहम्मद इंटर कालेज के पास से गुलहरिया की ओर आ रहे सिराज पुत्र गुलाम हुसैन मोहल्ला ताड़ तले कस्बा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को एक अवैध? तमंचे व कारतूस के साथ कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सहित पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कस्बे की पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफतार कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गयी।बताते चले कि बाईपास तिराहे के पास कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय,सिपाही रितुराज,अरविन्द आदि पुलिस के जवान गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर बृजेश पुत्र कैलाश निवासी पूरब तरफ थाना जैदपुर को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।जिसके पास दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कार्यवाही की गयी

### कोटे की दुकान पर घंटों लाइन में लगे कार्डधारक

**जैदपुर, बाराबंकी।** रमजान के माह मे रोजा रखकर राशन लेने गये तमाम राशनकार्ड धारक घंटों तक लाइन लगाकर वापस हो गया।नेटवर्क व मशीन से हो रही समस्याओ के चलते तमाम कार्डधारको मे आक्रोश बन रहा है।बताते चले कि लतातार तीन दिनों से हो रही नेटवर्क समस्या व मशीन मे फिंगर न लगने के कारण रोजादारों को रोज लाइन लगाकर वापस होना पड़ता है।जिससे कार्ड धारको मे आक्रोश बना हुआ है।इस सम्बंध मे कोटेदार सुधीर कुमार जायसवाल ने बताया कि यह असुविधा नेटवर्क के चलते हर जगह हो रही है।सुबह से शाम तक चंद लोगों के फिंगर लग पाते है।बाकी लोगो को इस दिक्कत के कारण वापस होना पड़ता है।

### लटक रहे हाई टेंशन लाइन से भैंस की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** हाई टेंशन के लटक रहे विद्युत तारों की जद में आने से भैंस की मौत हो गई। पीड़ित की शिकायत पर हल्का लेखपाल व पशु चिकित्सा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम किया है। थाना सफदरगंज क्षेत्र के डूडी गांव के रहने वाले रमेश वर्मा सोमवार को अपनी भैंस को चरा रहे थे। वहीं पास में विद्युत उपकेंद्र सिरौली गौसपुर से जाने वाली हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार लटक रहे थे। तारों की जद में आने से भैंस को करंट लग गया। चरवाहे जब तक कुछ समझ पाए भैंस की मौत हो गई । परिवारी जनों ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल रत्नेश शुक्ला ने मौके का मुआयना करके विद्युत विभाग को रिपोर्ट सौंपी है। वहीं पीड़ित की शिकायत पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने गांव पहुंचकर पोस्टमार्टम किया है। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि करीब 60 हजार रुपए कीमत की भैंस की मौत विद्युत करंट लगने से हुई है।

## स्वीप के तहत मतदाताओं को किया जागरूक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत ब्लाक परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। ब्लाक के अलावा तहसील परिसर में एसडीएम आंनद तिवारी के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ अमित त्रिपाठी ने क्षेत्र के लोगो से मतदान करने के लिए आह्वान के साथ सभी लोगों से अपील की है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगो से मतदान करने के लिये अपील किया। इस अवसर एडीओ आनंद कुमार सिंह,अभिषेक कुमार, आशीष वर्मा, अंजलि यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीएसए ने विजेताओं को किया पुरस्कृत, की हौसला अफजाई

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गोकुल विकास क्षेत्र लखीमपुर में स्वयं पहुंचकर राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र अंसपाल, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विजेता सौरभ एवं समस्त स्टाफ को किया सम्मानित किया गया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गोकुल के अंशपाल पुत्र धर्म सिंह कक्षा 7 ने प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गोला फेंक में गोल्ड मेडल हासिल किया है जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। साथ ही जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार प्रतियोगिता में सौरभ पुत्र प्रमोद कुमार कक्षा 8 ने उत्कृष्ट बच्चों में चतुर्थ स्थान हासिल किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गोकुल में स्वयं पहुंचकर प्रधानाध्यापक उमा शंकर त्रिवेदी, सहायक अध्यापक अंजलिना , खेल अनुदेशक राकेश कुमार सिंह और मंडल स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली बालिकाओं की वॉलीबॉल टीम को व्यक्तिगत रूप से प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। टीम के कोच खेल अनुदेशक राकेश कुमार सिंह को भी व्यक्तिगत रूप से सहयोग राशि देकर समानित किया।

# नितिन श्रीवास्तव बने उपजा के अध्यक्ष, रत्नेश महामंत्री

**पत्रकार हितों के लिए एकजुट हुए पत्रकार**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला संयोजक वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नगर पालिका मार्केट प्रांगण में संपन्न हुई।

बैठक में संगठन के विस्तार एवं जिला इकाई के गठन पर विचार विमर्श हुआ। सभी की सहमति से जिला संयोजक दिलीप श्रीवास्तव ने नितिन श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश कश्यप, महामंत्री पद पर रत्नेश कुमार को महामंत्री मनोनीत किया। इसी क्रम में मीडिया प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, मंत्री शशांक राठौर, कोषाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य तथा संगठन मंत्री आसिफ हुसैन को बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी में दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार सोनी, श्रवण चौहान ,सुरेंद्र कुमार, अजमी रिजवी, सत्येंद्र वर्मा, बृजेंद्र सिंह, बलराम सिंह , मनमोहन कश्यप, आशीष मौर्य, नितिन मौर्य को शामिल किया गया है।इस मौके पर जिला संयोजक ने कहा कि यह पत्रकार संगठन पत्रकार हितों के लिए कार्य करेगा, साथ ही पत्रकारों में रचनात्मक दिशा और उनके प्रशिक्षण का कार्य करेगा। श्रीवास्तव ने कहा कि यह संगठन पत्रकारों की पहचान बनेगा। अध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।



# आरोपी के न मिलने से घर को किया कुर्क

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ठगी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर कोतवाली सदर की एलआरपी पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। सदर कोतवाली क्षेत्र की एलआरपी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक पशुपति नाथ तिवारी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी मोहित श्रीवास्तव के घर पर कोर्ट के आदेश से कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई इसमें घर पर मिला सामान कुर्क किया गया।

चौकी इंचार्ज पशुपति नाथ तिवारी ने बताया कि आरोपित के न्यायालय में हाजिर होने पर कुर्क किया गया सामान वापस मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि शातिर ठग मोहित श्रीवास्तव के खिलाफ गोला कोतवाली पर 2017 में धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय में हाजिर न होने पर फरार आरोपित के खिलाफ न्यायालय ने धारा-83 सीआरपीसी के अन्तर्गत गैर जमानतीय व कुर्की वारण्ट जारी किया था जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश पर नवागत एलआरपी चौकी प्रभारी ने ठगी के आरोपी के घर में दबिश दी उसके घर पर मौजूद न मिलने पर आरोपी के परिजनों को न्यायालय के कुर्की के आदेश को दिखाकर मौके पर उसकी सम्पत्ति को कुर्क कर लिया। जानकारी मुताबिक न्यायालय के आदेश पर करीब डेढ़ माह पहले ठगी के आरोपित के घर 82 के तहत कुर्की की नोटिस भी चस्पा भी किया था। सोमवार को न्यायालय के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली के नेतृत्व में एल आर पी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक पशुपति नाथ तिवारी, हेड कांस्टेबल शीतला प्रसाद समेत भारी पुलिस बल आरोपित के घर पहुंचा। जहां आरोपी मोहित श्रीवास्तव के घर के सामान को जब्त किया गया। एल आर पी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक पशुपति नाथ तिवारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई है।



## जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पलिया कलां खीरी।** जिला लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया के ग्राम श्रीनगर में जमीनी मामले को लेकर हुई जमकर मारपीट में पुलिस ने चार लोगों पर नामदज मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष ने पलिया कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि सीताराम पुत्र श्री कृष्णा, शंभू पुत्र हीरालाल, सुरेंद्र पुत्र सीताराम, रविंद्र पुत्र सीताराम ने प्रार्थी के रिश्तेदार गौरव पुत्र अरविंद निवासी संपूर्णा नगर जोकि मछली लेने आया था और प्रार्थी अपने खेत की जुताई कर रहा था,विपक्षी का विवादित गाटा का रकबा है जिसको उसने छोड़ दिया था जिसका मुकदमा भी उप जिलाधिकारी पलिया के वहां विचाराधीन है।



## आग लगने से छह घरों कों हुआ नुकसान

**खैरटिया।** थाना सिंगाही क्षेत्र के लालापुर गावँ में दिन में करीब चार बजे अचानक लगी आग से लगभग आधा दर्जन लोगों के छप्पर जल गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू।

लालापुर गावँ में नेतराम वर्मा के घर के पीछे चार बजे अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने प्रेमपति, कुँवरचंद, जगतराम, राजेश कुमार, राधेश्याम, छत्रपाल वीर बहादुर,छोटे लाल के जानवरों की घारिया जलने लगी कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसी तरह ग्रामीणों ने जानवरो की रस्सियां काटकर बचाया। आग बुझाने के दौरान वीरबहादुर की माताजी लज्जावती बुरी तरह झुलस गई। घारियो में लगा भूसा, पुआल, इंजन, डनलप सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुची फायर ब्रिगेड व सिंगाही पुलिस एव ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर पाया काबू पाया गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूल से घर जा रहे दो बच्चों को रौंदा

**बेहजम-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेहजम ओयल मार्ग पर नीमगांव थाना क्षेत्र के बढ़रिया गांव के नजदीक पुल के पहले तेज रफ्तार गन्ना भरी टैक्टर ट्राली ने स्कूल से घर जा रहे दो बच्चों को रौंद दिया।

बताते हैं कि बेहजम पुलिस चौकी क्षेत्र के बढ़रिया गांव निवासी जोगिंदर सिंह का 15 वर्षीय पुत्र सौरभ सिंह कक्षा नौ का छात्र अपने साथियों के साथ भूलनपुर के अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर वापस अपने घर जा रहा था तभी बढ़रिया गांव के पुल से पहले पेड़ की छांव में साईकिल खड़ी कर सड़क किनारे खड़े थे उसी समय तेज़ रफ़्तार गन्ना से भरे टैक्टर ट्राली अनियंत्रित हो कर बच्चों को रौंदते खाईं में पलट गया। लोग बताते हैं कि टैक्टर चालक सड़क पार कर रही एक लड़की को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और दर्दनाक हादसा घटित हो गया। घटना की सूचना पर बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता मय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों सौरभ पुत्र जोगिंदर सिंह और मुदित पुत्र रविन्द्र पाल निवासी सरहैया थाना खीरी को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल मोतीपुर भेजवाया रास्ते में ही सौरभ पुत्र जोगिंदर सिंह की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे की सूचना पर मृतक बच्चे के घर में कोहराम मच गया। नीमगांव पुलिस ने घटना में लिप्त टैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया वहीं टैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। उक्त टैक्टर ट्राली गांव टेड़वा थाना मितौली की बताई जाती है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**बिजुआ खीरी।** लखीमपुर भीरा राज्यमार्ग पर अज्ञात वाहन ने सोमवार की देर शाम बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया। मनमीत नगर महाविद्यालय के पास हादसा हुआ है, बताते है भीरा निवासी आरिफ अपने मित्र के साथ बाइक से बिजुआ की तरफ जा रहे थे इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने भीरा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी बिजुआ भेजा, जहां डॉक्टर ने आरिफ को मृत घोषित कर दिया।

# दैनिक खर्च का व्यय लेखा में अंकित करें राजनैतिक दल: डीएम

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, राजनैतिक दलों को व्यय के अनुवीक्षण से सम्बन्धित सभी प्राविधानों से अवगत कराने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजनीतिक दलों के संग बैठक की। इसमें आयोग की ओर से व्यय मद की दरों के बारे में दिए गए निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही लेखा व्यय सही न होने पर आयोग की ओर से कार्रवाई के दिए गए निर्देशों के बारे में भी बताया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि व्यय लेखा राजनैतिक दलों के चुनाव खर्च की पारदर्शिता को दर्शाता है। सभी राजनैतिक दल दैनिक खर्च होने वाली रकम का मदवार व्यय लेखा में अंकन करें। इससे जांच के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आयोग की जवाबदेही से भी बचें। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, सी - विजिल,वोटर हेल्पलाइन एप्प, सुविधा ऐप सहित अन्य लिंक सहित राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा, व्यय लेखों के संरक्षण के संबंध में आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को प्रचार वाहनों, चुनाव कार्यालय, सभा आदि के लिए अनुमति लेना जरूरी है। वाहनों के कागज वैध होने चाहिए। नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक होने वाले कार्यों का लेखा-जोखा भी देंगे। समय-समय पर उसका सक्षम अधिकारी की ओर से मिलान किया जाएगा। प्रचार-प्रसार सामग्री प्रयोग की का लेखा-जोखा विधिवत निर्धारित पंजिका में अंकित करेंगे। निर्वाचन से संबंधित शिकायत करने तथा नियत समय के तहत निस्तारण के लिए सी-विजिल एप का प्रयोग भी किया जा सकता है। प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण/ वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने आचार संहिता, नामांकन प्रक्रिया व व्यय लेखा के बारेमें राजनैतिक दलों को विस्तार से जानकारी दी।



# बीएचयू और रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के बीच एमओयू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) और एओगंडॉक कल्चर एवं टूरिज्म फाउंडेशन (वाईडीसीटी), रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के बीच मंगलवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय समिति कक्ष संख्या-02 में बीएचयू कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह और कार्यपालक निदेशक, एओगंडॉक कल्चर ली थाइ हो की मौजूदगी में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। बीएचयू आयुर्वेद संकाय के प्रमुख प्रो. प्रदीप कुमार गोस्वामी के अनुसार एमओयू निश्चित रूप से भारत एवं रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के सम्बन्धों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य रक्षण, वेलनेस इन्डस्ट्री एवं सांस्कृतिक सहयोग में बढ़ावा देगा। भारत एवं रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने में संयुक्त उद्यम, शिक्षा और ज्ञान के आदान-प्रदान और गुणवत्तापूर्ण आदान-प्रदान के समग्र उत्थान के लिए, एमओयू निकट भविष्य में लैण्डमार्क सिद्ध होगा।

# भाजपा ने यूपी की 25 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर किया मंथन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों जीत निश्चित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। बीजेपी यूपी में अब तक 51 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर चुकी है। बाकी बची कई सीटों पर प्रत्याशियों के बदलने की संभावना है। यूपी की 25 लोकसभा सीटों और 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा आज हो जाएगी। इस बीच मेरठ से चर्चित टीवी सीरियल रामायण के राम अरुण गोविल का नाम तेजी से उभरकर सामने आया है। उन्हें मेरठ से उतारे जाने की चर्चा चल रही है। अरुण गोविल को पश्चिम उत्तर प्रदेश की किसी सीट से टिकट मिलने के कयास हैं। चर्चा मेरठ से उम्मीदवारी की ज्यादा है। जबकि आजमगढ़ की लालगंज लोकसभा सीट से सांसद रहीं संगीता आजाद भाजपा की अगली सूची में जगह पा सकती हैं। यूपी के एक कद्दावर मंत्री भी टिकट लेकर चुनाव लड़ सकते हैं। फिलहाल अगले कुछ घंटे की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पार्लियामेंट्री बोर्ड ने भाजपा की अगली सूची पर मोहर लगा दी है। बस अब इसके जारी होने का इंतजार बाकी रह गया है। माना जा है कि प्रयागराज समेत कई सीटों पर बदलाव तय है। इसके साथ ही पीलीभीत और सुल्तानपुर सीट को लेकर बना सस्पेंस भी खत्म हो जाएगा। कई बड़े नाम प्रत्याशियों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इसी तरह से केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह को भी गाजियाबाद की जगह किसी और सीट से उतरा जा सकता है। कानपुर लोकसभा सीट पर सत्यदेव पचौरी और सतीश महाना के बीच टिकट की जंग है। ऐसे में सत्यदेव पचौरी की उम्र का हवाला देकर उनका टिकट कटने की बात की जा रही थी। अलीगढ़ से सांसद सतीश गौतम के पक्ष में माहौल नहीं बताया जा रहा है। यहां भी टिकट में बड़ा बदलाव हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा की यूपी में बची 23 सीटों पर चर्चा चल रही है। कैसरगंज लोकसभा सीट पर बृजभूषण सिंह की पत्नी केतकी देवी सिंह या बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतरने की तैयारी है। गाजियाबाद सीट पर वीके सिंह के साथ अन्य नामों की चर्चा है। साथ ही अनिल अग्रवाल या अनिल जैन के नाम पर भी चर्चा है। बात करें प्रयागराज सीट तो पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा के साथ-साथ नंदी की पत्नी के नाम पर चर्चा है। गाजीपुर से मनोज सिन्हा के बेटे के नाम पर चर्चा है। वहीं, रायबरेली से मनोज पांडेय या दिनेश सिंह के नाम पर चर्चा जोरों पर है। देवरिया से रमापति राम त्रिपाठी को दोबारा मौका देने की चर्चा है। वहीं, बलिया से नीरज शेखर, आनंद स्वरूप शुक्ला के नाम पर विचार किया जा रहा है। कानपुर से सतीश महाना के नाम पर चर्चा है। मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी ने बेटी को भी टिकट मिलने की चर्चा है। मैनपुरी सीट पर मंत्री जयवीर सिंह को लड़ाने का विचार है, वहीं, सहारनपुर पर सुरेश राणा, राघव लखनपाल के नाम पर चर्चा है। बात करें बाराबंकी की तो बीजेपी इस सीट से नया चेहरा उतारने की सहमति बना रही है। उपेंद्र रावत के स्थान पर नया चेहरा उतार सकते हैं। वहीं मेनका गांधी और वरुण गांधी में से किसी एक को ही टिकट देने की चर्चा है। पीलीभीत से जितिन प्रसाद या केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा नाम पर मुहर लग सकती है। बरेली से संतोष गंगवार के स्थान पर महापौर उमेश गौतम को टिकट मिल सकता है। बरेली से हरिशंकर गंगवार के नाम पर भी विचार किया गया।

## खबरें एक नजर में

### महिला दुकानदार को जलाने का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने पहले माचिस की तीली से सिगरेट जलाई, फिर उसी से महिला दुकानदार को जलाने का प्रयास किया असफल होने पर उसने पीड़िता की पिटाई कर फरार हो गया। इस पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। पूरा मामला 18 मार्च की रात लगभग 9.40 बजे का है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता द्वारा बताया गया पहले आरोपी गोलू उर्फ रमेश ने उससे उधार की माचिस माँगी। उसके बाद गन्दी गन्दी गालियां देने लगा और माचिस से उसे को जलाने की कोशिश की और चेहरे पर तमाचा मारकर भाग गया। पीड़िता उमा यादव द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई है पुलिस का कहना है सीसीटीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। गोलू उर्फरमेश का एक वीडियो और आया सामने जिसमे गोलू पीड़िता उमा यादव को गाली देता दिखाई दे रहा है और अपने आप को ये कहता दिखाई दे रहा है कि मैं यादव हूं इसलिए गाली देता हूं डीएम को फोन कर लो इसके बाद महिला दुकानदार को तमाचा मारकर फरार हो जाता है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुवे गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा है।

### जो पेंशन की बात करेगा, कर्मचारी उसे मतदान करेगा : इप्सेफ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री,सांसदों को बराबर ज्ञापन, रैली, प्रदर्शन करके मांग करते रहे हैं कि अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया जाये क्योंकि बुढ़ापे में दो वक्त की रोटी के लिये पेंशन मिलती रही है। बच्चे बाहर नौकरी पेशा करने चले जाते हैं, फिर सेवानिवृत कर्मचारी भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, जो पेंशन बहाली की घोषणा अपने घोषणा पत्र में करेगा, उसके पक्ष में कर्मचारियों के मत पड़ेंगे। प्रेमचंद महासचिव ने बताया कि विगत 6 मार्च को देश भर के कर्मचारियों ने सत्याग्रह करके पुनः प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा परंतु कोई रुचि नहीं ली। सरकार कहती है कि देश विकसित देश बनने जा रहा है। आउटसोर्स कर्मचारी 6000 से 8000 रुपए में अपने परिवार का खर्च कैसे चलाएगा, इसपर कभी सोचा नहीं। लाखों युवा वर्ग बेरोजगारी का शिकार है। 30 लाख पद देश के विभिन्न राज्यों में रिक्त पड़े हैं उन पर आउटसोर्स कर्मचारी रखा गया है। श्री मिश्र ने जानना चाहा है कि प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद ,विधायक कई पेंशन कैसे ले रहे हैं। कहावत है कि मलिक खुशहाल रहे और परिवार भूखा रहे यह कहा का न्याय है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कर्मचारियों को भी सचेत किया है कि अपने मत का सोच समझ कर प्रयोग नहीं करेंगे तो भविष्य में उनकी एवं परिवार की दशा खराब होगी। वर्तमान चुनाव कर्मचारियों के भविष्य को बनाने और बिगाड़ने वाला होगा।

### पीजीआई में विश्व सिर चोट दिवस पर संगोष्ठी आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संजय गांधी पीजीआई के शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग द्वारा न्यूरोसर्जरी विभाग के सहयोग से एपेक्स ट्रामा सेंटर में 20 मार्च को विश्व सिर चोट दिवस के अवसर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो अरुण श्रीवास्तव, चीफएटीसी, डॉ. सिद्धार्थ राय, एसोसिएट प्रोफेसर, फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेबिलिटेशन और उनके अन्य डॉक्टरों और पैरामेडिक्स की टीम द्वारा सिर की चोट से पीड़ित मरीजों और उनकी देखभाल करने वालों के साथ चर्चा होगी। इस चर्चा का उद्देश्य सिर की चोट, उसके निदान और उपचार योजना के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिसमें ऐसे रोगियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पुनर्वास चिकित्सा का उद्देश्य रोगियों को उनकी दैनिक गतिविधियों में यथासंभव स्वतंत्र बनाना और उन्हें जल्द से जल्द समाज में फिर से एकीकृत करना है। साथ ही बीमारी, इसके प्रबंधन के बारे में मिथकों और गलतफहमियों को दूर करना और देखभाल करने वालों के तनाव और देखभाल के बोझ को कम करने का प्रयास करना भी होगा। लंबी अवधि में इससे मरीजों और उनके परिवार पर इलाज की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी।

### पार्षद दीपक संग जनता ने किया पौधरोपण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम तृतिय वॉर्ड के निवासियों को मंगलवार को नवनिर्मित पार्क के रूप में अनमोल तोहफा मिला। उद्यान विभाग की ओर से सेक्टर 2 में पार्क संख्या 2 का उद्घाटन पार्षद दीपक लोधी ने किया। पार्क का उद्घाटन कार्यस्थल पर पिंकी शुक्ला, रेनू सिंह, कांति और शांति समेत उद्यान विभाग के अरुण सिंह भी उपस्थित रहे। पार्षद नें बताया कि पार्क में हरियाली संग टहलने के लिये पाथ वे और झूले भी लगे है। जनता स्वस्थ रहे इसके लिये यह पार्क काफी उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां ओपन जिम लगवाने का प्रयास भी किया जायेगा। इसके अलावा प्रयास होगा कि क्षेत्र में जितने भी पार्क है उनमें जनसहयोग से अधिकाधिक पौधे लगाए जाए जिसे पार्क की सुन्दरता के साथ ही क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार होगा। स्थानीय लोगों नें पार्षद दीपक लोधी का धन्यवाद किया।

### मौलाना आरिफमियां नक्शबंदी की मां के निधन पर शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीर तरीकत हजरत अल्लामा सैयद शाह आरिफमियां कादरी नक्शबंदी अशरफी की माता के निधन पर राजनीतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय संगठनों ने सोशल वेल्फियर एवं कल्चर एक्टिविटीज कमिटी लखनऊ द्वारा एक शोक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, मुर्तजा अली, खालिद इस्लाम, मुहम्मद आफाक, मुहम्मद अली, मुहम्मद शादाब, मशहूर शायर अल्वी साहब आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मौलाना आरिफमियां नक्शबंदी राजनीतिक, राष्ट्रीय और सामाजिक क्षेत्र में एक मुस्लिम उम्मा के रूप में, हम एक-दूसरे को जोड़ने का अच्छा काम करते हैं, जो समृद्धि के देश में एक मौलाना के विकास के लिए एक प्रयास होना चाहिए। यही कारण है कि हम सभी मौलाना की दिवंगत मां माजदा को श्रद्धांजलि देते हैं।

# फेक और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखेगा चुनाव आयोग : रिणवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से लोकभवन के मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकारों के लिए चुनाव के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को उप्र के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नवदीप रिणवा ने संबोधित किया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि चुनाव के दौरान फेक न्यूज और पेड न्यूज पर आयोग की कड़ी नजर होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन के बाद यदि किसी प्रत्याशी की पेड न्यूज प्रकाशित होती है तो उस आने वाले खर्च को चुनावी खर्चे में जोड़ दिया जाएगा। फेक न्यूज को रोकने के लिए आयोग की सक्रीयता रहेगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक विज्ञापनों के प्रमाणन के लिए कमेटी गठित की गयी है। विज्ञापन निकलने से पहले राजनीतिक दल आयोग को उक्त सामग्री प्रदान करेंगे। कमेटी से हरी झण्डी मिलने के बाद विज्ञापन प्रकाशित हो सकेगा।

निवार्चन आयुक्त ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करते समय अपने प्रामाणिक सोशल मीडिया खातों का विवरण प्रस्तुत करना होगा। उल्लंघन के लिए सोशल मीडिया पर निरानी रखने के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय कमेटी बनाई गयी है। वह कमेटी मुख्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय को रिपोर्ट सौंपेगी। पत्रकारों के कुछ सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को फोन ले जाना प्रतिबंधित है।

पत्रकार अपना फोन मतदान केन्द्र परिसर में ले जा सकते हैं लेकिन कक्ष के अंदर फोन नहीं ले जा सकेंगे। ड्यूटी पर तैनात पत्रकारों को मतदान की व्यवस्था देने के सवाल पर कहा कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज झा, सूचना निदेशक शिशिर समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

### सरकार लगा चुकी प्रतिबंध फिर भी दिया जा रहा अनुमोदन

**लखनऊ।** केन्द्र एवं राज्य सरकार 2020 मे चाइनीस मीटरों पर प्रतिबंध लगा चुकी है। लेकिन निजी घरानों पर मेहरबानी के चलते ऐसे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को जीटीपी को अनुमोदन दिया जा रहा है जिनम प्रमुख कंपोनेंट चाइनीसें इस्तेमाल किया गया है। उपभोक्ता परिषद ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से इसे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।उत्तर प्रदेश में बडे पैमाने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस बीच उपभोक्ता परिषद जो खुलासा किया उससे पावर कार्पोरेशन प्रबंधन एक बार सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि बिजली कंपनियां किस प्रकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले निजी घरानों पर मेहरबान है। बिजली कंपनियों की तरफसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले उनकी गारंटीड टेक्निकल पर्टिकुलर यानी जीटीपी जो बिजली कंपनियों की तरफसे अनुमोदित की जा रही है।

# प्रथम चरण के 08 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 को जारी होगी अधिसूचना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिन 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। वे क्रमशः सहारनपुर-01, कैराना-02, मुजफ्फरनगर-03, बिजनौर-04, नगीना-05 अनु0जाति, मुरादाबाद-06, रामपुर-07 व पीलीभीत-26 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। ये सभी 08 निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के 03 मण्डलों-सहारनपुर, मुरादाबाद और बरेली के अन्तर्गत 09 जिले-सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत व बरेली आते हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। 06 जून से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरूष, 67.14 लाख महिला तथा 824 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में 7693 मतदान केन्द्र तथा 14842 मतदेय स्थल हैं।

# सैकड़ों महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन, माइक्रो डोनेशन का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/प्रयागराज, 19 मार्च (हि.स.)। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष ने माइक्रो डोनेशन की शुरुआत भी की और शामिल हुई मातृ शक्तियों को भाजपा में आने का स्वागत किया।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है और उन्हें हर प्लेटफार्म पर आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नए संसद का उद्घाटन नारी शक्ति वंदन अधिनियम से किया गया और देश की 33 फ़ीसदी महिलाओं को राजनैतिक अधिकार देकर उनके अधिकार और सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शक्ति शब्द को जिस प्रकार से अपमानित किया है, देश की नारी शक्ति आने वाली लोकसभा के चुनाव में उसे मुंहतोड़ जवाब देगी

**भारत की नारी शक्ति कांग्रेस को देगी मुंहतोड़ जवाब : राजेंद्र मिश्र**

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष ने माइक्रो डोनेशन के तहत 1000 रू. पार्टी को डोनेशन दिया और कहा कि यह अभियान 6 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

जिसमें 20 से लेकर 2000 रुपए तक का डोनेशन किया जाएगा। इलाहाबाद लोकसभा से 10000 एवं फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से 10000 लोगों को माइक्रो डोनेशन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि शामिल होने वाली महिलाओं में प्रमुख रूप से रेनू यादव, चंदा देवी, गुड्डी देवी, प्यारी देवी, उषा देवी, इसके अलावा बेगम बाजार गंगा पट्टी से रमाकांत यादव, वासुदेव कोरी, शीतला प्रसाद गौतम रामदुलारे एवं सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही। इस दौरान संजय गुप्ता, राजेश केसरवानी, प्रशांत शुक्ला, शिखा रस्तोगी, वंदना सिंह, सरोज गुप्ता सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रही और बधाई दी।

### राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा में शामिल होंगे

**लखनऊ।** अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय श्री शंकराचार्य एवं संतों की निकाली जा रही राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा के समापन दिवस 28 मार्च को नई दिल्ली में आश्रम चौक से संसद भवन तक की यात्रा में सम्मिलित होंगे। आज यहां उतरौला हाउस कैसरबाग स्थित महासंघ के कार्यालय प्रमुख राहुल पाण्डेय ने बताया कि इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कई राष्ट्रीय पदाधिकारी मानवेन्द्र पाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री, महताब खान चांद, मृगेन्द्र भागवत, बल्देव ठाकुर, शैलेन्द्र कुमार सिंहा, जोशुवा देवराज गौड़ा सहित महासंघ, दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चरण सिंह सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। मालूम हो कि श्री शंकराचार्य व संतों की राष्ट्रमाता संकल्प प्रतिष्ठा पदयात्रा बीते 14 मार्च को गिरिराज परिक्रमा, वृन्दावन से प्रारम्भ हुयी थी। इस पदयात्रा को लेकर अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय ने बताया कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिये निकाली जा रही इस पदयात्रा का समर्थन करते हुये पदयात्रा के आयोजकों को भी समर्थन-पत्र भी सौंपा।

# निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने भाजपा की मोदी की गारंटी को घंटी करार देते हुए कहा कि प्रदेश में नौकरी के लिए आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों को घर जाकर संकल्प लेना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ वोट करके इन गारंटी वालों की घंटी बजानी है।

अखिलेश यादव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में निर्वाचन आयोग पर मतदाता सूचियों से सपा समर्थक मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने संबंधी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इसी दौरान पूछे गये एक सवाल पर उन्होंने कहा, हमें निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं है। आप बात समझिए... भाजपा संस्थाओं को कमजोर करती है। वह संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है। संस्थाओं के माध्यम से जो अन्याय हो सकता है वह कर रही है। उन्होंने कहा, किसी भी सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि कोई संस्था कमजोर ना हो। संस्थाएं जितनी मजबूत होंगी उतना ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा लेकिन भाजपा लोकतंत्र के बहाने संस्थाओं को कमजोर कर रही है। अगर संस्थाएं कमजोर होंगी तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। मोदी की गारंटी के भाजपा के नारे के बारे में पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जिस भाजपा ने किसी भी चीज की गारंटी नहीं दी वह अब गारंटी का प्रचार कर रही है। वह गारंटी नहीं, असल में घंटी है। पहले जुमला था अब गारंटी है। ना जुमले में काम पूरे हुए ना गारंटी में काम पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार भर्तियों को निरस्त कर रही है, प्रदेश के 60 लाख नौजवानों का भविष्य अंधकार में है और अगर वे और उनके परिवार वाले भाजपा के खिलाफहो गए तो पार्टी का उत्तर प्रदेश से सफाया हो जाएगा, उत्तर प्रदेश से हटने का मतलब देश से हटना हुआ। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन 60 लाख बच्चों के परिवार के अगर दो सदस्यों को भी मतदाता के रूप में शामिल कर लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं, अगर इस संख्या को 80 से भाग दे दें तो हर लोकसभा में भाजपा के दो लाख 25 हजार वोट कम हो जाएंगे, इस योजना को आगे बढ़ाने का काम समाजवादी लोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो अभ्यर्थी नौकरी रोजगार के लिए आंदोलन कर रहे थे अब उन्हें घर जाकर संकल्प लेना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफवोट करके इन गारंटी वालों की घंटी बजानी है। चुनावी बॉण्ड को लेकर हो रहे खुलासों का जिक्र करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, श्दुनिया के इतिहास में ऐसी वसूली किसी और ने नहीं की होगी जितनी भाजपा की सरकार और उसके नेताओं ने की है। चंदे के नाम पर वसूली के लिये ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का जमकर दुरुपयोग किया गया है। ऐसी वसूली शायद दुनिया में किसी और लोकतांत्रिक देश में नहीं हुई होगी। सपा प्रमुख ने एक सवाल पर कहा कि वह चुनावी बॉण्ड को डरा-धमका कर की जाने वाली वसूली मानते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा वाले किस मुंह से इसका जवाब देंगे। ये लोग दूसरे लोगों पर ईडी सीबीआई और आयकर के छापे डलवाकर उन्हें अपमानित करते थे।

**तैयारी** — 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की आंधी में उखड़ा था विपक्ष का तंबू, झोली में आई थीं मात्र 07 सीटें

# उत्तर प्रदेश की 48 सीटों पर हैट्रिक लगाने का भाजपा का है लक्ष्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 48 पर भाजपा हैट्रिक लगाने के लिए प्रयासरत है। नौ सीटें ऐसी हैं, जहां वह तीन बार और इससे ज्यादा बार से जीतती आ रही है। विपक्ष भी पिछले चुनाव में जीती सीटों की गिनती बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की आंधी में विपक्ष का तंबू उखड़ गया था। उसकी झोली में मात्र 07 सीटें आई थीं।

वर्ष 2019 के चुनाव में विपक्ष 16 सीटें जीतने में कामयाब रहा। इस बार प्रदेश में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा-रालोद ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सपा-बसपा ने अपनी विचारधारा और रीति-नीति से हटकर मजबूरी में गठबंधन किया। हालांकि वो भाजपा के विजय रथ को पूरी तरह रोक नहीं पाया। सपा को 5, बसपा को 10 सीटें मिलीं, तो वहीं रालोद के हाथ खाली ही रह गये। कांग्रेस अकेले मैदान में उतरी थी। उसके हिस्से में एक मात्र रायबरेली सीट आई। उसके बड़े नेता राहुल गांधी अमेठी की पुश्तैनी सीट भाजपा के हाथों गंवा बैठे।

राज्य में 56 सीटें ऐसी थीं जहां भाजपा ने लगातार वर्ष 2014 एवं 2019 में जीत दर्ज की। वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, आंवला और बांसगांव सीट पर भाजपा ने लगातार तीन चुनाव (2009, 2014 और 2019) जीते हैं। यहां वो चौथी बार जीत की तैयारियों में जुटी है। पीलीभीत सीट 2004 से भाजपा के खाते में हैं। गोरखपुर लोकसभा सीट पर वर्ष 2018 के उपचुनाव को छोड़ दें तो भाजपा यहां लगातार पिछले तीन दशक से इस पर जीत दर्ज करती आ रही है। वहीं लखनऊ सीट पर भी भाजपा पिछले ढाई-तीन दशक से जीत दर्ज कर रही है।

### पिछले चुनाव में इन सीटों पर हारी भाजपा

पिछले चुनाव में भाजपा 16 सीटें गंवा दी थी। इनमें गाजीपुर, लालगंज, नगीना, रायबरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, अंबेडकरनगर, घोसी, सहारनपुर, श्रावस्ती, जौनपुर, मैनपुरी, सम्भल, आजमगढ़ और रामपुर थीं। वर्ष 2022 में रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी सीटों में इजाफा किया। वर्ष 2014 के आम चुनाव में भाजपा रायबरेली, अमेठी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, कन्नौज और आजमगढ़ सीटों पर विजय पताका नहीं फहरा पाई थी। 2024 के आम चुनाव में भाजपा के रणनीतिकारों ने पिछले चुनाव में हारी हुई सीटों को जीतने पर ध्यान केंद्रित किया है। साथ ही 48 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए भी सारे गुणा-भाग और समीकरण सेट किये हैं।

### इन सीटों पर हैट्रिक की तैयारी

बरेली, शाहजहांपुर, कैसरगंज, खीरी, भदोही, सीतापुर, मिश्रिख, हरदोई, मोहनलालगंज, उन्नाव, सुल्तानपुर, अकबरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, फतेहपुर सीकरी, बहराइच, गोंडा, बस्ती, डुमरियागंज, महाराजगंज, गौतमबुद्ध नगर, सलेमपुर, देवरिया, बलिया, मछलीशहर, चंदौली, फूलपुर, प्रयागराज, संतकबीर नगर, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर, झांसी, जालौन, धौरहरा, कानपुर, इटावा, फर्रूखाबाद, कुशीनगर, एटा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, बुलंदशहर, कौशाम्बी, बागपत, मुजफ्फरनगर और कैराना पर हैट्रिक की तैयारी पार्टी कर रही है।

### भाजपा ने किया एनडीए के कुनबे का विस्तार

भाजपा ने इस बार उत्तर प्रदेश में पश्चिम से पूर्वांचल तक एनडीए के कुनबे का विस्तार अपनी जीत को बड़ा बनाने के लिए किया है। भाजपा इस बार 74 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। छह सीटें उसने अपने सहयोगी दलों रालोद (02 सीट), निषाद पार्टी (01 सीट), सुभासपा (01 सीट) और अपना दल सोनेलाल (02 सीट) को दी हैं। असल में भाजपा इस बार कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं दिखती। वो एक-एक सीट पर चिंतन-मंथन और समीकरणों के हिसाब से उम्मीदवार उतारकर 2014 के अपने ही रिकार्ड को तोड़ना चाहती है।

# देश-विदेश में खुशबू बिखेरेगा पूर्वांचल का काला नमक चावल, निर्यात की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कुशीनगर।** वह दिन दूर नहीं, जब पूर्वांचल का काला नमक चावल देश-विदेश में अपनी खुशबू बिखेरेगा। स्वाद, सुगंध और पोषण के मामले में बेजोड़ इस चावल की खेती अब बड़े पैमाने पर शुरू होने जा रही है। सब कुछ ठीक रहा तो यहां के किसान काला नमक चावल विदेश निर्यात करने की स्थिति में होंगे।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों ने पूर्वांचल के 11 जिलों की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप दो प्रजातियां विकसित की हैं। पूसा नरेंद्र और पूसा सीडीआर केएन -2 नामक सीड कुशीनगर समेत 11 जिलों में चले लंबे समय तक चले शोध का परिणाम है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने खामियां युक्त परंपरागत काला नमक की अपेक्षा अन्य बेहतर किस्म के उत्पाद के लिए के लिए जीआई टैगिंग के माध्यम से कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, फैजाबाद, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, श्रावस्ती स्थल चयन किया गया। इन सभी जगहों अनुसंधान केंद्र स्थापित कर पांच वर्षों तक शोध किया गया। कृषि अनुसंधान परिषद ने काला नमक चावल सहित चकिया (सोनभद्र) में उत्पादित आदम चीनी चावल को भारत सरकार से निर्यात के लिए मिलने वाले एच एस कोड सर्टिफिकेट के लिए प्रत्यावेदन भेजा है। गत दिनों ने कुशीनगर में आयोजित कृषि मेले आए भारतीय कृषि अनुसंधान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.वैभव कुमार सिंह ने बातचीत में बताया कि पूसा नरेंद्र और पूसा सीडीआर केएन -2 की प्रजातियों की नर्सरी आद्रा नक्षत्र (20-25 जून) के लगभग तैयार की जाती है।

# हादसे रोकने के लिए अधिकारी रहें सतर्क : मुख्य संरक्षाधिकारी



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

रेल प्रखंड पर संरक्षित ट्रेन संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आशीष भाटिया, मुख्य सिगनल इंजीनियर जीपी एस नारायन, मुख्य इंजीनियर/पीडी संदीप कुमार एवं पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक राजीव कुमार एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया तथा मण्डल के शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में गोण्डा-बहराइच रेल खण्ड का संरक्षा आडिट विण्डों का निरीक्षण किया गया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने संरक्षा आडिट टीम के साथ जिले के पयागपुर-चिलवरिया स्टेशनों के मध्य इंटरलॉक गेट सं0 25सी का संरक्षा निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध संरक्षा उपकरणों लीवर लॉक, बूम लॉकिंग, प्राइवेट नम्बर स्थानान्तरण रजिस्टर, सेफ्टी चेन, पटाखा संकेत एवं हैण्ड टॉर्च की जाँच की तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानियाँ एवं कार्यप्रणाली पर संरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने ब्रिज स0 27, एलडब्ल्यूआर सं0 09 एवं कर्व सं0 09 का गहन निरीक्षण किया। बहराइच स्टेशन पहुंचने पर उन्होंने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, प्लेटफार्म, संरक्षा एवं सुरक्षा, फुट ओवर ब्रिज तथा स्टेशन पर उपस्थित अग्निशमन उपकरणों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी के दौरान काम आने वाले संरक्षा उपकरणों की उपलब्धता व डियूटी रोस्टर, संरक्षा परिपत्र व परिवाद रजिस्टर का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को अपने सुझाव प्रदान किया। वापसी के दौरान प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने पयागपुर रेलवे स्टेशन पहुँचने पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने पैनल रूम की परिचालनिक कार्यप्रणाली, रिले रूम, स्टेशन वर्किंग रूल, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई, पैनल इन्टरलॉकिंग आदि की संरक्षा परखी। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर, द्वितीय वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर टीआरडी, सहायक मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक्सपोजर विजिट में छात्रों को कराया आईपीएल शुगर मिल का भ्रमण

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड जरवल की बीआरसी पर सम्पन्न हुई राष्ट्रीय अविष्कार अभियान आधारित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के दल को खंड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद बहादुर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके तहत बच्चों ने जरवल रोड में स्थापित आईपीएल शुगर मिल का भ्रमण कर यहां के चीनी उत्पादन की क्रियाकलाप के बारे में प्रत्यक्ष रूप से देखकर जाना व समझा। छात्रों ने भ्रमण के दौरान जाना कि किसानों द्वारा लाये गये गन्ने को मिल में कटर से छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर पेराई से रस निकाला जाता है, इसके बाद रस को बॉयलर में भेजकर चीनी के क्रिस्टल रूप की प्रक्रिया अपनाई जाती है, इस दौरान जो वेस्ट मैटेरियल निकलता है।

# होली के अवसर पर तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

- नगर क्षेत्र को कई सेक्टरों में किया गया विभाजित, प्रत्येक सेक्टर में तैनात रहेंगे अधिकारी
- तहसील स्तरीय शान्ति समिति की बैठक कराने के निर्देश



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

आसन्न त्यौहारों होलिका दहन एवं होली पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है। बहराइच नगर क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित कर सेक्टरवार मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकास खण्ड क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इसी प्रकार से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि के लिए निकायों के अधिशाषी अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये है। त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05252-232815 है जो 23 से 25 मार्च 2024 तक क्रियाशील रहेगा। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को शहरी क्षेत्रों में, उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न करायेंगे।

## किसानों ने बैठक में उठाई समस्याएं, नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** शहर के धरना स्थल में मंगलवार को भारतीय मजदूर किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया। शहर के कलेक्ट्रेट में स्थित धरना स्थल के बाहर मंगलवार को भारतीय मजदूर किसान यूनियन की मासिक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नसीब अली रहे। बैठक में किसानों से छुट्टा मवेशियों से निजात दिलाने, सड़क निर्माण करवाने गरीबों को आवास दिलाने कई पात्र लोगों को वृद्ध और विधवा पेंशन न मिलने की शिकायत की। इसके बाद सभी ने सुनवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।

# बीआरसी पर आयोजित हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम

- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर खूब बटोरी तालियां

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाना है। बीआरसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के आयोजक बीईओ अरविंद बहादुर सिंह ने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों व बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित कर अज्ञानता का अन्धेरा मिटाने के लिए कृत संकल्पित है। इसी कड़ी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को हरसंभव सुविधाओ के साथ बेहतर पढ़ाई की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सभी का प्रयास हो कि आंगनबाड़ी से बच्चा जब बेसिक के प्राइमरी स्कूल में कक्षा एक मे पढ़ने आये तब वो कोरा कागज न हो। यानी उसे बुनियादी पूर्वज्ञान रहे। कार्यक्रम में बीआरसी कैम्पस प्राथमिक विद्यालय जरवल रोड प्रथम के प्रधानाध्यापक संतोष वर्मा के निर्देशन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर सभी ब्लॉक एआरपी, शिक्षक संगठन के अध्यक्ष व मंत्री, बीआरसी स्टाफ, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, मौजूद रहे।

# प्रति यूनिट कम खाद्यान्न देता है कोटेदार, विरोध पर कहता है अपशब्द



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

ऊंचवा पुरैनी गांव निवासी महिलाएं मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंची। सभी ने कोटेदार पर प्रति यूनिट एक किलो कम खाद्यान्न देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने कोटे की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। चित्तौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत उंचवा पुरैनी गांव की महिलाएं मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंची। सभी ने कहा कि गांव का कोटेदार जाकिर पहले ही ई पास मशीन में अंगूठा लगवा लेता है। इसके बाद प्रति यूनिट एक किलो कम खाद्यान्न देता है। जब इसका विरोध महिलाएं और ग्रामीण विरोध करते हैं तो कोटेदार अपशब्दों का प्रयोग करता है। ऐसे में ग्रामीणों को कम खाद्यान्न के साथ अपशब्दों का सहन करना पड़ता है। पूर्ति निरीक्षक शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करती हैं। इससे नाराज होकर सभी डीएम को शिकायती पत्र देने आई है। सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन दिया। इस मामले में डीएसओ नरेंद्र तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कार्यालय भेज दें। जांच करवा रहे हैं। इस दौरान सुनीता देवी, जीरा देवी, प्रियंका, नीलम, इंदल, सोनवा जोगेंद्र चौहान, संतोष कुमार, विजय, सोनवर्षा देवी, राकेश चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।



## सफाई कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** जनपद के भगड़िया चौराहे पर किराए पर दुकान संचालन के लिए एक युवक सोमवार शाम को सफाई कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरहा निवासी दिलीप कुमार (28) पुत्र गुड्डू बेरोजगार था। ऐसे में उसने तीन लोगों के साझे में क्षेत्र के भगड़िया चौराहे पर एक किराए का दुकान लिया। जिसमें सभी वेज बिरियानी की दुकान का संचालन का करना चाहते थे। इसके लिए दिलीप सोमवार शाम को दुकान की सफाई कर रहा था।सफाई के दौरान हरा बांस एचटी लाइन की चपेट में आ गया। मौके पर ही करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 50 हजार से ज्यादा नगदी लेकर चलने पर दिखाने होंगे साक्ष्य: उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा चंद्रशेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू करने के निर्देश दिए गए हैं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी अवधि तक कोई भी नागरिक 50 हजार रूपये से ज्यादा नगद लेकर यात्रा नहीं कर सकेगें।

नकद धनराशि वरामद होने पर व्यक्ति को उसके सम्बन्ध में साक्ष्य प्रस्तुत करने होगें। कोई भी सरकारी कर्मचारी राजनैतिक गतिविधि में शामिल नही हो सकता है अगर ऐसा होता है तो इस आदर्श आचार सहिता का उल्लंघन माना जायेगा और कड़ी कार्यवाही की जायेगी। मन्त्रियों द्वारा आफिशियल वाहनों का राजनैतिक कार्यों के लिये नहीं किया जायेगा। वाहनों व बेठको में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक ही दी जायेगी इसके बाद आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। किसी भी वाहन पर किसी भी पार्टी का झण्डा नहीं लगाया जा सकेगा। सरकारी कार्यालय के परिसर में किसी भी प्रकार का राजनैतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जायेगी।

सरकारी गेस्ट हाउस में किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधि नही की जायेगी। किसी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। वहीं किसी भी जुलुस व रेली के लिये जगह, समय व रूट चार्ट का निर्धारण पहले से करके आरओ से अनुमति लेना अनिवार्य है, बिना किसी पूर्व सूचना के किसी जुलुस रेलों की अनुमति नहीं दी जायेगी।

# भारत-नेपाल सीमा पर बना अंतरिम चेक पोस्ट



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी या उसके समर्थक द्वारा नेपाल से भारत या भारत से नेपाल में शराब की तस्करी न हो, इसके लिए भारत नेपाल सीमा पर अंतरिम चेक पोस्ट की स्थापना आबकारी विभाग की ओर से की गई है। यहां पर अधिकारी भी तैनात कर दिए गए हैं। लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की ओर से नेपाल से भारी मात्रा में शराब की तस्करी देश में की जाती है। इससे चुनाव प्रभावित होने की आशंका रहती है। साथ ही चुनाव आचार संहिता पर दूसरे लोग सवाल उठाते हैं। इसको देखते हुए शासन के आयुक्त मिनिस्ती एस ने भारत नेपाल सीमा पर अंतरिम आबकारी चेक पोस्ट स्थापना के निर्देश दिए थे। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर भारत नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में अंतिम आबकारी चेक पोस्ट की स्थापना कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होते ही इसका संचालन शुरू कर दिया गया है। जिला आबकारी ने बताया कि इस चेक पोस्ट के द्वारा भारत से नेपाल और नेपाल से आने जाने वाले लोगों पर नजर रहेगी। साथ ही जिनके पास निर्मित या अवैध शराब पाया जाएगा, उसके कागजात की जांच की जाएगी। बिना कागजात के शराब लाने और ले जाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता तक अंतरिम चेक पोस्ट का संचालन किया जायेगा। मालूम हो कि प्रदेश में कुल 38 और जिले में एक अंतरिम चेक पोस्ट की स्थापना हुई है।

**यह हुए तैनात**

**जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि अंतरिम आबकारी चेक पोस्ट पर एक सहायक आयुक्त तीन आबकारी इंस्पेक्टर, तीन सिपाही, दो दीवानों की तैनाती हुई है। उन्होंने बताया कि आठ आठ घंटे के अंतराल पर सभी ड्यूटी करेंगे।**

# दादा-दादी की पिटाई से परेशान बालिका ट्रेन से पहुंची बहराइच

- बाल कल्याण समिति ने बालिका को उसके नाना-नानी को किया सुपुर्द



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

गोंडा जिले के कुकुर भुकवा गांव निवासी एक बालिका को उसकी मां की गैर मौजूदगी में उसके दादा और दादी ने जमकर पीटा। इससे डरी सहमी बालिका ट्रेन से बहराइच आ गई। नौ वर्षीय बालिका को जीआरपी पुलिस ने कब्जे में लेते हुए वन स्टॉप सेंटर के सुपुर्द कर दिया है। गोंडा जिले के कुकुर भुकवा गांव निवासी सद्दीक का विवाह जिले के राम गांव थाना क्षेत्र के नौतला गांव निवासी महिला से हुआ है। इस समय महिला विवाद के चलते अपने मायके में रह रही है। जबकि महिला की नव वर्ष की बेटी अपने पिता और दादी दादा के साथ गोंडा में रहती है। रविवार शाम को बालिका को किसी काम को लेकर उसके दादा और दादी ने जमकर पिटाई की इससे बालिका रोने लगी चोरी छुपे हुआ गोंडा से बहराइच आने वाली डेमू ट्रेन में बैठ गई। ट्रेन के बहराइच रेलवे स्टेशन रुकने के बाद भी बालिका डिब्बे में बैठी रही इस पर जीआरपी पुलिस ने बालिका से पूछताछ की तो वह रोने लगी। साथ ही उसने दादा और दादी द्वारा मारने की बात कही।

इस पर पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार के सुपुर्द बालिका को कर दिया। वन स्टॉप केंद्र की प्रबंधक ने बताया कि बालिका से उसके घर के बारे में जानकारी ले गई तो उसने बताया कि वह दादा-दादी के यहां नहीं जाएगी, उसकी पिटाई होती है बालिका ने अपने नाना नौतला गांव निवासी भगवान के यहां जाने की बात कही।

रचना कटिहार ने राम गांव थाने की पुलिस से संपर्क किया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बालिका के नाना की खोजबीन की। बालिका के पिता और नाना वन स्टाफ सेंटर पहुंचे पिता ने काफी मिन्नत कर घर ले जाने की बात की, लेकिन बालिका ने जाने से इनकार कर दिया। इस पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने मामले की सुनवाई करते हुए 9 वर्ष की बालिका को उसके नाना नानी के सुपुर्द कर दिया।

# नमाज पढ़ कर लौटते समय दो पक्षों में चली लाठियां

- दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी
- मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले में कोडिया पुलिस से नहीं संभाली जा रही है थाना क्षेत्र, आपको बता दें कि कोडिया थाना क्षेत्र में नमाज पढ़कर लौट रहे एक पक्ष के लोगों द्वारा दूसरे पक्ष वालों के साथ जमकर मारपीट किए जाने का मामला वीडियो में सामने आया है।

मारपीट किए जाने की जानकारी मिलते ही एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों के घर पर शिकायत करने गए तो वहां दूसरे पक्ष के लोगों ने अपने मोहल्ले वालों के साथ मिलकर ईंट पत्थर फेकते हुए जमकर मारपीट की, इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वीडियो सोमवार देर शाम का बताया जा रहा है, दोनों पक्षों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कुल आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में इलाज कराया गया है।

दरअसल कौड़िया बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सेहरिया कला गांव के रहने वाले जाकिर खान के पुत्र गोली और सोनू गांव में ही स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे, वह नमाज पढ़कर देर शाम वापस आ रहे थे, वापस आते समय शहजाद हुसैन, साकिर, ताहिर और कलीम ने एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर के गोली और सोनू के साथ मारपीट की।

मारपीट किए जाने की सूचना गोली और सोनू ने अपने पिता जाकिर को दी तो जाकिर अपने पुत्रों के साथ विपक्षी शहजाद हुसैन के घर शिकायत करने गए। जहां पर एक बार फिर से दोनों लोगों में जमकर मारपीट हुई, जाकिर की तहरीर पर शहजाद, साकिर, और दूसरी तरफ कलीम व शहजाद हुसैन, जाकिर, रानू और सोनू के खिलाफ मारपीट गाली गलौज समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके घायलों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह में इलाज कराया गया है। कौड़िया बाजार थाना अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि शहजाद हुसैन और जाकिर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# खनन निरीक्षक को धमकाकर छुड़वाया डंपर, मुकदमा दर्ज

- सरकारी धन की क्षतिपूर्ति के लिए कार्रवाई शुरू

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कर्नलगंज के गज्जूपुरवा में बिना अनुमति के मिट्टी का खनन करने व खान निरीक्षक को धमकाकर पकड़ी गई जेसीबी व डंपर को छुड़ाने के मामले में एक नामजद व आठ अज्ञात लोगों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं संबंधित के खिलाफ सरकारी धन की क्षतिपूर्ति के लिए भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

खान निरीक्षक विवेक कुमार ने बताया कि 19/20 फरवरी की रात कर्नलगंज क्षेत्र के गज्जूपुरवा में अवैध खनन की सूचना मिली थी। छापेमारी के दौरान एक जेसीबी व दो




डंपर से अवैध मिट्टी का खनन करते हुए पाया गया। पकड़े गए तीन वाहनों को थाने ले जाते समय कर्नलगंज निवासी राकेश सिंह व छह से आठ अज्ञात व्यक्तियों ने एक डंपर को खान निरीक्षक की गाड़ी के आगे खड़ा कर दिया,जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। उक्त व्यक्तियों ने खान निरीक्षक व होमगार्ड के साथ अभद्रता की और पकड़े गए वाहनों को छुड़ा ले गए। खनन माफिया ने दोबारा वाहन पकड़ने पर खान निरीक्षक को जानमाल की धमकी दी। खान निरीक्षक ने घटना की जानकारी दूरभाष पर अपर जिलाधिकारी को दी,जिस पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए गए थे। खान अधिकारी डा0 अभय रंजन ने बताया कि खान निरीक्षक विवेक कुमार ने कर्नलगंज कोतवाली में राकेश सिंह व छह से आठ अज्ञात के व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

**पुलिस की सक्रियता बढ़े तो अवैध खनन पर लगे रोक:** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए जिला प्रशासन ने राजस्व के साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी है लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। खान निरीक्षक के साथ कई बार अभद्रता की घटनाएं हो चुकी हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने यातायात प्रबंधन को लेकर एआरटीओ को निर्देश दिए की पहले से ही सभी वाहनों की व्यवस्था कर ली जाए ताकि पोलिंग पार्टियों को रवाना करने में कोई परेशानी ना आए। साथ ही कहा कि विपरीत परिस्थितियों में वाहन के माध्यम से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने हेतु पर्याप्त निर्देश दे दिए जाए। इसके अलावा उन्होंने मीडिया को लेकर निर्देश दिए कि एमसीएमसी कमेटी द्वारा प्रतिदिन मीडिया में छपने वाली खबरों एवं विज्ञापनों का अनुश्रवण किया जाए। प्रसारित होने वाली पेड न्यूज़ पर भी निगरानी रखी जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाए। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी कंटेंट के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए इसके अलावा उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह सभी बूथों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं को उपलब्ध करायें। जिन बूथों पर साइनेज ना बने हो वहां पर साइनेज बनवाया जाए। इसके अलावा उन्होंने स्पेशल बूथ बनाने, फार्म के डिस्पोजल, स्वीप कार्यक्रम आदि को लेकर अधिकारियों का निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग, दुग्ध विभाग, युवा कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों को अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## हैंडबिल पंपलेट आदि पर हो नाम संख्या व पता की जानकारी

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद के सभी प्रिंटिंग प्रेस अपने यहां छपने वाले राजनीतिक हैंडबिल पम्पलेट आदि की सूचना जिला प्रशासन को जरूर उपलब्ध करायें। राजनीतिक हैंड बिल और पम्पलेट आदि पर उनकी संख्या, नाम और पता आदि जरूर होना चाहिए। यदि किसी प्रेस द्वारा इसमें लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एमसीएमसी कमेटी को इस पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

**कार्रवाई**

**पीएम घोटाले जीएसटी चोरी सहित अन्य कई मामलों को लेकर के शिकायत की थी**

# नगर पालिका अध्यक्ष की बढ़ सकती है मुश्किलें ,कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले में नगर पालिका परिषद गोंडा अध्यक्ष उजमा राशिद की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब शासन ने बड़े पैमाने पर हुए पीएफ घोटाले जीएसटी चोरी सहित शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर जिला अधिकारी व अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद को पत्र भेज कर पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट करने के बाद सपा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ पीएफ घोटाले और जीएसटी चोरी सहित अन्य मामले में भी शासन स्तर से बड़ी कार्यवाही की



जाएगी। बीते शनिवार को सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर क सपा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सपा नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद ने सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर शत्रु संपत्ति में अपना नाम दर्ज कर लिया था और किराएदार बनकर के शत्रु संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करके रह रही थी।दरअसल, गोंडा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी ने बीते फरवरी के महीने में सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए पीएम घोटाले जीएसटी चोरी सहित अन्य कई मामलों को लेकर के शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन गृह सचिव संजय प्रसाद को पूरे मामले में कमेटी से जांच कराकर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया था। अब शासन क उपसचिव सजीवन द्वारा पूरे मामले में जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।उपसचिव सजीवन ने कल गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा और अधिशासी अभियंता नगर पालिका परिषद गोंडा संजय मिश्रा को पत्र भेज करके पीएम घोटाले,जीएसटी चोरी, शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर के जो जांच गोंडा टीम द्वारा कराई गई थी पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी गई है। दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद द्वारा बड़े पैमाने पर पीएफ घोटाला किया गया था और कोई कार्यवाही ना हो इसको लेकर के नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद ने रामपुर की फर्जी बैलेंस शीट लगा दी थी। और 2017 में जब सरकार ने जीएसटी लागू की उसके बाद 2019 तक गोंडा नगर पालिका परिषद में किसी भी प्रकार की जीएसटी की कटौती भी नहीं की गई थी जिससे एक करोड़ रुपए राजस्व की हानि हुई है।

**अनियमितता का मामला आया था सामने**

**डीएम नेहा शर्मा ने भी पीएफ घोटाले,जीएसटी चोरी,शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर के तत्कालीन प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के निर्देश पर तीन सदस्य कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच कराई थी।जांच में भी अनिमयमिता निकलकर सामने आए थे।जिसको लेकर के शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया अपराध संख्या 153 /2024 धारा 419 ,420 ,467 ,468, 471 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है दबिश दी गई है किंतु मुलजिम फरार है।**

# डांट से नाराज होकर युवक ने खाया ज़हरीला पदार्थ

- हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल किया गया रेफर
- मोबाइल चलाने को लेकर हुई थी नोक झोक



**सरेनी, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

मोबाइल फोन आजकल एक लत बन चुका है। जिसमें बड़ों के साथ साथ बच्चे भी इसके शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि मोबाइल अगर बच्चों को न मिले तो वह खतरनाक कदम भी उठा ले रहे है। ऐसा ही एक मामला रायबरेली में आया है। यहां परिजनों द्वारा एक बच्चे को मोबाइल चलाने से मना करने पर बच्चे द्वारा जहरीला पदार्थ खा लिया। बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल एडमिट किया गया। हालत में सुधार न होता देख जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मामला सरेनी कोतवाली क्षेत्र के पर्वत खेड़ा गांव का है। उपचाराधीन बच्चे के परिजन मनोज ने जानकारी देते हुए बताया कि शेष को मोबाइल की लत थी। जब उसे मोबाइल इस्तेमाल करने से रोका गया तो उसने नाराज होकर कीड़े मारने की दवा का सेवन कर लिया। जब इस बात का पता परिजनों को चला तो कोहराम मच गया। तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर अनुराग शुक्ला ने बताया कि लालगंज से एक बच्चा एडमिट किया गया है जिसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। हालत सिरियस है। खबर है कि डॉक्टरों ने बच्चे की सेहत में सुधार न देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर के लिये रेफर कर दिया है।

## युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गाँव में युवती ने सोमवार देरशाम संदिग्ध कारणों के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने तथा गांव के अन्य आधा दर्जन युवकों द्वारा दुष्प्रेरण व मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने सभी आरोपियो को हिरासत में लेकर जेल भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गाँव रूपपुर चंदेला निवासी एक पिता ने थाना पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा है कि गत सोमवार को उसकी पुत्री के साथ टिकऊ पुरवा निवासी एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि इसी दौरान गाँव के ही आधा दर्जन लोगों ने वीडियो बनाते हुए दोनो के साथ मारपीट की। दुष्कर्म एवं मारपीट से क्षुब्ध होकर पुत्री ने देरशाम घर के अन्दर दुपट्टे के सहारे फांसी से लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की सूचना पर गांव पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



- भाई के साथ बाइक से ड्यूटी से घर वापस लौट रही थी बहन

सड़क दुर्घटनाओं को लेकर रोजाना हो रही मौत को लेकर फिर एक बार रोड एक्सीडेंट में भाई बहन की दर्दनाक मौत हो गई मौत की खबर जैसे ही घर वालों को लगा तो घर में कोहराम मच गया सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाली अशोक कुमारी 34 वर्ष पुत्री श्याम लाल गोरा बाजार बस्ते पुर व भाई विमल पाल 32 वर्ष पुत्र श्याम लाल बस्ते पुर के रहने वाले है अपनी मोटरसाइकिल पल्सर से जा रहा था।

तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे मौके पर ही भाई बहन की मौत हो गई मामला भदोखर थाना क्षेत्र के हेमकुंड पब्लिक स्कूल के पास का है जहाँ अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर एम्स रायबरेली में महिला सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी पर थी तैनात भाई के द्वारा ड्यूटी से वापस लेने गया था तभी भदोखर थाना क्षेत्र के हेमकुंड पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने मारी स्कूटी में जोरदार टक्कर भाई बहन की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस वही भदोखर थाना अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के लिए उनको भेज दिया गया है। वही लोगो ने बताया की यह जो दो लोगों की मौत हुई है वह एम्स से अपने घर जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया है।

## पांचवें चरण में होगा मतदान, तिथियां निर्धारित

**रायबरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराने हेतु 36-रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन कार्यक्रम नियत किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में पांचवें चरण में चुनाव होगा, निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल 2024 (शुक्रवार), नाम निर्देशन अन्तिम तिथि 03 मई 2024 (शुक्रवार), नाम निर्देशनों की जांच 04 मई 2024 (शनिवार), नाम वापसी 06 मई 2024 (सोमवार), मतदान तिथि 20 मई 2024 (सोमवार) एवं मतगणना तिथि 04 जून 2024 (मंगलवार) तथा 06 जून 2024 (बृहस्पतिवार) के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा।

# मच्छर भगाने के लिए जलायी आग, बुझ गया चिराग

- आग लगने से छप्पर के नीचे सो रहे दो बच्चे आग में झुलसे
- एक मासूम की मौत वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल

**खीरों, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के गनेश पुर गांव में सोमवार देर रात आग लगने से दो मासूम बच्चे आग के चपेट में आकर 9माह के बच्चे की हुई मौत 7 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से झुलसा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। घायल बच्चे को सीएचसी खीरों पहुंचाया जहा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर। गनेश पुर मजरे जसमऊ गांव निवासी रीना पत्नी शिव बोधन लोधी अपने दो बच्चो के साथ घर पर अकेली रहती है। पति जम्मू में ईट भट्ठे में मजदूरी करता है सोमवार को रात 10 बजे घर के अंदर मच्छर भागने के लिए चारपाई के पास धुआ सुलगा कर घर के बाहर दुकान में सामान लेने चली गई।घर में चारपाई पर रीना के दो बच्चे आयुष (7) वर्ष,आर्यन 9माह शो रहे थे। अचानक चारपाई में आग लग गई। आग लगने से आस पास हड़कंप मच गया। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक आग की चपेट में आने से आर्यन 9माह की मौत हो गई। आयुष 7वर्ष गंभीर रूप से झुलस गया।

घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। जसमऊ कोटेदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को खीरों सीएचसी पहुंचाया गया। जहा गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना से परिजनों का रो रो बुरा हाल। इस संबंध खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है घायल बच्चे को इलाज के अस्पताल भेजा गया है।

# महिला आरोग्य समितियों के अध्यक्ष व सचिव को दिया गया प्रशिक्षण



**रायबरेली।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत महिला आरोग्य समितियों का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन स्थानीय होटल में मंगलवार को हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने समिति के सभी अध्यक्षों और सचिवों से अपेक्षा की कि वह अपने समुदाय में समाज और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच संयोजक कड़ी की रूप में कार्य करें जिससे बेहतर तरीके से स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन और सामुदायिक भागेदारी सुनिश्चित हो। जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडेय ने बताया कि महिला आरोग्य समिति, हर आशा के क्षेत्र में 10 से 15 महिलाओं का समूह होता है इस समिति को बनाए जाने का उद्देश्य समुदाय की सहभगिता है जो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के योजना निर्माण, कार्यान्वयन और निगरानी सहित समाज की भागेदारी सुनिश्चित कराएंगे। परिवार नियोजन मैनेजर हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि महिला आरोग्य समितियां शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से समुदाय तक पहुंचाने में सहयोग करती हैं यह समिति विभाग और समुदाय के बीच में कड़ी के रूप में कार्य करती है। उन्होंने अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति सस्वास्थ्य, पोषण, जल, सफाई एवं स्वास्थ्य के अन्य सामाजिक निर्धारक तत्वों से जुड़ी स्थानीय समस्याओं के समाधान पर काम करती है।

# खबरें एक नजर में

## बच्ची पर आवारा कुत्तों ने किया हमला , लखनऊ रेफर



**रायबरेली।** घर के सामने खेल रही मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों ने धावा बोल दिया। आवारा कुत्तों ने बच्ची के मुंह पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन में मासूम को जिला अस्पताल लाया गया, गंभीर हालत देखकर डॉक्टर ने मासूम को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अहिया रायपुर की रहने वाली चार वर्षीय नैंसी प्रतिदिन की तरह अपने घर के सामने खेल रही थी। तभी आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। मासूम की चीख पुकार सुनकर जबतक लोग पहुंचते तब तक मासूम को कुत्तों ने लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने मासूम को लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं आवारा कुत्तों की आतंक से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय लोग डरे सहमे हुए हैं।

## 27 मार्च को फोटो स्टेट की दुकानों की होगी नीलामी

**रायबरेली।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीवानी न्यायालय, रायबरेली परिसर में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु फोटो स्टेट की दुकान की पुनः नीलामी 27 मार्च 2024 को समय 4:30 बजे अपरान्ह सिविल कोर्ट परिसर में 18 कक्षीय न्यायालय भवन (ब्लॉक संख्या-2) के चतुर्थ तल पर स्थित सभागार के बगल में कक्ष संख्या 12 में की जाएगी। अधिक जानकारी के लिये इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में नजारत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है तथा अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर नियत तिथि से पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त ठेके से संबंधित विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। यह जानकारी प्रभात कुमार यादव अध्यक्ष, नीलामी समिति/द्वितीय अपर जिला जज, रायबरेली द्वारा दी गई है।

## आग से दो घरों की गृहस्थी जलकर राख

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के गड़सर गांव में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गयी जिससे दो घरों की गृहस्थी व नगदी जल गई। इस अग्निकाण्ड में एक पल्सर बाइक भी जलकर राख हो गई। सुपासी के मजरा गड़सर निवासी रामबाबू रैदास पुत्र बुद्धीलाल व बलराम पुत्र मैकू के घर आस पास है। मंगलवार शाम अचानक बुद्धीलाल के घर में रखे छप्पर से आग की लपटें उठने लगी जिन्हें देखकर ग्रामीण दौड़े और निजी संसाधनो से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन घासफूस के छप्पर होने के कारण आग और भड़क गई और पडोसी बलराम के घर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर बदरका चौकी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी लेकिन उसके आने के पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। बुद्धीलाल ने बताया कि घर के सारे कपडे बर्तन पल्सर बाइक समेत तीन हजार की नगदी जली है। वही बलराम के यहाँ गृहस्थी व खाने पीने का सारा समान व पांच हजार रुपये जल गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक किसी के द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीकर फेंके जाने के कारण आग लगने की संभावना है। ग्राम प्रधान जयश्री रावत ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को सूचित किया गया है। दोनो घरों के हुए नुकसान का आंकलन कराकर सरकार से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## जहरीला पदार्थ खिलाने से कुत्ते की मौत

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव बाजार निवासी रंजीत पासवान पुत्र रामखेलावन पासवान ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को बाबत प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी का कुत्ता बल्लू जिसको बीते दिनांक 17 मार्च 2024 को समय लगभग शाम 5:00 बजे उसके पड़ोसी गोलू उर्फ अजय पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम पश्चिम गांव बाजार द्वारा मीट में जहर दे दिया गया, जिससे उसके कुत्ते की इलाज के दौरान तड़प तड़प का मौत हो गईद्य प्रार्थी द्वारा यह भी बताया गया कि जब वह अपने प्रतिपक्षी से कारण पूछने गया तो उसका प्रतिपक्षी उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए लड़ाई करने पर आमादा हो गया प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने अपने कुत्ते की मौत के बाद यह भी जिक्र किया है कि वह मानसिक रूप से परेशान है और उसे जानमाल का भी खतरा बना हुआ है, अतः उसे न्याय देने की कृपा की जाए।

# वृद्ध को घर से निकालकर जबरन कर रहे कब्जा



- महिला ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

महिला ने दिया उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र ।चमकीली पत्नी स्वर्गवासी राम लखन निवासिनी ग्राम कांशीपुर घेरा मंजरे कंशपुर थाना महराजगंज शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षीगण गिरधारी पुत्र राम अवध मनोज पुत्र राम आधार मौर्य अतुल पुत्र नन्हई अरुण पुत्र बलदेव नितिन पुत्र सोभई मोनू पुत्र राम प्रकाश संतोष पुत्र अज्ञात निवासीगढ़ कांशीपुर मजरे कंशपुर थाना महराजगंज प्रार्थिनी चमकीली ने बताया कि राम लखन की मृत्यु हो चुकी है विपक्षी कह रहा हैं कि या घर तुम्हारे पति से हमने खरीदा है जबकि प्रार्थिनी इस घर में पति संग बहुत पहले से रह रही है विपक्षी आज दिनांक 19/3 को जबरन प्रार्थिनी को घर से बाहर निकाल दिया और जबरन मकान को तोड़ रहे हैं प्रार्थिनी के मना करने पर विपक्षीगण की भद्दी गलियां और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडा लेकर मारने दौड़े और कहा कि यहां दिखाई मत देना नहीं तुमको जान से मार देंगे विपक्षी काफी सरहग व्यक्ति है विपक्षी प्रार्थिनी के मना करने पर मारपीट पर आमादा हो रहे हैं।

जबकि प्रार्थिनी की सोने चांदी का सामान घर के अंदर गडा था जिसको विपक्षी खोद कर निकाल लिया है। प्रार्थिनी को रहने के लिए और जगह नहीं घर गिर जाने पर प्रार्थिनी को भारी छति होगी उपजिलाधिकारी से निवेदन करते हुए महिला ने न्याय की गुहार लगाई।



## चुनाव-त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय

**रायबरेली।** रायबरेली होली रमजान और चुनाव को लेकर रायबरेली पुलिस प्रशासन एक्टिव मोड़ पर नजर आ रहा जिसे लेकर क्षेत्राधिकारी वंदना सिंह ने नसीराबाद थाना क्षेत्र में सशक्त सुरक्षा बल और पुलिस टीम के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया जहां उन्होंने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से बातचीत भी की और लोगों से कहा कि संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वाहन दिखाई देने पर आप लोग तत्काल पुलिस को सूचना दे वही आप सब शांतिपूर्ण रूप से अपना अपना त्योहार मनाए अगर किसी को कोई परेशानी होती है तो तत्काल थाना प्रभारी को सूचित करें वही उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि रायबरेली में पाचवे चरण में 20 मई को चुनाव है जिसको लेकर ससक्त सुरक्षा बल के साथ निरन्तर विभिन थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया जा रहा है।

# खड़े ट्रैक्टर में घुसी इनोवा कार, चार लोग घायल

- घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी: थानाध्यक्ष

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुरावा गांव के पास एक खड़े ट्रैक्टर में तेज रफ्तार इनोवा कार जा घुसी, जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की अज्ञात इनोवा गाड़ी प्रयागराज से लखनऊ जा रही थी।

जिसमें सवार अजय पाल पुत्र जगन्नाथ उम्र 42 वर्ष, अशर्फी लाल पुत्र बाबूराम उम्र 50 वर्ष, विजयपाल पुत्र चंपतराम उम्र 62 वर्ष निवासी करमपुरा ठाकुरान थाना भोजीपुरा जनपद बरेली एवं रामदत्त सोनी पुत्र सालीग्राम निवासी निगोहा वर्तमान पता तेलीबाग लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से इनोवा चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात डॉक्टरों के द्वारा रामदत्त सोनी की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया है, वही अजय पाल को भी प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है इस बाबत थानाध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# चौकी प्रभारी ने असलहों व मादक पदार्थों सहित दबोचे चार अपराधी

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

परियर चौकी प्रभारी राकेश कुमार तिवारी को चार्ज संभालते ही गस्त के दौरान मिली बड़ी सफलता। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान में दबोचे आर्म्स एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के अपराधी।

दो अपराधी गैर जनपद के जबकि दो थाना गंगाघाट क्षेत्र के निवासी है। सफीपुर क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला, सफीपुर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण के मार्गदर्शन में परियर चौकी प्रभारी राकेश कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक जितेंद्र पांडेय, हेड कांस्टेबल सतेंद्र सिंह, सुधीर दुबे, राजीव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चलाए गए सघन जांच अभियान में जनपद कानपुर के थाना ग्वाल टोली के रायपुर गंगा बैराज निवासी कौशल पुत्र बुलाकी एवं इसी थाने के पहाड़ीपुर निवासी गुड्डू पुत्र शिवराम को एक-एक अदद देशी तमंचा कारतूस के साथ तथा थाना गंगाघाट के पटियारा निवासी विवेक पुत्र हरिश्चंद्र को एक अदद देशी तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने के साथ-साथ थाना गंगाघाट के गगनी खेड़ा निवासी अजय पुत्र देवीदीन को चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मकइया तालाब के पास रहने वाली एक महिला ने मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला की मौत पर उसके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रहमत नगर निवासी नगमा (55) पत्नी सरफराज कुरैशी अपने दो बेटों के साथ रहती थी। मंगलवार को दोनों बेटे काम पर कानपुर गये थे। इस दौरान नगमा ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद आस पास के लोगों ने उसे फांसी पर लटका देखा। जिसकी जानकारी उसके बेटे शमशाद और दिलशाद को दी। सूचना पर दोनों घर पहुंचे। जहां मां का शव देख दोनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# ब्लाक मुख्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

मियागंज ब्लाक मुख्यालय के सभागार में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी। आग की लपटें देख कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढती ही जा रही थी जिसपर फायर बिग्रेड के साथ ही पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंचे दमकल जवानों ने आग बुझाई। आग से पंचायत निर्वाचन सम्बंधित कागजात जलकर राख हो गए।

आसीवन थाना क्षेत्र के ब्लाक मुख्यालय मियागंज के सभागार में पीछे के कमरे में मंगलवार की दोपहर अचानक धुंआ उठता देख ब्लाक के कर्मचारियों ने सभागार का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा आग की लपटें निकल रही थी जिसपर ग्राम सचिवों के साथ ही कर्मचारियों ने हैंडपंप से पानी डालना शुरू किया लेकिन आग बढती ही जा रही थी तो एडीओ पंचायत निर्मल यादव ने हसनगंज फायर बिग्रेड के साथ आसीवन पुलिस को घटना की सूचना दी। दमकल जवान टीम में चालक अशोक सिंह चौहान फायरमैन राकेश कुमार जोशी होमगार्ड राम सिंह वर्मा कृष्ण कुमार अवस्थी हसनगंज मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। तब तक अंदर कमरे में रखे कागजात के साथ ही अन्य सामान जलकर राख हो गया। एडीओ पंचायत ने बताया कि आग से पंचायत चुनाव निर्वाचन सम्बंधी कागजात और अन्य सामग्री जल गयी है आग लगने के कारण का अभी कोई पता नहीं चला है।

**त्योहार** | यह हमारी परंपरा है इसे जीवंत बनाये रखना हम लोगों का कर्तव्य है : अमित पटेल

# बीघापुर में जीवंत हो रही फाग गायन की परम्परा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



घर-घर में गूँजने वाला चिर प्राचीन किन्तु सबके मन मस्तिष्क और दिलो में चिर नवीन दो अच्छरों का लोक संगीत फाग जो बसन्त ऋतु के आगमन होते ही प्रारंभ हो जाता है सबको आनन्दमय वातारण देने वाला फाग ढोलक की लयबद्ध थाप झीको की झंकार और मंजीरों की खनक के साथ फगुहारो की मधुर-मधुर स्वर लहरियां सबको झूमने पर मजबूर कर देती है। यह वही फाग है जो बसन्त पंचमी से प्रारम्भ होकर शीतला अष्टमी तक चलती थी। जिसमे सभी रसों से परिपूर्ण सूर मीरा कबीर की निर्गुण भक्ति तो कही महाभारत के युद्ध तो कहीं राम चरित का वर्णन गाया जाता है किंतु आधुनकि पीढ़ी में यह उल्लासपूर्ण वातावरण गुम हो चुका है यदा-कदा कही देखने को पुरानी परंपरा मिल जाती है तो लोगो का मन उत्साहित हो जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का बीड़ा जनपद उन्नाव के बीघापुर कस्बे के युवाओं ने उठाकर फाग को जीवंत बना रखा है। होली पर्व के पूर्व प्रतिदिन सायंकाल घण्टो जोरदार फाग गायन होता है बड़ी ही तन्मयता से छोटे-छोटे बच्चे भी बढ़-चढ़कर आनन्दमय वातावरण में उल्लास से भर रहे है। फाग में प्रमुख ढोलक वादक व फाग गायक अमित पटेल डॉ मान सिंह कहते है कि यह हमारी परंपरा है इसे जीवंत बनाये रखना हम लोगो का कर्तव्य है आगे आने वाली पीढ़ी को इससे लगाव बना रहे नए लोग फाग गायन और वाद्य यंत्रों को बजाना सीखे। वर्तमान पीढ़ी में रमेश कुमार राजा बाबू श्रीनारायण विपिन बिहारी कल्लू मिश्रा पंकज मनोज आदि लोग फाग की परंपरा को जीवंत बनाये रखे है। फाग गायन में सिद्ध हस्त 80 वर्षीय बुजुर्ग सोहनलाल जी कहते है कि पुरानी परम्पयाये आज विलुप्त हो रही है इन्हें जीवित रखना नई पीढ़ी का दायित्व है। कस्बे के तिलक नगर में इस समय प्रतिदिन बृंदाबन बेली चम्प चमेली, आजु बृज मा हरि होरी मचाई, ठगिनी क्या नैना चमकावै, आजु मैं हरि सो अस्त्र गहैहौ, बक्सर मा भगदरि भय भारी, अब तो राम ध्वजा फहरानी जैसे फाग के मधुर शब्द ढोलक की थाप झांझ की झंकार झीको को खनक के साथ सुनाई देती है तो निश्चित ही मन उल्लास से भर जाता है।

## घोटाले के साये में हो रहा लोकसभा चुनाव

भाजपा से नफरत करने वाले दक्षिणी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर उस चीज से पहचानते हैं जिसके बिना उनका मानना है कि भारतीय रह सकते हैं,जैसे चुनावी बॉन्ड, अयोध्या राम मंदिर, नागरिक संशोधन अधिनियम, भाजपा नेताओं की दबंगई, कानून के शासन नष्ट होना, आपे से बाहर हुए बुलडोजर आदि। सबसे बढ़कर, बड़ी संख्या में भारतीयों का मानना है कि वे नरेंद्र मोदी के लिए तीसरे कार्यकाल के बिना काम कर सकते हैं, जो आजकल 400 पार की इतनी लापरवाही से बात करते हैं कि अधिकांश दक्षिणी लोग उनके पुतलों के साथ सड़कों पर उतरने को उत्सुक हैं। 16 मार्च, 2024 को लोक सभा के आम चुनावों के लिए मतदान कार्यक्रम की घोषणा की गई और बताया गया कि चुनाव की तारीखें क्या होंगी और चुनाव कितने चरणों में संपन्न होंगे। जब दिल्ली में यह घोषणा हो रही थी तब चुनावी बॉन्ड की तूफ़ान से जूझ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दक्षिण दौरे पर थे, जिसमें तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना की रैलियां शामिल थीं। आंध्र प्रदेश में भी एक रैली की तैयारी थी। प्रधानमंत्री इस बात को गहराई से महसूस करते हैं कि दक्षिण ने भाजपा को खारिज कर दिया है और यह एक ऐसा गढ़ है जो उनकी पकड़ से ऐसे दूर है जैसे पानी उनकी मुट्ठी से निकल जाता है। 15 मार्च को मोदी ने केरल में एक और तमिलनाडु में एक रैली को संबोधित किया। फिर, तेलंगाना में उनका एक रोड शो हुआ, यह सब काम में व्यस्त प्रधानमंत्री के लिए एक दिन का काम था। प्रधानमंत्री को उम्मीद है कि दक्षिण इस बार नरम पड़ जायेगा और यह बात उनके दिमाग में बैठ गई है कि हाल के कई राजनीतिक और सामाजिक घटनाक्रमों ने दक्षिण के लोगों का भारतीय जनता पार्टी और विशेष रूप से उनके प्रति दृष्टिकोण बदल दिया है। यदि पूछो तो दक्षिणवासी मोदी की कीमत पर हँस भी सकते हैं। दक्षिण के लोगों ने, उत्तर के अपने असंबंधित चचेरे भाइयों के विपरीत, निर्धारित तरीके और श्रेष्ठता की भावना विकसित की है जिसका कोई इलाज नहीं है। देखिए वे मूंछों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। दक्षिण के लगभग हर हीरो मूंछों वाले हैं। यह कहना पर्याप्त है कि दक्षिण अलग तरह से सोचता है, कार्य करता है और वोट देता है, यहां तक कि उत्तर जिस तरह से वोट करता है उससे बिल्कुल विपरीत भी। क्या राहुल गांधी ने इस ओर ध्यान नहीं दिलाया? और, जैसा कि कहा जाता है, दक्षिण के मतदाताओं को शमोदी का नंबर मिल गया है। वे उसके इरादों को जानते हैं। और वे मूर्ख नहीं बनेंगे। पिछली बार भी नहीं बनेय अगली बार नहीं बनेंगे। उद्देश्य का सामंजस्य स्पष्ट रूप से देखा जाता है। उदाहरण के लिए, केरलवासी सांप्रदायिक प्रवृत्तियों से निपटने में असाधारण गर्व महसूस करते हैं, एक होकर कार्य करते हैं – चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो या ईसाई हो – जो सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्षता की व्यंजना से जाना जाता है। दक्षिण भी उत्तर को अपने कंधों पर लेकर स्वयं को एटलस मानता है। केरल उपहास करता है और तमिलनाडु भी अक्सर उत्तर का उपहास करता है। क्या एक डीएमके सांसद ने उत्तर के हिंदी भाषी राज्यों को शगौमूत्र राज्यश् का नाम नहीं दिया? गौमूत्र का इशारा सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आरएसएस के ही व्यक्ति रहे हैं और इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि दक्षिण में आरएसएस जैसे लोगों की कोई कमी नहीं है।

# हमारी पर्यावरण दोस्त है चुलबुली गौरैया

**गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिकतम दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गई। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती।**

प्रभुनाथ शुक्ल



**विश्व गौरैया दिवस/20 मार्च पर विशेष)**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है।**

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की टेरेस पर पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृतिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरैया धीरे-धीरे हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है। यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु-पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं, वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी खासी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता।

गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती है। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे, लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरुकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को को सोशल मीडिया में खूब सराहा था और कहा था कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिल-ए-तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जिसकी वजह पशु- पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च को चुलबुली गौरैया के लिए रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास अधिक रहना पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पाई जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है। भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी ऑफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिकतम दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गई। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं। जिनमें गिद्ध, कौआ, महोख, कठफोड़वा, और गौरैया शामिल हैं। इनके भोजन का भी संकट खड़ा हो गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर नासिक से हैं और वह बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह मुहिम 2008 से शुरू की थी। आज यह दुनिया के 50 से अधिक मुल्कों तक पहुंच गई है। दिलावर के विचार में गौरैया संरक्षण के लिए लकड़ी के बुरादे से छोटे-छोटे घर बनाए जाएं और उसमें खाने की भी सुविधा भी उपलब्ध हो। घोंसले सुरक्षित स्थान पर हों, जिससे गौरैयों के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी और जानवर शिकार न बना सकें। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है, लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, जिससे हम अपनी पर्यावरण दोस्त को उचित माहौल दे पाएं।

### विचार

# विपक्ष के नकारात्मक प्रचार से क्या मोदी को मिलेगी जीत?

ललित गर्ग



**असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है।**

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए।

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है।

असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं।

## संयुक्त प्रतिपक्ष की तस्वीर और पैगाम

कई-कई अवरोधों को पार करते हुए आखिरकार एक संयुक्त प्रतिपक्ष का वह चेहरा मतदाताओं के सामने आ ही गया है जिसके बारे में सत्ता पक्ष यानी भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थक यह उम्मीद लगाये बैठे थे कि उसे (भाजपा को) चुनौती देने वाली कोई ताकत खड़ी हो ही नहीं सकती। पिछले लगभग डेढ़ वर्षों के प्रयासों के बाद देश के सियासी परिदृश्य में एक ऐसा मजबूत प्रतिपक्ष अंततरू खड़ा नजर आ रहा है जो अपने बुलन्द हौसलों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों के साथ मतदाताओं के समक्ष उपस्थित है, कि जिसे देखकर कहा जा सकता है कि हां, यह भाजपा का विकल्प है और दो दर्जन से ज्यादा दमदार सियासी दलों में ही कई ऐसे नाम हैं जो नरेन्द्र मोदी के स्थान पर चुने जा सकते हैं।

कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की 6300 किलोमीटर दूरी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित इंडिया गठबन्धन की विशाल सभा में ऐसे विपक्ष की तस्वीर उभरी है जो भाजपा से लोकसभा चुनाव में दो-दो हाथ करने को तैयार है, जिसकी घोषणा इसी शनिवार को हुई थी। पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाये गये चुनावी कार्यक्रम, ईवीएम के अनसुलझे सवाल, केन्द्रीय जांच एजेंसियों की विरोधी दल के नेताओं पर छापेमारी, समर्थक मीडिया, प्रचार में माहिर आईटी सेल, संसाधनों की कमी जैसे तमाम अवरोधों की चिंता किये बिना एक ऐसा एकजुट विपक्ष सामने आया है जो भयमुक्त है। यही इसकी ताकत है। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व में उसने राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय का जो विमर्श रचा है, वही उसका संदेश है। दो दर्जन से अधिक राजनीतिक संगठनों से बने संयुक्त प्रतिपक्ष की जो ताकत है उसमें देश के 60 प्रतिशत मतदाताओं का समावेश है। देखना यह होगा कि क्या कार्यकर्ताओं व समर्थकों की सामूहिक ताकत इस संदेश को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचा सकेगी और उसे वोटों में तब्दील कर सकेगी। 18वीं लोकसभा में बैठने की व्यवस्था कैसी होगी- यह सारा कुछ इसी प्रयत्न पर निर्भर करेगा। मुंबई की रैली न केवल संयुक्त विपक्ष का आभास देती है वरन वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच भी दिखलाई देता है। इसका विस्तार धुर उत्तर के जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत के अंतिम छोर यानी तमिलनाडु तक और पूर्वी राज्य बिहार व झारखंड से लेकर पश्चिम के महाराष्ट्र तक का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायल होने के कारण अनुपस्थित थीं तो वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव बीमार होने के कारण नहीं आये।दिल्ली व पंजाब में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के झंझटों में फंसे हैं इसलिये नहीं आये लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में सौरभ भारद्वाज मौजूद थे जो खुद भी एक वरिष्ठ नेता हैं। कई दल वैसे अपने राज्यों में परस्पर विरोधी हैं लेकिन वे अपने विवादों को किनारे रखकर इसमें शामिल हुए थे। नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला एवं पीडीपी की महबूबा मुफ्ती चाहे अपने राज्य कश्मीर में परस्पर विरोधी हों पर यहां वे साथ बैठे नजर आये। जिस गठबन्धन के बारे में प्रचारित किया जाता रहा कि वह साथ नहीं चल सकता, उसने वे सारी भ्रांतियां खत्म कर दीं। विभिन्न नेताओं के दिये भाषणों में यह बात उभरकर आई कि वे सभी तीसरी बार मोदी के चुनकर आने और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद उत्पन्न होने वाले खतरों से पूर्णतः वाकिफ हैं। लोकतंत्र एवं संविधान पर मंडराते बड़े खतरे को सभी महसूस करते दिखाई दिये।

### कविता



मेहनत के पसीने से,
किस्मत की लकीरों को
मोड़ दूंगी।।
धीरे-धीरे खोखले रीति-
रिवाज के पिंज़ड़े को तोड़
दूंगी।।
ज़िन्दगी से हारकर उदास ना बैठूंगी,
पग-पग कदमों को आगे बढ़ाकर खुद की
पहचान लिखूँगी।।
सपनो को नई उड़ान देकर,
आज़ाद परिंदे की तरह पंख खोलकर,
आसमां की ऊंचाइयों को छुओगी।।.....

अंजली चौरसिया
टेहरका, निवारी ( मध्यप्रदेश )



## राशिफल

**मेष:-** हर क्षेत्र में अडचन व संघर्ष से मन परेशान होगा। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। नेतृत्व की अदभुत क्षमता व कुशल नियोजन से रचनात्मक कायरे को कुशलता से पूर्ण करेंगे।

**बृषभ:-** नयी योजनाओं को अंजाम देने के लिए उच्च मनोबल के साथ तत्पर होंगे। अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें, अन्यथा भावनात्मक शोषण के शिकार हो सकते हैं।

**मिथुन:-** रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। कोई इच्छित कार्य की पूर्ति अपेक्षित है। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा। समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** सगे-संबंधियों में बड़पन व त्याग के परिचायक बनें। नये कायरें में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक हो सकता है। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह:-** शासन-सत्ता का लाभ प्राप्त होगा। पूर्वाग्रहवश दूसरों की आलोचना करना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के परिणाम के प्रति जिज्ञासा प्रबल होगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** नये कार्य की तलाश जारी रहेगी। स्वास्य व परिवार दोनों को लेकर मन परेशान होगा। दूसरों में कमियां निकालने के बजाय स्वयं को सुधारें।

**तुला:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** भौतिक आकांक्षाएं मन प्रभावी होंगी। नई रुचि नये व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होगी। घर में कुछ नये दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे।

**धनु:-** संबंधों में छोटी-छोटी बातों का बुरा न माने। कसी महत्वपूर्ण दायित्व की सुव्यवस्थित पूर्ति के चिंतित होंगे। अपनी क्रियाशीलता बढ़ा प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। संतान संबंधी दायित्व की पूर्ति होगी।

**मकर:-** उच्च महत्वाकांक्षा जल्द ऊंची प्रगति के लिए आपको प्रेरित करेगी। आकस्मिक कोई यात्रा की योजना बन सकती है। कुछ सुंदर भावनाएं मन पर प्रभावी होंगी किंतु अत्याधिक अपेक्षाएं कष्ट देंगी।

**कुंभ:-** अत्याधिक व्यस्तता व परिश्रम से मन में नीरसता संभव। नये आर्थिक प्रगति के लिए मन परेशान होगा। कार्यक्षेत्र में समुचित उर्जा की अनुभूति होगी।

**मीन:-** अपने कद व गरिमा के अनुकूल व्यावहारिक जीवन में चलने का प्रयत्न करें। राजनीतिक सक्रियता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

# बस्तर : द नक्सल स्टोरी और पीड़ित महिलाओं की टीस

मृत्युंजय दीक्षित



**आगे बढ़ते हुए फिल्म बताती है कि किस प्रकार नक्सली देश को कम से कम 30 टुकड़ों में बांटने का खतरनाक षड़यंत्र रचते रहते हैं। भारत के मजबूत लोकतंत्र को कमजोर दिखाने के लिए वामपंथी तत्व किस प्रकार अपना नैरेटिव चलाते हैं और इस भारत विरोधी अभियान के लिए विदेशी फंडिंग आती है । इनकी घुसपैठ देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाली सभी संस्थाओं यथा विश्वविद्यालयों, न्यायपालिका व मीडिया जगत में है। निहित स्वार्था की पूर्ति करने व छत्तीसगढ़ की अकूत सम्पदा पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग नक्सली हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और बस्तर के गांवों में विकास नहीं हो पा रहा था।**

सद केरल स्टोरी से सुर्खियों में आए सुदीप्तो सेन निर्देशित और विपुल शाह के प्रोडक्शन की फिल्म बस्तरः द नक्सल स्टोरी छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा तथा बस्तर के वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित और एक मां की शक्ति को समर्पित शानदार फिल्म है। फिल्म के आरम्भ में नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एक परिवार राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत होकर 15 अगस्त को एक विद्यालय में तिरंगा फहराता है और जन गण मन का गायन करता है। नक्सलियों को इसका पता चलता है तो वह उस परिवार को अपनी अदालत में उठा ले जाते हैं। तिरंगा फहराने वाले व्यक्ति के शरीर के 32 टुकड़े कर दिए जाते हैं ।

मारे गए व्यक्ति की पत्नी कहती है, मैं रत्ना कश्यप, मेरे पति मिलन कश्यप को नक्सलियों ने मार दिया। पूरे गांव के सामने 32 टुकड़े कर दिए और उसके खून से अपने शहीद स्तंभ को मेरे हाथों से रंगवाया। क्या गलती थी उसकी, बस यही कि उसने 15 अगस्त को अपने गांव के स्कूल में भारत का झंडा लहराया। बस्तर में भारत का झंडा लहराना एक जुर्म है जिसकी सजा दर्दनाक मौत है। मेरे बेटे को भी उठाकर ले गए उसे भी नक्सली बनाएंगे। हर परिवार से एक बच्चा उनको देना पड़ता है। नहीं देते तो पूरे परिवार को मार देते हैं। अरे हम बस्तर की मांएं करें तो करें क्या, मैं पति का बदला और अपने बेटे को वापस लाने के लिए जिंदा हूं। मैने हथियार उठा लिए हैं बस्तर से इन नक्सलियों को समाप्त करके रहूंगी। यही फिल्म की पार्श्वभूमि है।

आगे बढ़ते हुए फिल्म बताती है कि किस प्रकार नक्सली देश को कम से कम 30 टुकड़ों में बांटने का खतरनाक षड़यंत्र रचते रहते हैं। भारत के मजबूत लोकतंत्र को कमजोर दिखाने के लिए वामपंथी तत्व किस प्रकार अपना नैरेटिव चलाते हैं और इस भारत विरोधी अभियान के लिए विदेशी फंडिंग आती है । इनकी घुसपैठ देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाली सभी संस्थाओं यथा विश्वविद्यालयों, न्यायपालिका व मीडिया जगत में है। निहित स्वार्थों की पूर्ति करने व छत्तीसगढ़ की अकूत सम्पदा पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग नक्सली हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और बस्तर के गांवों में विकास नहीं हो पा रहा था। सरकारी पक्ष के वकीलों के पास तमाम सुबूत होने के बाद भी कोर्ट वामपंथ के वकील के पक्ष में अपना फैसला सुनाती है और सरकारों की विकृत राजनीति व मनोदशा के कारण नक्सलवाद की हिंसा से प्रभावित पीड़ितों पर हुए भीषणतम अत्याचारों की घटनाओं की जांच के बजाए कोर्ट आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन (अदा शर्मा ) के खिलाफ ही न्यायिक जांच आयोग गठित कर दिया जाता है।


लगभग 124 मिनट की इस फिल्म में नक्साली हिंसा के दिल दहलाने वाले क्रूर दृश्य हैं जिसके कारण फिल्म को %ए% सर्टिफिकेट दिया गया है। फिल्म की नायिका अदा शर्मा ने आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन के रूप में अत्यंत सशक्त अभिनय किया है। जो भारत को हर प्रकार के नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। फिल्म की यह नायिका सिर्फ एक %मां% या फिर पत्नी नहीं है वह एक ऐसी योद्धा है जिसके युद्ध का तात्पर्य है अमानवीय क्रूरता का सामना करना।

फिल्म की कहानी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म मानवता को झकझोरने, आम जनमानस को नक्सलवाद के खिलाफ खड़ा करने तथा राष्ट्र के समक्ष वामपंथ की विकृत विचारधारा का खुलासा करने में समर्थ है। बस्तर में नक्सली हिंसा की सबसे अधिक शिकार महिलाएं हुई हैं। नक्सली आतंक स्त्रियों के लिए आईएसआईएस और बोको हरम जितना ही खतरनाक है । फिल्म में बस्तर में सीआरपीएफ के 76 जवानों की निर्मम हत्या की घटना और उसके पश्चात जेएनयू जैसे विश्व विद्यालयों में मनाए गए जश्न को भी शामिल किया गया है। फिल्म के अंत में नीरजा माधवन के संवाद बहुत ही सशक्त और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हैं। फिल्म के सभी किरदारों ने सशक्त अभिनय किया है, फिल्म की गति इसे कभी उबाऊ नहीं होने देती । नायिका अदा शर्मा के अतिरिक्त वामपंथी वकीलों की भूमिका में राम्या सेन ,अंगसा बिश्वास और रत्ना की भूमिका में इंदिरा तिवारी छाप छोड़ती हैं । फिल्म का गीत वंद वीरम दिल को छूने वाला है। निर्देशक सुदीप्तो सेन का कहना है कि यह फिल्म दस वर्ष के गहन शोध का परिणाम है। सुदीप्तो ने माओवादी संघर्ष को काफी नजदीक से देखा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# अज्ञात कारणों से फांसी पर झूली किशोरी

राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज



कोतवाली के औड़ेरा गांव में हाईस्कूल की एक छात्रा ने सूना घर पाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब किशोरी को फांसी पर लटका देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। किशोरी की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

औडेरा गांव निवासी विश्वनाथ अहिरवार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ हरियाणा में मिस्त्री का काम करता है। बताया कि उसके गांव में उसकी 15 वर्षीय पुत्री सपना अहिरवार और उसका पुत्र विकास रहते थे। सपना जीजीआईसी स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। इस साल उसने 10वीं कक्षा के पेपर दिए थे। उसका पुत्र विकास सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में कक्षा 7वीं कक्षा में पढ़ता था। बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे सपना ने अपने भाई को घर के बाहर खेलने के लिए भेज दिया।

इसी दौरान सपना ने कमरे में रखे बैड के ऊपर कुर्सी रखकर साड़ी से हुक में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब उसका भाई कमरे में पहुंचा तो सपना टंगी हुई थी। भाई के चीखने की आवाज सुन पड़ोसियों की भीड़ लग गई। पिता ने बताया कि उसकी पुत्री पढ़ने में होशियार व शांत स्वभाव की थी। उसके माता पिता दूसरे मकान में रहते थे। घटना के कारणों को लेकर वह कुछ नहीं पता पा रहे थे।

### विवाहिता ने लगाई फांसी , मौत

मौदहा। मंगलवार सुबह अपने घर के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतका के कोई संतान नहीं थी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहया निवासी ऊषा (45 )पत्नी शिवविशाल घुरिया ने मंगलवार की सुबह अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतका का पति खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था जबकि दो दशक से अधिक शादी का समय बीतने के बाद भी महिला को कोई संतान नहीं हुई थी जिसके चलते महिला मानसिक तनाव में रहती थी। फिलहाल महिला द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

## शादी का रिश्ता टूटने पर युवक ने खाया जहर, रेफर

राठ। शादी का रिश्ता टूट जाने पर सहायक अध्यापक के पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। कोतवाली के सैना गांव निवासी 20 वर्षीय अभिषेक पुत्र वासुदेव ने मंगलवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। अभिषेक की मां कमलेश ने बताया कि उसके पुत्र का तीन वर्ष पहले गोहांड ब्लाक के एक गांव में शादी का रिश्ता तय किया था। शादी का रिश्ता टूटने पर उसके पुत्र ने जहर खा लिया।

# अग्निशमन अधिकारी ने ईवीएम मशीनों के कमरों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

महोबा। समृद्धि न्यूज

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा देवेश तिवारी द्वारा कलेक्ट्रेट महोबा में बने ज़िला निर्वाचन कार्यालय में रखे हुए ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों के कमरों का अग्निसुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया गया।

मशीनों के कमरों की देखरेख में मौजूद कर्मचारियों को वहां पर स्थापित कराए गए अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अग्निसुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश देकर सुरक्षा उपायों की भी जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि बढ़ती



गर्मी की आहट और बढ़ती अग्निकांड की घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा उपायों को अपनाते हुए अग्निशमन यंत्रों की स्थापना और उनके संचालन संबंधी प्रशिक्षण आदि के लिए अग्निशमन विभाग महोबा व कुलपहाड़ टीम द्वारा शासन के निर्देश पर लगातार जागरूकता अभियान चलाकर आमजन, होटल, प्रतिष्ठान, दुकान ऑफिस समेत ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों को जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है।

# क्रशर व्यवसायी-ट्रक एसो. की गोष्ठी आयोजित

- महोबा से कानपुर/लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की ओर डायवर्जन करने के सम्बन्ध में हुई गोष्ठी

महोबा। समृद्धि न्यूज



मंगलवार को अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा सत्यम की अध्यक्षता में पुलिस लाइन अवस्थित सभागार महोबा में लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जनपद कानपुर में मेट्रो के निर्माण के दृष्टिगत उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद महोबा से जनपद कानपुर/लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की ओर डायवर्जन किये जाने के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान जनपद के प्रमुख क्रशर व्यवसायी एवं ट्रक एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों के दृष्टिगत राजमार्ग में भारी वाहनों के जनपद महोबा से कानपुर/लखनऊ जाने के लिये डायवर्जन के सम्बन्ध में विभिन्न डायवर्जन प्वाइंट्स पर विस्तृत चर्चा करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड़, ए.आर.टी.ओ. महोबा सुनील दत्त यादव, खनन अधिकारी महोबा, थाना प्रभारी कोतवाली नगर/कबरई/ खन्ना/श्रीनगर/चरखारी सहित जनपद के प्रमुख क्रशर व्यवसायी, ट्रक एसोशिएशन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# विद्यार्थी की उन्नति शिक्षक के निर्देशन से संभव: प्रोफे. डॉ. राजाराम यादव

- वीरभूमि एनएसएस शिवर में पूर्व कुलपति डॉ राजाराम यादव व भारत सरकार के पूर्व डिप्टी सचिव डॉ के डी समाधिया ने किया छात्रों का मार्गदर्शन

महोबा। समृद्धि न्यूज




वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के विशेष शिविर में संयुक्त बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी की उन्नति गुरु यानी शिक्षक के निर्देशन पर ही संभव है गुरु शिष्य का संबंध दोनों के यशस्वी होने का आधार है शिक्षा व्यक्तित्व एवं आचार्य व्यवहार का नियमन करती है विद्यार्थियों को समाज सेवक के रूप में समाज की सेवा करनी चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के पूर्व डिप्टी सचिव कृष्ण दत्त समाधिया ने विद्यार्थियों से यश ,उन्नति, शिक्षा ,पद आदि प्राप्त करने के लिए अपने से बड़ों एवं शिक्षकों का सम्मान करने का आवाहन किया।

इस अवसर पर एआरटीओ सुनील दत्त यादव ने यातायात में सुरक्षा व्यवस्था का पालन करने का पाठ पढ़ाया तथा यातायात नियमों की जानकारी दी साथ ही छात्रों के कैरियर के लिए अनेक टिप्स दिए। चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलशेर अहमद ने संक्रामक बीमारियों के कारण एवं निवारण विषय पर व्याख्यान दिया डॉ गुलशेर ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए दिनचर्या में व्यायाम एवं संतुलित आहार के बारे में चिकित्सक के नजरिए से उत्तर दिए इस अवसर पर चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार पांडे ,डॉ मधुबाला सरोजिनी, डॉ सोवित गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापको समेत पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ महामंत्री उद्देश्य सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री अपूर्व सिंह भदोरिया अभयोदय कोचिंग के कोर्स कोआर्डिनेटर विशाल सिंह उपस्थित रहे।

## लापता पुत्री को बरामद करने की डीआईजी से लगाई गुहार

सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी एक पिता ने डीआईजी चित्रकूट धाम को शिकायती पत्र सौंपकर नाबालिग पुत्री की जान बचाने की गुहार लगाई है। कैथी निवासी कल्लू ने डीआईजी चित्रकूट धाम को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को बांदा जनपद के चिल्ला थाना क्षेत्र के छिरहुंटा गांव निवासी सुनील कुमार बहला फुसलाकर 22 फरवरी को लिवा ले गया था। जिसका मुकदमा थाने में दर्ज है। लेकिन पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़ित ने बताया कि गत 11 मार्च को उसकी पुत्री ने फोन करके बचाने की गुहार लगाई थी। पुत्री ने अपनी जान का खतरा बताते हुए मदद मांगी है। जिस पर उसने पुलिस को तत्काल सूचना दी।

# खबरें एक नजर में

## संगीत, कला, साहित्य की राष्ट्रीय संगठन की हुई बैठक



महोबा। संगीत कला साहित्य के राष्ट्रीय संगठन कलापन की बैठक जिला कार्यालय हमीरपुर में चुनाव पर्यवेक्षक बांदा से आए हरिनारायण तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था का संरक्षक डॉक्टर कुंवर बैरागी एवं आचार्य देवनारायण सोनी को बनाया गया जिला अध्यक्ष पद पर दुर्गेश कुमार प्रजापति बनाए गए। मंत्री पर महावीर प्रजापति झलोखर उपाध्यक्ष पद पर रघुनाथ विश्वकर्मा विवार कोषाध्यक्ष पद पर मैया दीन चौरसिया पौथिया मातृ शक्ति पर विजयलक्ष्मी पालीवाल हमीरपुर ऑडिटर दिलीप राणा आदि पदों पर कार्य कारिणी गठित की गई। संस्था जनपद की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करा कर सम्मानित करते हैं एवं उनका प्रोत्साहन करती है।

## स्पेलर से किशोर का हाथ कटा

कुरारा,हमीरपुर। थाना क्षेत्र के सरसई गांव में स्पेलर में लाही का तेल पिरवाने के दौरान 17 वर्षीय किशोर का हाथ धड़ से अलग हो गया। गंभीर रूप से घायल किशोर को परिजन स्थानीय सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के सरसई गांव निवासी श्याम बाबू प्रजापति के लड़के की शादी बीते 6 मार्च को हुई थी, इसी शादी में थानाक्षेत्र के हरेहटा निवासी रिश्तेदार उमेश ( 17 ) पुत्र सतपाल आया और यहीं सरसई गांव में ही रह रहा था। मंगलवार को दोपहर 3 बजे स्पेलर में तेल की पिराई हो रही थी, तभी उमेश ने स्पेलर में हाथ डाल दिया जिससे हाथ धड़ से अलग हो गया। जैसे ही परिजनों ने देखा तो आनन फानन स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## यूपीयूएमएस में ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग के ब्लड बैंक में वार्षिक कार्यशाला आयोजित

इटावा। यूपीयूएमएस सैंफई में मंगलवार को ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभाग के ब्लड बैंक में वार्षिक कार्यशाला का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. डॉ प्रभात कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला में रोजमर्रा की प्रेक्टिस में आने वाली समस्याओं पर व्याख्यान हुए कैसे हम बार -बार खून चढ़ाने वाले मरीजों को सही तरीके से व सेफ ट्रांसफ्यूज़न दे सकते है व रक्त घटकों की गुणवत्ता और नियंत्रण पर चर्चा हुई। असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद सिंह ने हीमोग्लोबिन ऐस्टीमेशन के संदर्भ में अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और असिस्टेंट प्रोफेसर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग डॉ ज्योति कला भारती ने भी रक्त घटकों की गुणवत्ता और नियंत्रण के संदर्भ में तकनीकी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ अभय सिंह द्वारा उपस्थित ब्लड बैंक के डॉक्टर्स व छात्र-छात्राओं से कुछ प्रश्न पूछे गए और सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ श्वेता ने किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रमाकांत, कुल सचिव डॉ चंद्रवीर, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एसपी सिंह संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. आदेश कुमार,ट्रांसफ्यूज़न मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ आदित्य शिवहरे, डॉ श्वेता चौधरी, डॉ यतेंद्र,ब्लड बैंक का स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में कार्यक्रम आयोजित

चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस दिनाँक 19 मार्च 2024 को एन.एस.एस.स्वयं सेवकों की दोनों इकाइयों के विद्यार्थियों ने प्रातः दिनचर्या से निवृत होकर योग किया एवं प्रातः नाश्ते के पश्चात पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। अंतर्गत रामनगर बस्ती एवम् टिलुवापुरा में स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया। मध्यान्ह भोजन के पश्चात द्वितीय सत्र महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर आनंद गोस्वामी के संरक्षण में प्रारंभ हुआ इस सत्र मे संगोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डीएवी इंटर कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल शिव कुमार गोस्वामी रहे। सरस्वति वंदना कु दीप्ती एवम् स्वागत




गीत कुअफशा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। एवम् बतया कि प्राचीन काल मे गाय के घी से किये गये हवन से पर्यावरण शुद्ध होता है। कार्यक्रम अधिकारी रुचि जायसवाल ने बताया कि हमारे चारों ओर का परिवेश ही हमारा पर्यावरण है हम सभी जीव जंतु और मानव आपस में एक दूसरे से फूड चेन और फूड वेब के द्वारा जुड़े हुए हैं और धरती पर जीवन का मुख्य आधार यही फूड चेन और फूड वेब है इसकी एक भी कड़ी के डिस्टर्ब होने से पूरा पर्यावरण डिस्टर्ब हो जाता है। इसी क्रम में छात्रा दीप्ती रागिनी स्नेहा अनसूईया नीरज , ने भी अपने विचार क्रमशः प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन ईकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी हरिओम सिंह वर्मा ने एवम् आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी रूचि जायसवाल ने किया।

स्वयं सेवको ने रामनगर एवं टिलवापुरा में जाकर ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण एवम प्राणी संरक्षण के महत्व को समझाया। इस अवसर पर डॉक्टर उमाशंकर त्रिपाठी, डॉक्टर एन के सोनी, डॉ रितु चतुर्वेदी, डॉ दीपक सिंह, शिवचरण बौद्ध जीतेन्द्र अरूण राजचंद्र और भानसिंह एव भारी संख्या मे ग्राम वासी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, शिनाख्त नहीं

मौदहा। क्षेत्र से निकलने वाले बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर युवक को मृत घोषित कर दिया गया। मंगलवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के निकट से निकलने वाले बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में एक व्यक्ति हादसे का शिकार हो कर बेसुध पड़ा हुआ था जिए राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल प्रशासन की ओर से कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है।हालांकि कोतवाली प्रभारी ने ऐसी जानकारी से इनकार किया है और जानकारी करने की बात कही है।

# ससुरालीजनों पर पुत्र की हत्या का लगाया आरोप

सुमेरपुर,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

सिंचाई विभाग में कार्यरत कर्मी ने ग्राम प्रधान की सह पर पत्नी, सास, ससुर, सालों पर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। कस्बे के सिंचाई विभाग के डाक बंगले में कार्यरत चौकीदार याकूब खान ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी आरजू बानो पिछले 6-7 माह से अपने मायके गुसियारी थाना मौदहा में रह रही है। कई बार वह बच्चों से मिलने व पत्नी को लेने ससुराल गया। परंतु ससुरालीजनों ने पत्नी बच्चों को साथ नहीं भेजा और बच्चों को मारकर दूसरी जगह शादी कर देने की धमकी देकर भगा दिया। आरोप लगाया कि गत 14 मार्च को ग्राम प्रधान की सह पर पत्नी आरजू बानो, ससुर मुजम्मिल, सास इशरत जहां, साले साहिल व बउवा आदि ने मिलकर उसके पुत्र राज 6 वर्ष को मार डाला। सूचना पाकर वह ससुराल पहुंचा और पुत्र को मृत पाकर पोस्टमार्टम कराया।

पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है और अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मुहैया नहीं कराई है। कोतवाल रामआसरे सरोज ने बताया कि बच्चे की हत्या नहीं हुई है। बल्कि वह सड़क हादसे में मरा है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

इटावा। थाना भरथना पुलिस ने अलग अलग मामलों में दो व्यक्तियों को 39 देशी शराब के क्वाटर समेत गिरफ्तार किया।

एसआई प्रेमचंद्र ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत ऊमरसेन्डा गांव निवासी सर्वेन्द्र जोकि गांव में खोखा में दुकान किए है, उसके पास से सोमवार की शाम को 20 देशी शराब के क्वाटर बरामद हुए है।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में सोमवार की रात करीब 8 बजे सालिमपुर गांव निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया,उसके पास से 19 देशी शराब के क्वाटर बरामद किए गए। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



## गेहूं खरीद में आने वाली अड़चन पर खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ गठित

हमीरपुर। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) जिला गेहूं खरीद अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अन्तर्गत गेहूं खरीद के लिए केंद्र संचालित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी के पर्यवेक्षण में खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना की है। गेहूं खरीद को लेकर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए हरीश कुमार लिपिक की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यालय दूरभाष नम्बर 05282-221114/मोबाइल-7906401093 पर किसान अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ सभी कार्य दिवसों में कार्यालय समय में सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10 अपरान्ह एक बजे तक क्रियाशील रहेगा। आने वाली शिकायतों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही की जाएगी।

# पीठासीन अधिकारी के तबादला होने तक जारी रहेगा आंदोलन

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन तथा प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिस बार एसोसिएशन का संयुक्त आन्दोलन 29वें दिन भी जारी रहा। क्रमिक अनशन में सागर मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अवधेश पाल, समरदेव, प्रदीप द्विवेदी बैठे। आचार संहिता लगने के कारण अधिवक्ताओं का जुलूस नहीं निकाला गया।

दोपहर एक बजे तक धरना चला। धरने को भगवान दास दीक्षित, जन्मेजय सिंह, फूल सिंह कुशवाहा राजेन्द्र वीर सिंह चौहान, देवी प्रसाद शुक्ल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। तत्पश्चात अधिवक्ता सभागार में आम सभा की मीटिंग में महामंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय



इलाहाबाद से फोन द्वारा प्रशासनिक न्यायाधीश ने वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। इस पर राघवेंद्र शरण त्रिपाठी, जनमेजय सिंह, खलील अहमद, देवेंद्र शुक्ला, लोक भूषण राजपूत, शैलेन्द्र सचान भगवान दास दीक्षित, महिपाल प्रजापति समेत कई अधिवक्ताओं ने विचार रखे। बताया गया कि आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं को पूरे प्रदेश से समर्थन प्राप्त हो रहा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जनपद के अधिवक्ता हमीरपुर के समर्थन में हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं ने पीठासीन अधिकारी के स्थानांतरण होने तक आंदोलन जारी रहने की बात कही।

## पुलिस गिरफ्त से दूर हैं भैंस चोरी के आरोपी

इटावा। थाना बकेवर क्षेत्र के अन्तर्गत लाखी अंदावा में घर के बाहर से भैंस खोले गए चोर, पीड़ित ने दो नामजद आरोपितों की शिकायत , पुलिस चोरों को गिरफ्तार नहीं कर सकी। लाखी अंदावा थाना बकेवर निवासी श्री कृष्ण की 8 मार्च की रात भैंस घर के बाहर प्रति दिन की भॉति बांधकर थोड़ी दूरी पर सो रहे थे। सुबह जब 4 बजे आंख खुली तो भैंस ना देखकर इधर-उधर तलाश करने लगे, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

इधर घर के बाहर भैंस चोरी की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि भैंस चोरी से करीब 65 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

# डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज नवांगतुक डिप्टी सीएमओ डाक्टर दीपक मणि नायक ने औचक औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राठ सीएचसी में बन रहे आयुष्मान कार्डों की जानकारी लेते हुए रिकार्डों का अवलोकन किया। तथा इसके अलावा क्षय रोग (टीवी) के मरीजों की जानकारी प्राप्त करते हुए अभिलेख देखें। साथ ही उन्होंने राठ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की साफ सफाई व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि आज उन्होंने राठ सीएचसी का निरीक्षण किया है। तथा निरीक्षण के दौरान सीएचसी की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली हैं। बताया कि उन्होंने आयुष्मान मित्र ब्रजभूषण से बन रहे आयुष्मान कार्डों की जानकारी प्राप्त करते हुए अभिलेखों का निरीक्षण किया है। तथा छूटे हुए आयुष्मान कार्डों को जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए हैं। तुमने मेरे लिए साथ ही आयुष्मान कार्ड लेकर आने वाले मरीजों को आयुष्मान कार्ड का विशेष लाभ दिलाने के भी दिशा निर्देश दिए हैं।

तथा इसके अलावा उन्होंने क्षय रोग संबंधी मरीजों की भी जानकारी प्राप्त की। तथा मरीजों के खातों में भेजी जाने वाली धनराशि से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया।

**बयान** — डिजिटल प्लेटफॉर्म से बताया कि आप किस योजना से ले सकते है लाभः कार्यक्रम अधिकारी

# किसानों को दी गई जल सुरक्षा के साथ सौर ऊर्जा की जानकारी

राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

कुर्रा गांव में ब्रह्मानंद महाविद्यालय द्वारा आयोजित एनएसएस शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दिया। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान विषय पर आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं का मानसिक एवं सामाजिक एवं राष्ट्र के प्रति अपनी सेवा भक्ति दिखाने का अवसर प्राप्त



होता है। किसानों को जल सुरक्षा के साथ सौर ऊर्जा के उपयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेंद्र सिंह ने किसानों को सौर ऊर्जा का प्रयोग कर डीजल की खपत को कम करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बताया कि आप किस प्रकार सरकार की इस योजना का उचित लाभ ले सकते हैं। डा.सरजू नारायण कुशवाहा ने नवीकरणीय ऊर्जा के बारे किसानों को विस्तार पूर्वक बताया। डॉ.दशरथ सिंह ने कहा कि किसान सिंचाई के लिए सोलर पंप का उपयोग करेगा तो निश्चित डीजल की खपत में कमी आएगी और पर्यावरण भी प्रदूषण से बचेगा।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दुर्गेश कुमार ने कहा कि ऊर्जा और जल संरक्षण प्रदान करने के लिए कृषि क्षेत्र को डीजल मुक्त करना एवं सौर ऊर्जा का उत्पादन कर किसानों के लिए अतिरिक्त आय उत्पन्न करना है। डा.अरुण कुमार ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत नलकूपों और वर्तमान सरकारी पंपों को नवीकरणीय ऊर्जा पर संचालित करने के लिए रूपांतरित किया जाएगा एवं भावी पीढ़ियों के लिए जल को संरक्षित करने का आग्रह किया। गोष्ठी में डा.एसजी राजपूत, डा.राम प्रकाश, स्वयंसेवक नवीन कुमार समेत अनेक स्वयंसेवकों ने अपने विचार रखे। इस दौरान एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। इस दौरान धर्मपाल सिंह, शिवम नामदेव, आशीष पाल, दीपिका द्विवेदी, मुस्कान, कृषिका, रिया गुप्ता, मोनिका, कुमकुम, प्रशांत, स्वतंत्र, रामराजा, संजय सिंह, हृदेश श्रीवास, ज्ञानसिंह, उपासना, खुशी, नीलम राजपूत, अमित राजपूत आदि लोग रहे।

# चुनावी खर्च को लेकर राजनीतिक दलों के साथ डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

- कहा कि निर्वाचन ब्यय से संबंधित निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अनुपालन करेंगे सुनिश्चित
- जनपद के सभी प्रिंटिंग प्रेस राजनैतिक बैनर ,पंपलेट आदि पर प्रेस का नाम,संख्या आदि अंकित करवाना करेंगे सुनिश्चितः डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी



**लोकसभा निर्वाचन** एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचन ब्यय को लेकर डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रिंटिंग प्रेस एवं होटल एवं मैरिज हॉल संचालकों के साथ बैठक की गई। डीएम सिंह ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराए जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन ब्यय लेकर गाइडलाइन से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सीट के उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपए तथा विधानसभा सीट के उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए तय की गई है। कोई भी उम्मीदवार तय किए गए सीमा से अधिक खर्च नहीं करेगा। उम्मीदवार को नामांकन से पहले बैंक अथवा डाकघर या कोऑपरेटिव बैंक में चुनावी खर्च के लिए अलग से खाता खुलवाना होगा। इसके लिए बैंकों को निर्देश दे दिए गए हैं कि उम्मीदवारों के लिए अलग से डेडीकेटेड काउंटर बनाया जाए। चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को चुनावी खर्च रजिस्टर दिया जाएगा, जिसे प्रतिदिन मेंटेन करना होगा। व्यय रजिस्टर में नामांकन से लेकर परिणाम तक हुए खर्च को उम्मीदवार द्वारा दर्ज किया जाएगा। उम्मीदवार सभी खर्च/ लेनदेन बैंक खाते से ही करेंगे। उम्मीदवार 10 हजार से अधिक का लेनदेन चेक या एनईएफटी से ही करेंगे। उन्होंने कहा की सभी राजनैतिक दलों के उम्मीदवार निर्वाचन व्यय को लेकर आयोग के सभी गाइडलाइन का पालन करेंगे। प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को निर्देश दिया की सभी राजनैतिक पोस्टर,पंपलेट पर प्रेस का नाम,संख्या आदि जरूर अंकित करेंगे तथा कोई भी राजनीतिक प्रचार सामग्री छापने से पूर्व तीन प्रतियों में उसे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। होटल/मैरिज हॉल संचालकों को निर्देश दिए की होटल/मैरिज हॉल में राजनैतिक दलों के बुकिंग का पूरा विवरण रखेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार,एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर,एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार,एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति का हुआ है उत्थानः गौड़

- महानगर महिला मोर्चा की देवकाली व करियप्पा मंडल की बैठक सम्पन्न

अयोध्या। समृद्धि न्यूज



**महानगर महिला** मोर्चा के देवकाली व करियप्पा मंडल की बैठक लोक सभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित की गई।बैठक में संगठन का ढांचा मजबूत करके लोक सभा चुनाव में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई।इस दौरान संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत पेटिका में महिलाओं ने अपने सुझाव भी दिए।बैठक में महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति का उत्थान हुआ है। महिलाओं का सम्मान बढ़ा है, इसके लिए वे सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमेशा आभारी रहेंगी।एक बार फिर नारी शक्ति अयोध्या से पिछली बार से अधिक अंतर से जीत दिला कर लगातार तीसरी बार देश के पीएम नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगी। छोटी छोटी टोलियां बना कर व्यापक जनसम्पर्क के माध्यम से घर घर जा कर सरकार की योजनाओं की चर्चा करें। अशोक द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों का विकास हो रहा है जो किसी से नहीं छुपा है।भाजपा सरकार की विकास को देखकर विपक्षी पार्टियों में बौखलाहट पैदा हो रही है।भाजपा सरकार के द्वारा जिस रफ्तार से इतने ही कम समय में जो विकास किया है वह किसी पार्टी में नहीं किया।महानगर महामंत्री प्रतिमा शुक्ला ने कहा कि सरकार की महिला उत्थान की नीतियों से महिलाओं में सरकार के प्रति उत्साह है।चार जून चार सौ पार के लक्ष्य पर अयोध्या से सर्वाधिक अंतर से विजय प्राप्त करना है।महानगर मंत्री स्वाती सिंह ने कहा सरकार की महिला उत्थान की चर्चा घर-घर सम्पर्क कर करें। इस अवसर पर नीलम जायसवाल, माया सिंह, नीता शर्मा, यमुनोत्री केसरवानी, रेखा शर्मा, सीता सिंह, शकुंतला गौतम, डा सोनी, मालती चौहान, शकुंतला मौर्या, अर्चना तिवारी व किरन दूबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# पीठासीन अधिकारियों को ट्रेनिंग देने वाले मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण डीएम की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

- सभी मास्टर ट्रेनर पूरी बारीकी से प्राप्त करें प्रशिक्षण, हैंडबुक का कर ले दो से तीन बार गहन अध्ययनः डीएम

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज




**लोकसभा निर्वाचन** एवं गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कर जाने हेतु प्रशासन की सभी तैयारियां पूरे जोरों के साथ आगे बढ़ रही है। इसी के क्रम में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 60 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण विकास भवन सभाकर में संपन्न हुआ। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय को वोटिंग की बारीकियां के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस दौरान डीएम ने कहा कि सभी मास्टरट्रेनर पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर ले। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का कम से कम 2 से 3 बार भली-भांति अध्ययन कर ले। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं वोटिंग की सभी बारीकियां बताई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक,पीडी सीपी श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने किया नेत्र ज्योति अभियान का समीक्षा

**बलरामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने नेत्र ज्योति अभियान की समीक्षा किया, कम उपलब्धि वाले ब्लॉकों के नेत्र परीक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मोतियाबिंद के रोगियों की लाइन लिस्टिंग कर उनका ऑपरेशन करवाना सुनिश्चित करें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नेत्र ज्योति अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में नेत्र से जुड़ी हुई समस्त बीमारियों का इलाज व उपचार कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की जाए। जनपद बलरामपुर में अभी तक कुल 5536 मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क आपरेशन किया गया है। नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर,उतरौला सहित पांच प्राइवेट हॉस्पिटल पन्ना लाल सरावगी हॉस्पिटल , प्रेम सेवा हॉस्पिटल,अलीगढ़ आई सेंटर , देव आई हॉस्पिटल, दीप नेत्रालय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत अनुबंधित है। सीएमओ ने राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ ए के शुक्ला को निर्देशित किया की निर्धारित दिवसों पर मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु मेगा कैंपों का आयोजन कर निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा सभी मरीजों को उपलब्ध कराई जाए। समीक्षा बैठक में सभी विकास खण्डों से आए हुए नेत्र परीक्षण अधिकारियों, डॉ सुनील कुमार आई सर्जन,अरविंद मिश्रा, विनोद त्रिपाठी राजकुमार मिश्रा आदि ने प्रतिभाग किया।

## खबरें एक नजर में

### न्यायालय ने थानाध्यक्ष नबाबगंज को किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार ने थानाध्यक्ष नबाबगंज को 20 मार्च को तलब किया है। जानकारी के अनुसार कप्तान सिंह बनाम अनुराग उर्फपप्पू आदि के याचिका में 156(3) सी.आर.पी.सी. में आख्या तलब की थी कि इस घटना के सम्बंध में थाने को कोई मुकदमा दर्ज है कि नही, लेकिन आख्या में उपनिरीक्षक गिरीश कुमार ने 155(2) सी.आर.पी.सी. का जिक्र किया और दोनों पक्षो में 107/116 की कार्यवाही और रुपये, सोने की चैन जैसी कोई घटना नही हुई। आवेदक द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर न्यायलाय में याचिका दायर की गई। न्यायालय के कार्यो को संपादित कराने में रुचि न लेते हुए शिथिलता बरत रही है। उपरोक्त कृत्य अत्यंत लापरवाही का है।20 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दाखिल करें।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गम्भीर रुप से घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना घुमरी क्षेत्र के मोहल्ला उतरने निवासी श्याम सिंह जाटव उम्र 35 वर्षीय पुत्र महेश चन्द्र जाटव बाइक द्वारा कायमगंज क्षेत्र के गॉव लालपुर अपनी ननिहाल में मामा मोहनलाल जाटव की गमी उठाने आया था। गमी उठाकर वापस घर लौटते समय जैसे ही वह ब्राहिमपुर जागीर कोतवाली कायमगंज के निकट पहुंचा, तभी बाइको की आमने सामने जोरदार भिडन्त हो गई। जिससे बाइक सवार श्याम सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को 108 एम्बुलेन्स से ईएमटी राजीव द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहॉ चिकित्सा प्रभारी डाक्टर शोभित शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया तथा थाने ले जाकर उसे सीज कर दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चपरा निवासी राम शंकर पुत्र बृजेश कुमार अपने ट्रैक्टर से अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रहा था। अवैध खनन की सूचना अमृतपुर पुलिस को मिलते ही थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर को हरसिंहपुर तिराहे से पकड़ लिया और ट्रैक्टर को थाने ले जाकर सीज कर खनन अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर दी। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया है कि यदि क्षेत्र में कोई और भी खनन माफिया खनन करते हुए पाया जाएगा तो शासन की मंशा के अनुरूप कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### लूटने के प्रयास में 25 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज कस्बा निवासी अनिल कुमार एक्सिस बैंक फर्रुखाबाद शाखा में कैश भरने का काम करते हैं। वह 26फरवरी 2024 को 3,34,400/-रुपया लेकर नवाबगंज से फर्रुखाबाद जा रहे थे। ग्राम महमदपुर कामराज के पास उनके टेंपो को दो बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर उनका झोला छीनने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब ना हो सके। इसके बाद अनिल कुमार ने पेट्रोल पंप हटियापुर में सीसीटीवी में लुटेरों की बाइक की पहचान कर ली। उन्होंने यूपी76एसके6854 गाड़ी चालक के खिलाफ थाने में बीते थाना अध्यक्ष अमोद कुमार को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### दबंग ने भट्ठा मालिक को दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला थाने वाली गली निवासी आकाश गुप्ता का वीरपुर रोड पर भट्ठा व कोल्ड स्टोरेज है। वह कल अपने कोल्ड स्टोरेज और भट्ठा को देखने जा रहे थे, तभी नगला दुली गांव निवासी सुरेंद्र सिंह यादव ने उन्हें जमीनी मामले को लेकर रोक कर गाली-गलौज करने लगे। जिसका आकाश गुप्ता ने विरोध किया। इसी बात से नाराज दबंग ने जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल आकाश गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने धारा-323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव बहवलपुर निवासी मुकेश (26) ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना मे दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव अहमदगंज निवासी रामबाबू का 17 वर्षीय पुत्र ओम शिव व शाह आलमपुर निवासी नीलेश (22) मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ओम शिव को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आवारा सांड़ ने किसान को उठाकर पटका, हालत गंभीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कलुआपुर सानी में मंगलबार को फसल रखवाली के दौरान आवारा गौवंशो के हमले में किसान घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम कलुआ सानी निवासी सुनील कुमार उम्र 35 वर्ष का खेत गांव के पास में ही है। खेत में मक्का की फसल बोई थी। मंगलवार को किसान मक्के की फसल की रखवाली कर रहा था। इस दौरान आवारा गौवंशो ने खेत में धाबा बोल दिया। जब गौवंशों को भगाया गया, तो एक गौवंश हमलावर हो गया और दौड़ाकर सींगो से उठाकर किसान को पटक दिया।

# होली,रमजान एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**मॉर्डन थाना** श्रीदत्तगंज परिसर में रमजान व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया ,जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने किया। बैठक में थाना अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने कहा कि आगामी होली ,रमजान व लोकसभा चुनाव सकुशल निपटाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया है उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छेत्र में अशांति व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में आए हुए आम जन व सम्भ्रांत लोगो को त्यौहार व लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर महन्थ जितेंद्र वन,राहुल जायसवाल, विनय कुमार, चंदन मिश्र समेत सभी उपनिरीक्षक, पुलिस मौजूद रहे।

# अंशू पाल एक बार फिर बने सलोवा जिलाध्यक्ष

- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 51 सदस्यीय कमेटी का हुआ गठन, नव मनोनीत पदाधिकारियों और सदस्यों का फूलमाला पहनाकर किया गया स्वागत



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**सपा मुखिया** अखिलेश यादव ने एक बार फिर सलोवा जिलाध्यक्ष के रुप में अंशुपाल पर भरोसा जताते हुए सलोवा जिलाध्यक्ष का पदभार सौंपा है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी की कार्यकारणी का गठन हुआ। इस दौरान सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सपा नेताओ ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और मनोनयन पत्र वितरित किए।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अंशू पाल ने पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी लोहिया वाहिनी कमेटी के मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, राममनोहर लोहिया एवं श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चलकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव आकाश शाक्य नें सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि समाजवादी लोहिया वाहिनी हमेशा से समाजवादी पार्टी का एक अहम संगठन रहा है और इस चुनावी समय में सभी पदाधिकारियों को इस जुमलेबाज भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करना होगा। समाजवादी पार्टी नें अपनें समय में जनपद कन्नौज में विकास की गंगा बहानें का काम किया लेकिन आज भाजपा सरकार में कन्नौज के लोग अपनें को सरकार द्वारा उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। आज भाजपा के लोगों के पास जनता के बीच में बताने के लिए अपनी कोई उपलब्धी नहीं है इसलिए यह लोग केवल झूठ और नफरत फैलाकर चुनाव में जाना चाहते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी बउअन ने कहा कि आज कन्नौज की जनता अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाह से देख रही है। इस अवसर पर सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खान, श्याम सिंह यादव, सयुस के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य सतेन्द्र दोहरे, जिला पंचायत सदस्य शिवाजी दोहरे, रजनीकांत यादव, कौसर खान, जिला प्रवक्ता शकील अहमद आदि वक्ताओं नें अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह, सौरभ रत्न यादव, विवेक यादव, मंगल कुशवाहा, अनिल शाक्य, गोविन्द पाल, शुभम पटेल, रजनीकांत पाल, प्रवीन रजपूत, अमित दोहरे, ओमी ठाकुर, रोहित शाक्य, अंकित बाबू सविता, देवराज शर्मा, श्रषभ गुप्ता सहित कुल 51 सदस्यीय कमेटी को फूलमाला पहनाकर मनोनयन पत्र वितरित किये गये।

चुनाव

पूर्व मंत्री चौनसुख भारती के निजी सचिव रहे बसपा प्रत्याशी

# लोकसभा चुनाव के मैदान में हाथी पर सवार होकर आए सुरेश चंद्र

- विद्युत विभाग से सेवानिवृत हुए अधिशासी अभियंता पर बसपा ने लगाया दांव

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज




**1999 में** बहुजन समाज पार्टी के बृजलाल खाबरी की जीत के बाद बीते कई लोकसभा चुनावों में दूसरे नंबर पर रहने वाली बसपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी के तौर पर सुरेश चंद्र गौतम को घोषित कर दिया है। पार्टी ने इस बार के लोकसभा चुनाव में जिस प्रत्याशी पर अपना दाव लगाया है वह विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रहे और सेवानिवृत्ति के बाद राजनीति में आए हैं तो वहीं इस बीच में पूर्व मंत्री चैनसुख भारती के निजी सचिव के तौर पर भी काम कर चुके हैं फिलहाल बसपा के प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही चुनावी मैदान में हलचल तेज हो गई है। कुछ दिन पूर्व ही भाजपा, कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा के बाद बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के लिए पार्टी किस कैंडिडेट को मैदान में उतरती है इस बात को लेकर आम जनमानस में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही थी क्योंकि बहुजन समाज पार्टी ने वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में बृजलाल खबरी को जीत दिलाकर लोकसभा पहुंचा था हालांकि इसके पहले के सभी चुनावों में बहुजन समाज पार्टी को कामयाबी तो न मिल सकी लेकिन वह मुख्य मुकाबले में देखी गई है पिछले कुछ चुनावों का जिक्र करें तो वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी दूसरे स्थान पर रही तो इसी क्रम में 96 के लोकसभा चुनाव में भी वह दूसरे ही स्थान पर रही कमोबेश 1998 में भी उसे दूसरा स्थान प्राप्त हो सका। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर बहुजन समाज पार्टी के तिलकचंद अहिरवार मैदान में उतरे और पार्टी ने दूसरा स्थान हासिल कर लिया जो की 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बरकरार रहा। फिलहाल बहुजन समाज पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम को मैदान में उतार दिया है मंगलवार को नगर के रघुवीर धाम गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान पार्टी के जोनल कोऑर्डिनेटर लालाराम अहिरवार ने उनके नाम की घोषणा करके चुनावी बिगुल बजा दिया है। फिलहाल मुख्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के बाद अब राजनीतिक हलचल तेज होने लगी है।

### दबंगों ने युवक की खोल ली भैंस, मांगने पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंग ग्रामीण के घर के बाहर बंधी भैंस जबरन खोल ले गया। जब पीड़ित उसके घर अपनी भैंस लेने गया, तो दबंग ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने की बात कही। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कल्लौली निवासी दस्तू कठेरिया अविवाहित है। वह अपने पालन पोषण के लिए एक भैंस अपने घर पर पले हुए हैं। बीते दिवस गांव के ही दबंग वीरे, रामपाल, सियाराम उसकी भैंस घर से खोल ले गए थे। जब युवक अपने घर पहुंचा, तो उसने भैंस घर पर न देखकर इधर-उधर तलाश किया, तो गांव वालों से पता चला कि आपकी भैंस वीरे, रामपाल, सियाराम खोलकर ले गये हैं। जब युवक ने दबंगों से अपनी भैंस देने को कहा, तो दबंग उसे गाली गलौज करने लगे। आसपास के लोगों से उसने अपनी फरियाद की, तो दबंगों ने उसे जमकर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

### मधुमक्खियों के हमले में ग्रामीण घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी महावीर (59) को मक्खियों ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसकी चीख पुकार सुन आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

**सूचना**

मैने अपने बड़े पुत्र शिवम दुबे व पुत्रवधू कशिश दुबे के गलत चाल चलन के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**रमेश चन्द्र पुत्र स्व0 बेंचेलाल निवासी ग्राम बहोरा, थाना जहानगंज, फर्रु0**

कन्नौज में यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना ही पड़ेगा

# ट्रैक्टर-ट्राली पर किसी भी प्रकार की सवारियां न ढोई जायें: डीएम

- ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों को करें प्रेरित, दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न धारण करने पर करें चालान
- वीएचएसएनडी सेशन में कन्नौज ग्रामीण की प्रगति खराब पाये जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा एवं जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि ग्राम पंचायतों की बैठकों में एवं किसान सभाओं में इस बात की चर्चा अवश्य की जाए, कि ट्रैक्टर-ट्राली पर किसी भी प्रकार की सवारियां न ढोई जायें। कहा कि इस संबंध में सभी ग्राम प्रधानों को पत्राचार कर ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियों को ढोये जाने पर रोक लगाने हेतु प्रेरित करें। डीएम ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग खेती के लिये किया जाये न कि सवारियां ढोने के लिए। इससे अप्रिय घटनायें होने की संभावनाऐं बनी रहती है।

डीएम ने बैठक में कहा कि मानीमऊ के पास रोक लगाए जाने के बावजूद अभी भी सड़क पर भारी वाहन खड़े हो रहे है। इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। कहा कि बिना हेलमेट धारण किए बाइक चलने वालों का अभियान चलाकर चालान करें। कहा कि ऐसा प्लान तैयार करें, कि कन्नौज में आ गये हो तो यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना ही पड़ेगा। कहा कि यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध कड़ाई से दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने कहा कि आग से जलने पर बचाव हेतु प्रशिक्षण कराया जाए। इसके साथ ही दुर्घटना होने पर किस प्रकार पट्टी की जाये, इसके लिये विद्यालयों में बच्चों का प्रशिक्षण कराया जाये। उन्होने कहा कि हाई-वे पर अवैध मादक पदार्थों की चेकिंग की जाये। जिलाधिकारी ने पोषण समिति की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि पोषण ट्रैकर पर मात्र 69 लाभार्थियों का ही आधार वैरीफाई होना है, जिसकी प्रगति अच्छी व संतोषजनक है। कहा कि प्रतिदिन आंगनवाड़ी केन्द्र का संचालन हो। कन्नौज ग्रामीण एवं कन्नौज नगर तथा तालग्राम में बच्चो की उपस्थिति का प्रतिशत बहुत ही कम है, इसमें सुधार लाया जाए। वीएचएसएनडी सेशन में कन्नौज ग्रामीण की प्रगति खराब पाये जाने पर उन्होने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि 0 से 6 माह के बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत करा ली जाए। बच्चों का वजन शत-प्रतिशत कराया जाए। इसी से कुपोषित बच्चों की पहचान होगी। पुष्टाहार प्लांट में पुष्टाहार की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। 11 से 14 वर्ष आयु की स्कूल न जाने वाली किशोरियों की सूची शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।



# बार एसोसिएशन का चुनाव आज, तैयारी पूरी



छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** का वार्षिक चुनाव आज होगा।चुनाव अधिकारी रामचन्द्र यादव एड्वोकेट ने बताया कि छिबरामऊ बार एसोसिएशन के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है।इस मतदान मे कुल469 अधिवक्ता अपने मतो का प्रयोग करेगे । चुनाव के बाद मतगणना भी की जायेगी।समर्थन जुटाने को उम्मीदवार अधिवक्ताओ से सम्पर्क मे जुटे है।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर शिवनाथ सिह यादव, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अरविंद सिह राठौर व महासचिव पद पर पंकज मिश्रा,राजीव कुमार दीक्षित, ललित प्रताप सिंह उपाध्यक्ष( द्वितीय पद )पर धीरज तिवारी,शैलेन्द्र सिह, भइया लाल वर्मा कोषाध्यक्ष पद पर अशुतोष चौहान, मुफीद खान प्रशासनिक सदस्य (कनिष्ठ पद) पर अनुराग त्रिपाठी,वरूण कुमार मिश्रा,अवध किशोर यादव, नन्दकिशोर शाक्य, सचिन प्रताप, सुभम त्रिपाठी,शिवम शुक्ला व शहनूर अहमद के बीच मुकाबला होगा।इस संबंध मे चुनाव अधिकारी रामचन्द्र यादव ने बताया की चुनाव प्रात 9 बजे तक किया जायेगा उसके बाद 3.30 बजे से मतगणना की जायेगी।उसके बाद विजेताओ की धोषित भी किये जायेगे।

# खबरें चलते-चलते

## मासिक बैठक में विद्यालयों को निपुण बनाने पर दिया जोर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बैठक में विद्यालयों को जल्द से जल्द निपुण बनाने पर जोर दिया गया। औऱ सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शिक्षा सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंगलवार को तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ए.आर.पी तालग्राम के डॉ पंकज यादव ने निपुण छात्र- छात्राओं की जानकारी ली। और अवगत कराया कि समस्त शिक्षक अपने स्कूल के सभी बच्चों को निपुण बनाए, डॉ पंकज ने बताया की कक्षा आवंटन कार्य विभाजन, संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का प्रयोग किया जाना चाहिए। छात्रों का आकलन शिक्षक विद्यार्थी के आत्मीय संबंध के साथ सभी शिक्षक साथी निपुण लक्ष्य का कार्यक्रम जो चल रहा है। वह समय पर पूर्ण करें, और बच्चों को निपुण शत प्रतिशत होना चाहिए। मासिक बैठक में प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने संचालन किया। इस अवसर पर आदित्य कुमार यादव (नोडल संकुल प्रभारी) सोनपाल (शिक्षक नेता) शैलेंद्र सिंह यादव, अनूप कुमार, अतुल कुमार,सुरेंद्र कुमार,आशीष कुमार, रवीश कुमार, मोहम्मद इस्लाम, घुंघुरू त्रिपाठी, खुशनुदा, उमा देवी, हेमेंद्र कुमार, प्रभाकर, प्रभा, शिव सागर सहित आदि शिक्षकगण रहे। जिसमें सभी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को शिक्षा सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## खेत जोतने का विरोध करने पर मां-बेटों को पीटा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव में खेत जोतने का विरोध करने पर दबंगो ने मां बेटों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रहमतपुर गांव निवासी हसीना बेगम पत्नी शफी मोहम्मद ने ठठिया थाने में गांव के ही सुधीर कुमार, रंजीत यादव पुत्रगण नारेन्द व अभिषेक पुत्र अशोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उक्त लोगों ने उसके खेत को जबरन जोत दिया। जब उसने विरोध किया, तो उक्त लोग मारपीट करने लगे। बचाने आए उनके पुत्र आसीन व नदीम के साथ भी मारपीट की। मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** तहसील के लायर्स बार एसोसिएशन के बरिष्ठ अधिवक्ता मो.रहीस के खिलाफ तिर्वा कोतवाली में मारपीट का मुकदमा दर्ज होने को लेकर तहसील के सभी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने तहसील में नारेबाजी कर न्यायिक कार्य से विरत रहे। तहसील के अधिवक्ता मो.रहीस के खिलाफ कस्बे की ही एक महिला ने तिर्वा कोतवाली में मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। उधर इसी मामले में अधिवक्ता ने भी महिला के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। लेकिन उनका मुकदमा पुलिस ने दर्ज नहीं किया। इसको लेकर तहसील के लायर्स बार एसोसिएशन, न्यू बार एसोसिएशन व बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसील में नारेबाजी की। बाद में एक बैठक कर पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का ऐलान किया। बाद में एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें लायर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत, न्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवेन्द्र सिंह दीपू व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बघेल समेत कई बरिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे।

# परिषदीय विद्यालय बच्चों को दे रहे अच्छी शिक्षा व माहौल: बीडीओ

- ब्लाक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में की प्रयासों की सराहना

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने, ऑपरेशन कायाकल्प, शारदा अभियान को सफल बनाने हेतु एक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन वैष्णवी गेस्ट हाउस तेराजाकेट में किया गया। जिसका शुभारंभ बीडियो मनोज कुमार गुप्ता द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वेश कुमार ग्राम प्रधान, मुसाफिर द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए तथा निपुण भारत मिशन, शारदा अभियान एवं डीबीटी विषय पर अरविंद चौहान, अकादमिक रिसोर्स पर्सन द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पीपीटी के माध्यम से दी गई। खंड विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं कहा कि आज हमारे परिषदीय विद्यालय प्राइवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा और माहौल बच्चों को दे रहे हैं। ग्राम प्रधान द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है आप सभी के प्रयासों से विद्यालयों की कायाकल्प हो रहा है। खंड विकास अधिकारी ने सभी उपस्थित ग्राम प्रधानों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह चौधरी द्वारा खंड विकास अधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त एसएमसी अध्यक्षों, एआरपी ,नोडल शिक्षक संकुल को भी मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया। मंच संचालन आशुतोष दुबे द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर अपने उत्कृष्ट प्रस्तुती पर बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अकादमिक रिसोर्स पर्सन मलिखान सिंह, सुदीप पटेल नोडल शिक्षक संकुल संजीव कुमार, नवीन मिश्रा, आदित्य यादव, आलोक झा, मो. जाबिर, कदीर अहमद, सुभाष कुमार पाल, सुमित कुमार, विक्रम शाक्य, अंजलि, शिवानी, गोपालदत्त शर्मा, संदीप सिंह, तेज बहादुर, पियूष गुप्ता, रजनीश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी समृद्धि न्यूज

# घर लौट रहे युवक को रास्ता रोक की मारपीट, मुकदमा दर्ज

- पीड़ित ने 20 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

**ठठिया थाना** क्षेत्र के मलगई गांव में गत गुरूवार को मजिस्द से वापस आ रहे एक युवक को कुछ लोगों ने घेर लिया। दबंगो ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। युवक पर जान से मारने की नियत से तंमचे से फायर कर दिया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलगई गांव निवासी आसिफ पुत्र जाहिद खां ने ठठिया थाने में मलगई गांव निवासी फखरूल, जुल्फिकार उर्फ मसऊ, आमिर, रियाज, इरफान, रिजवान, रहीस, दानिश, रब्बुल, अनीश, इजाजुल, मैफुज, शानू, नजीबुल, नौशाद, शहनूर, मुनीश, साहिबे आलम, कमरूल व शमशुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत 14 मार्च को वह मजिस्द से वापस घर आ रहा था। रास्ते में उक्त लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। उससे गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उक्त फखरूल ने जान से मारने की नियत से उसपर तंमचे से फायर कर दिया। उसके शोर मचाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अवैध कच्ची शराब बनाने के उपकरण के साथ आरोपी गिरफ्तार



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** के निर्देश पर महाप्रात व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है अभियान के तहत में क्षेत्राधिकार ओंकारनाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कच्ची शराब मां निर्माण व बिक्री की रोकथाम के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत वी 2024 चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क है रम्य आबकारी विभाग की टीम कस्बा इंचार्ज अविनेश कुमार वह अपनी टीम के साथ कस्बे में चलाए जा रहे हैं कच्ची शराब के तहत अभियान के तहत कई जगह छापेमारी कर कच्ची शराब को बरामद किया गया वही मुखवार की सूचना पर शहर के काशीराम कॉलोनी से अभियुक्त सोनम पत्नी स्वर्गीय गनेश गिहार निवासी ब्लॉक नंबर 23 थाना छिबरामऊ एक नंबर अभियुक्त पप्पू इकबाल पुत्र सिकंदर खान निवासी काशीराम कॉलोनी से 30 लीटर कच्ची शराब बन जाए जो मैं शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया काशीराम कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि ब्लॉक नंबर 23 में खुलेआम कच्ची शराब का धंधा चलता है कोई आज से नहीं सालों से कच्ची शराब का कारोबार खुलेआम किया जाता है जिसको स्थानीय प्रशासन नजरअंदाज करते रहे थे जब पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अभियान चलाया गया जब जाकर कहीं काशीराम कॉलोनी में 30 लीटर कच्ची शराब बनाने के उपकरण बा भट्टी बा सिलेंडर पुलिस ने बरामद किए और व्यक्तियों को जेल भेजा।

# स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ-साथ घरों में जाकर लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का किया अनुरोध



छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नेहरू कॉलेज** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में पंचम दिवस पर ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली के साथ-साथ घरों में जाकर लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया तथा पॉलिथीन एवं प्लास्टिक की बोतलों को एकत्रित किया। द्वितीय सत्र में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के विषय पर डॉ0बबिता यादव द्वारा प्रकाश डाला गया। जिसके अंतर्गत उन्होंने स्वयंसेवकों को अकादमी क्षेत्र में मिलने वाली विभिन्न प्रकार की फेलोशिप के बारे में बताया। श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए योजनाओं का उपयोग कर स्वयंसेवकों को भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही योजना, स्टैंड अप इंडिया, सिंगल पॉइंट रजिस्ट्रेशन स्कीम आदि योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पैनल की पैमाइश में गलत निकली पंचायत की कार्रवाई

- पूर्व अध्यक्ष के निर्माण कार्य को पंचायत कर्मियों द्वारा ध्वस्त करने का मामला, नायब तहसीलदार की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**क्षेत्र के** कस्बा समधन में पूर्व चेयरमैन के पुत्र द्वारा अपनी जमीन पर कराये जा रहे निर्माण कार्य को नगर पंचायत कर्मियों द्वारा अवैध बता कर बगैर राजस्व कर्मी के ध्वस्त किए जाने के मामले में बड़ी चूक सामने आई है। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि निर्माण कार्य पूर्ण रूप से वैध था।

बताते चलें कि विगत महापूर्व नगर पंचायत समधन द्वारा प्रभारी निरीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि समधन के पूर्व चेयरमैन के पुत्र सैयद अहमद उसैब बद्दू द्वारा अवैध निर्माण कार्य तालाब की भूमि पर करवाया जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया था। लेकिन अगले दिन फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा बगैर प्रशासन के बलपूर्वक निर्माण कार्य को गिरवा दिया गया था। वहीं पूरे मामले में लेखपाल की भूमिका को भी पंचायत कर्मियों ने संदिग्ध बताया था। पंचायत कर्मी ने लेखपाल व अन्य उच्चाधिकारिओ की साठ गांठ से नगर पंचायत की सरकारी तालावी भूमि पर अवैध निर्माण कार्य करवाए जाने का आरोप लगाया था। जिस पर निर्माण कार्य करवा रहे बसपा नेता सैयद अहमद उसैब द्वारा मामले के संबंध में उच्च अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र देकर पुन जांच की मांग की गई थी। उच्चाधिकारियों को निर्देश पर एक जांच टीम का गठन किया गया जिसमें छिबरामऊ तहसील के नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक एवं तीन लेखपालों द्वारा जांच के उपरांत तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि सैयद अहमद उसैब द्वारा निर्माण कार्य गाटा संख्या 2041 में कराया जा रहा था जो की पूर्णता सही था। वह भूमि संक्रमणीय भूमिधर आरजी में स्थित है। तालाब की भूमि में कोई नया निर्माण कार्य नहीं किया गया है इस पूर्व उक्त गाटा संख्या 2040 की राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में राजस्व टीम द्वारा पैमाइश की जा चुकी है।



जानकारी देते बसपा नेता सैयद उसैब की फाईल फोटो

बहिष्कार

ग्रामीणों ने समस्या का निस्तारण न होने पर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी

# घटिया सामग्री का प्रयोग कर बना रहे टंकी का सोख्ता टैंक

- मानक विहीन पाईपलाइन के कारण आधे गांव तक नहीं पहुंच रहा पानी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**केंद्र सरकार** द्वारा जहां एक ओर ग्रामीण अंचलों में घर-घर पानी पहुंचाये जाने के उद्देश्य से ग्राम खाड़ेदेवर में जल जीवन मिशन द्वारा करोड़ों की लागत से पानी की टंकी बनवाई गई है। वहीं दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति के लिए डलवाई गई मानक विहीन पाइपलाइन दर्जनों जगह से लीकेज है। जिसके कारण आधे गांव के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

वही जिम्मेदारों द्वारा पानी की टंकी के अतिरिक्त पानी को सोखने के लिए बनवाई जा रहे टैंको में सेम ईट सहित मानक के अनुसार सीमेंट मौरम का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। जब संवाददाता द्वारा जिम्मेदार ठेकेदार से दूरभाष पर वार्ता की गई तो ठेकेदार संतुष्टि जनक बयान नहीं दे सके। वही मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मो. इरफान उर्फराजू ने बताया कि आधे गांव में जगह-जगह लीकेज हुई पाइपलाइन के कारण गलियों व सड़कों में पानी भर रहा है। जबकि आधे गांव में लगी नल की टोटियों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा है। उनके द्वारा जिम्मेदार कर्मियों को कई बार सूचना दी गई लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। जिस पर संवाददाता ने अपनी टीम के साथ गांव का भ्रमण किया तो पाया गया कि करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर पाइपलाइन लीकेज की समस्या पाई गई। वहीं ब्लाक तालग्राम के ग्राम खाड़ेदेवर के आंशिक भाग पुरबा में पेयजल की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि पेयजल की समस्या का निस्तारण न होने की स्थिति में वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदारों द्वारा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना में बरती गई लापरवाही की जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या फिर ग्रामीणों की समस्या को एक बार फिर से चलता कर देंगे।




जलनिगम का लागत बोर्ड, सेम ईंट लगाते मजदूर व प्रदर्शन करते ग्रामीण

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# प्रभारी बीडीओ ने सफाई कर्मचारियों को लगायी फटकार

- कई सफाई कर्मचारियों पर लटकी निलंबन की तलवार
- एडीओ पर मनमाने तरीके से हाजिरी न लगाने की कही बात

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज



सफाई कर्मचारियों की बैठक लेते बीडीओ व मौजूद एडीओ — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज विकासखंड** कार्यालय पर जिले के डीपीओ/प्रभारी विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह के साथ विकास खंड क्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान की समीक्षा की। जिसमें स्वच्छता अभियान धरातल पर बिल्कुल शून्य पाया गया। जिसमें ग्राम सचिवों ने क्षेत्र के प्रधानाध्यापक तथा अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के विद्यालयों के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि कई सफाईकर्मी गांव में जाते ही नहीं है और 40000 तथा 42000 वेतन पाने वाले सफाई कर्मचारी गांव में 5000 से लेकर 8000 रुपये पर लेवर रख देते हैं। उनसे काम करवाते हैं। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह लगातार ऐसे नकारा सफाई कर्मचारियों की हाजिरी लगाकर उनसे सुविधा शुल्क लेकर उनके वेतन की निकासी करवाते हैं। जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है और वह ग्राम पंचायत में नहीं जाते हैं। जब बीते दिन जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छता अभियान की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें विकास खंडाधिकारी को भी खरी-खोटी जिला अधिकारी द्वारा सुनाई गईं। जिसको ध्यान में रखते हुए मंगलवार को बीडीओ न एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह ने सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान धरातल पर काम न पाये जाने पर बीडीओ ने सफाई कर्मचारियों की जमकर क्लास लगायी तथा वेतन रोकने की कार्यवाही की। इसके अलावा कई कर्मचारियों का निलंबन प्रस्ताव लिखने की बात कही। रसीदपुर का सफाई कर्मचारी चार माह से अनुपस्थित चल रहा है। जिस पर बीडीओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई लिखने हेतु कर्मचारियों को निर्देश दिए तथा लेटर उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही। वहीं सलेमपुर दूंदेमई में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं पाए जाने पर वहां के रोजगार सेवक को भी नोटिस देकर कार्रवाई करने की बात कही। ग्राम पंचायत बेग के सफाई कर्मचारी की भी बात बिल्कुल धरातल पर झूठी निकली। उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। ग्राम पंचायत पत्योरा, ग्राम पंचायत कोकापुर, ग्राम पंचायत बिछौली में भी गंदगी पाई गई। जिस पर विकास खंड अधिकारी ने बुरी तरह सभी को फटकार लगाई और एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह को निर्देशित किया कि वह किसी भी कर्मचारी की हाजिरी अपने मनमानी तरीके से लगायें। उनको देखें और हाजिरी विकास खंड अधिकारी के माध्यम से लगायी जायेगी। बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस देकर कार्रवाई करने की बात कही।

# छेड़छाड़ का उलाहना देने गयी महिला को लाठी-डंडों से पीटा, चार घायल

शमशबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद थाना** क्षेत्र के ग्राम खुड़ीनाखार जहां दो पक्षों के बीच आपसी रंजिश के चलते गाली-गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान लाठी-डंडे चलने से महिला सहित चार लोग घायल हो गए।

घटनाक्रम के अनुसार बताया गया है यही की निवासी सोनी पत्नी स्वर्गीय मनोज कुमार ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि घर पर अकेली थी और खाना बना रही थी। उसी दौरान आरोपी घर में दाखिल हुआ और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी आगबबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित महिला के अनुसार उक्त प्रकरण की शिकायत करने महिला उसके घर



अस्पताल में भर्ती घायल महिला

गई, तो आरोपी के परिजनों द्वारा गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट की गई। मारपीट की घटना में विधवा का सर फूट गया और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में घायल महिला ने गाली-गलौज तथा मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरे पक्ष के मुकेश कुमार ने बताया छेड़छाड़ का आरोप गलत है। रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। उधर प्रथम पक्ष के आरोपी मुकेश कुमार का कहना था आरोपी धर्मेंद्र जानवरों को निकाल रहा था। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज तथा मारपीट की गई। आरोपियों की पिटाइ से उसके सर में चोट आई। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया घायल महिला द्वारा तहरीर दी गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया घटना की जांच जारी है। दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन कार सवारों की मौत, एक गंभीर

- हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर के लिए किया गया रेफर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**विवाह समारोह** से वापस लौटते समय ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। टक्कर इतनी जबदस्त थी की घायल कार के भीतर ही फंस गये। जिसके बाद पुलिस ने कार को काटकर चारों को जनपद कन्नौज के छिबरामऊ सौ शैय्या अस्पताल भेजा गया। जिसमें चिकित्सक नें तीन को मृत घोषित कर दिया और एक घायल की हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।



रोते बिलखते मृतकों के परिजन — समृद्धि न्यूज

जानकारी के मुताबिक कार सवार 25 वर्षीय खिलावन उर्फ दीपू पुत्र धर्मपाल निवासी कसावा छिबरामऊ, 28 वर्षीय रामजीत प्रजापति पुत्र तुलाराम निवासी बूचपुर तालग्राम कन्नौज, 28 वर्षीय अनमोल पुत्र महावीर निवासी मोकमपुर विशुनगढ़ कन्नौज, 24 वर्षीय शिवम पुत्र अवधेश निवासी बूचपुर तालग्राम एक बारात में शामिल होने गये थे। जहाँ से देर रात वह कार से वापस लौट हे थे। रात लगभग 1 बजे काली नदी पुल के पास ओमनी कार को अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गये। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। घटना की सूचना काली नदी पिकेट पर लगे पुलिस कर्मियों को दी गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भोलेन्द्र चतुर्वेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कार सवार चारों उसके भीतर गंभीर हालत में फंसे थे। जिसके बाद पुलिस ने कार को काटकर कड़ी मशक्कत के बाद चारों घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से छिबरामऊ के सौ शैय्या अस्पताल भेजा। जहाँ शिवम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि अन्य तीनों खिलावन, रामजीत, अनमोल को मृत घोषित कर दिया। सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने बताया कि मंगलवार तड़के हुई दुर्घटना में तीन कार सवारों की मौत हो गयी है, जबकि एक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शार्टसर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जेएनवी रोड निवासी विवेक मिश्रा की जेएनवी रोड पर जनरल स्टोर की दुकान दुकान है। जब उधर से राहगीर गुजरे, तो दुकान से धुआं निकलता देखा, तो उन्होंने घटना की जानकारी दुकान मालिक विवेक मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचकर दुकानदार ने देखा तो आग विकराल रुप धारण कर चुकी थी। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गयी, लेकिन तब तक पड़ोसियों की समर चलवाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। सूचना देने के करीब एक घंटे



बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। दुकानदार ने बताया कि होली के पर्व के चलते उसने बीते दिन ही दुकान में सामान भरा था। आग लगने से फ्रिज, मोबाइल के अलावा करीब 8 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदार विवेक मिश्रा ने बताया कि दुकान में आग शार्टसर्किट से लगी है। घटना की जानकारी मिलने पर भोजपुर से भाजपा विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में ली जानकारी।

## खबरें चलते-चलते

### जानलेवा हमले के मामले में दो युवकों को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवैध तमंचे से जान से मारने की नियत से हमला करने वाले आरोपियों को अपर जिला जज कोर्ट संख्या-6 न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने बबलू पुत्र राजाराम, रामशरण पुत्र जयराम सिंह निवासी मिलकिया नबाबगंज को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। बीते 12 वर्षों पूर्व थाना नबाबगंज क्षेत्र के ग्राम मिलकिया निवासी रामवीर सिंह यादव पुत्र लज्जाराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरे पड़ोस के ताऊ जयराम के पुत्र रामदास ने बैलों की बुग्गी व ट्राली मुझे रखने के लिए दी थी। 10 फरवरी 2012 को सुबह 10 बजे मैं अपने घर के बाहर बैठा था, तभी रामशरण, बबलू आये दरवाजे पर खड़ी बुग्गी खीचने लगे। जब मैंने मना किया तो रामशरण अपने घर से तमंचा ले आया और गुस्से में मेरे ऊपर गोली चला दी। गोली मेरे पेट में लगी है और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने बबलू, रामशरण को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व प्रत्येक आरोपी को 11500 -11500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। कुल जुर्माने की धनराशि का 80 प्रतिशत पीड़ित पक्ष को दिया जाएगा।

### पाक्सो एक्ट के मामले में दोष सिद्ध 21 मार्च को सुनाई जायेगी सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने गोपू उर्फ अनिल पुत्र रामकिशोर निवासी भाऊपुर चौरासी राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर 21 मार्च की तिथि नियत की गयी है। जानकारी के अनुसार बीते आठ वर्षो पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 2 मई 2016 मैं अपने पुत्र और भाई के साथ खेत मे भूसा भरने के लिये गया था। घर मे मेरी माँ, मेरी भाई की पत्नी, मेरी बेटी 14 वर्षीय घर में थी। गांव के ही रामकिशोर का पुत्र गोपू और उसके साथी मेरी पुत्री को सोते समय उठा ले गये। मुझे परिजनों ने घटना की बारे में बताया। पुलिस ने अनिल के घर से किशोरी को बरामद कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर। दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायधीश सुमित प्रेमी ने गोपू उर्फ अनिल को दोषी करार देते हुए सजा के बिंन्दू पर 21 मार्च की तिथि नियत की है।

### तमंचा साहित युवक गिरफ्तार, चोरी की बाइक भी बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाने के दरोगा संतोष कुमार बीती रात गस्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर बवना तिराहे पर बिजली घर के पास दो व्यक्ति बाइक से जा रहे थे। पुलिस के टोकने पर एक युवक बाइक छोड़कर भाग गया। दूसरे युवक को पुलिस ने दबोच लिया। उसकी जामा तलाशी से एक जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया। पकड़े हुए युवक का नाम विपिन कुमार निवासी मिर्जापुर थाना बेवर को 1800 नगदी और टीवीएस चोरी की बाइक जो बीते 15 दिन पहले करणपुर चौराहे से चोरी हुई थी बरामद की है। भागे हुए युवक का नाम छविराम निवासी मिर्जापुर थाना बेवर बताया जाता है। फिलहाल पुलिस ने विपिन कुमार का चालान कर दिया है।

### 40 लीटर कच्ची शराब बरामद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव कैटहा निवासी धर्मराज पुत्र परसन को खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी ने प्राथमिक विद्यालय कैटहा के पास से गिरफ्तार कर 20-20 लीटर की दो केनों में शराब बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सपा को लगा झटका, तोषित प्रीत सिंह ने छोड़ी पार्टी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार तोषित प्रीत सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं पदों से इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजा है। सरदार तोषित प्रीत सिंह ने जारी विज्ञप्ति ने कहा कि ध्यान पूर्वक विचारशीलता के साथ निर्णय लिया है। जब मैं अपने राजनैतिक दायित्वों के प्रति अपनी निष्ठा अनुसार निर्णय लेने को मजबूर हूं। उन्होंने यह भी कहा हमने अपने सदस्यों के साथ अनुभव प्राप्त हुआ है। इसलिए मैं शुभकामनायें देता हूं और वर्तमान में समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस्तीफा भेज रहा हूं।



### आज तोषित प्रीत शामिल होंगे भाजपा में

**फर्रुखाबाद। पिछले काफी दिनों से समाजवादी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे सरदार तोषित प्रीत सिंह ने निर्णय लेते हुए आखिरकार इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के नेताओं द्वारा उपेक्षित किये जाने व समय-समय पर निजी तरह से परेशान करने को लेकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। उनके हर कार्य में उनके भाई चरनप्रीत का सहयोग रहता है। बीते दिनों दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात हुई थी। जिसके चलते उन्होंने निर्णय लिया है। ठीक लोकसभा चुनाव के दौरान इस निर्णय से समाजवादी पार्टी को एक और झटका लगा है। तोषित प्रीत सिंह बुधवार को भाजपा कार्यालय आवास विकास में जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के समक्ष अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल होंगे।**

# फतेहगढ़ कोतवाल पर लटकी कार्रवाई की तलवार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- 21 मार्च को स्पष्टीकरण न देने पर सात दिन का होगा कारावास

**अभियुक्तों को** गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश न करने व आदेशिकायें तामीलशुदा अथवा अदम तामीला न्यायालय वापस न करने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार ने कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को नोटिस देकर स्पष्टीकरण न्यायालय में पेश होकर देने का आदेश दिया था, लेकिन कोतवाली प्रभारी द्वारा न ही न्यायालय के समक्ष स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया, जो अत्यन्त आपत्तिजनक है।

न्यायालय ने फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी को 21 मार्च को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध आवश्यक आदेश पारित करते हुए जरिए गिरफ्तारी वारंट न्यायिक अभिरक्षा में 7 दिवस के साधारण कारावास से दंडित किया जायेगा। राज्य बनाम चक्रेश कुमार, राज्य बनाम रामलड़ैते आदि, राज्य बनाम हरनाम सिंह आदि के विरुद्ध न्यायालय में वाद विचाराधीन है। आरोपीगण अनेक तिथियों से अनुपस्थित चल रहे है। जिस कारण वाद अनावश्यक रुप से लंबित है।

उनके कार्यवाही अग्रसारित नहीं की जा रही है। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध अनेकों बार गैर जमानतीय अधिपत्र/एनएस निर्गत किये गये। संबंधित पैरोकार द्वारा आदेशिकायें प्राप्त की गयी। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष न तो पेश किया गया और न ही आदेशिकायें तामीलशुदा अथवा अदम तामीला न्यायालय में वापस की गयी। अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार ने 18 मार्च के कोतवाली प्रभारी फतेहगढ़ को नोटिस देकर स्पष्टीकरण करने का आदेश दिया था, लेकिन कोतवाली प्रभारी द्वारा न ही न्यायालय के समक्ष स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया, जो अत्यन्त आपत्तिजनक है।

ऐसा प्रतीत होता है कि वह न्यायालय के कार्यों के प्रति उदासीन है तथा न्यायालय के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे है। थानाध्यक्ष कोतवाली फतेहगढ़ का उक्त कृत्य न्यायालय की आदेश की अवहेलना को प्रदर्शित करता है, जो कि धारा 349 की परिधि के तहत आता है। न्यायालय ने फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी को 21 मार्च को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध आवश्यक आदेश पारित करते हुए जरिए गिरफ्तारी वारंट न्यायिक अभिरक्षा में 7 दिवस के साधारण कारावास से दंडित किया जायेगा।

### कच्ची दीवार गिरने से पिता की मौत, दो पुत्र घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गड्ढा खोदने के दौरान कच्ची दीवार गिरने पिता व दो पुत्र दबकर गम्भीर रुप से घायल हो गये। परिजनों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने पिता को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुसिल ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टमकराया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9 बजे थाना क्षेत्र के गांव बहबलापुर निवासी समरपाल सिंह (50) कच्ची दीवार के पास पिलर बनाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे। साथ में उनके पुत्र रोहित (22) तथा मोहित (19) भी उनका हाथ बंटा रहा थे, तभी अचानक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गयी। जिसमें पिता व दोनों पुत्र दब गये। पत्नी गुड्डी की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने मिट्टी हटाकर तीनों को बाहर निकला तथा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने समरपाल को मृत घोषित कर दिया।

# गरीब बंदियों की जमानत राशि/जुर्माना के भुगतान के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार फतेहगढ़ एवं केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध निर्धन/गरीब बंदियों की जमानत राशि एवं जुर्माना आदि के भुगतान के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में संजय कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य, डॉ0 संजय कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक सदस्य, बद्री प्रसाद कारापाल केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ सदस्य, भीमसैन मुकुंद सदस्य सचिव अधीक्षक जिला कारागार फतेहगढ़ ने प्रतिभाग किया। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही शुरु करते हुए भीमसैन मुकुंद सदस्य सचिव अधीक्षक जिला कारागार फतेहगढ़ द्वारा उत्तर प्रदेश शासन एवं कारागार फतेहगढ़ के 04 बंदियों एवं केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ के 11 बन्दियों के प्रकरण समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया। जिस पर संजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कारागार



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद जेल अधिकारी आदि

मुख्यालय इस सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में बिन्दु 05 के अंतर्गत प्रतिबंधित श्रेणी जैसे भ्रष्टचार निवारण अधिनियम, एन.डी.पी.एस. एक्ट, गैरकानूनी गतिविधियां रोक अधिनियम जैसे अपराधों से दण्डित बंदियों के प्रकरणों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। इस पर विचारोपरान्त समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश शासन की पूर्व प्रख्यापित समय पूर्व रिहाई के अंतर्गत वर्णित प्रतिबंधित श्रेणी के बंदियों के प्रकरणों को छोड़कर अन्य श्रेणी के बंदियों के प्रकरणों पर विचार किया जाये। बैठक में केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ द्वारा प्रस्तुत सूची में कुछ प्रकरण अन्य जनपदों के निवासी बंदियों से संबंधित थे। उनको अन्य जनपदों के न्यायालय द्वारा ही दण्डित किया गया था ऐसे बंदियों के प्रकरणों पर समिति द्वारा निर्णय द्वारा कि ऐसे प्रकरणों को बंदी के मूल निवास के जनपद की उक्त विषयक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत/प्रेषित किया जाये। अन्य जनपद के निवासी बंदियों के प्रकरणों को इस जनपद की समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। विचार के लिए प्रस्तुत किये गये बंदियों की आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन/आंकलन राजस्व विभाग से कर लिया जाये। इसके पश्चात अप्रैल के प्रथम सप्ताह में समिति के विचारार्थ प्रकरण प्रस्तुत किये जायें। बैठक के अंत में भीमसैन मुकुंद सदस्य/सचिव अधीक्षक जिला कारागार फतेहगढ़ द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

शिकंजा

### सात नमूने संग्रह कर तीन का किया गया चालान

# होली के मद्देनजर नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में मिलावटखोरों पर कसा गया शिकंजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**होली पर्व** के मद्देनजर एफ0एस0डी0ए0 ने छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु 7 नमूने संग्रह किये व तीन चालान किए।

आगामी होली पर्व को देखते हुए मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, विमल कुमार एवं आशीष कुमार वर्मा के साथ छापामार अभियान चलाया गया। निकट तिकोना पुलिस चौकी रकाबगंज पर स्थित गोपाल गुप्ता पुत्र लालमन गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान कंचन भोग स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पनीर, बादाम रोल व गुझिया का 01-01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। ग्राटगंज लालसराय पर स्थित रमन उर्फ रमव कुमार सक्सेना पुत्र राजकुमार सक्सेना के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ केसू नट पैक्ड का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।



सैंपल संग्रह करती टीम — समृद्धि न्यूज

किराना बाजार में स्थित राजेश खण्डेलवाल पुत्र कैलाश चन्द्र खण्डेलवाल के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ राइस पापड़ पैक्ड का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। ग्राटगंज स्थित रिंकू पुत्र विनोद कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ पापड़ (मक्खन ब्राण्ड) पैक्ड का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।'ग्राटगंज स्थित संजय कुमार पुत्र रामऔतार के खाद्य प्रतिष्ठान अनुष्का किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ बेसन का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। इसके साथ ही अस्वच्छकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का विक्रय व भण्डारण करने पर निम्न खाद्य कारोबार कर्ताओं का चालान किया गया। जिनमें डा0 राम मनोहर लोहिया हास्पिटल के सामने आवास विकास स्थित सचिन सक्सेना पुत्र बृज मोहन के खाद्य प्रतिष्ठान लव चाऊमीन भण्डार पर अस्वस्थ्यकर स्थिति में खाद्य पदार्थो का विक्रय व भण्डारण करने के कारण एफ0एस0एस0 एक्ट 2006 की धारा-56 अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की गयी। आवास विकास तिराहे के निकट मनोज सक्सेना पुत्र हरीकृष्ण सक्सेना के खाद्य प्रतिष्ठान विशाल छोले भटूरे पर अस्वस्थ्यकर स्थिति में खाद्य पदार्थो का विक्रय व भण्डारण करने के कारण एफ0एस0एस0 एक्ट 2006 की धारा-56 अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की गयी। आवास विकास तिराहे के निकट स्थित राहुल सक्सेना पुत्र प्रेमचन्द्र सक्सेना के खाद्य प्रतिष्ठान पर अस्वस्थ्यकर स्थिति में खाद्य पदार्थो का विक्रय व भण्डारण करने के कारण एफ0एस0एस0 एक्ट 2006 की धारा-56 अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की संस्तुति की गयी।

### झोलाछाप के इलाज से वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर सैदपुर खास निवासी धर्मजीत उम्र 70 वर्षीय पुत्र किशनलाल के बेटे रिंकू के अनुसार उसका पिता धर्मजीत खेत पर तंबाकू का काम कर रहा था। इस दौरान उसकी सांस उखड़ने लगी। वह गांव के झोलाछाप डॉक्टर के यहां दवा लेने पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसके कई इंजेक्शन लगा दिये। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। आसपास के लोगों ने सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन धर्मजीत को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां डॉक्टर ने धर्मजीत को मृत घोषित कर दिया। जिन्होंने झोला छाप चिकित्सक के ऊपर गलत इंजेक्शन लगाकर मार डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि धर्मजीत प्रधान पुत्र दिनेश कुमार भारती के यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहा है। हमारे पिताजी की मौत का जिम्मेदार झोलाछाप चिकित्सक है। घटना की सूचना पाते ही कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार सहित पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर जांच पड़ताल की। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी उमा देवी सहित आठ बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मूल्यांकन का बहिष्कार कर शिक्षकों ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

▸ पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ नौकरी दिलाये जाने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठन समृद्धि न्यूज



मूल्यांकन बहिष्कार कर शोकसभा में मौजूद शिक्षक समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक शिक्षक** संघ, शर्मा गुट, चंदेल गुट व प्रधानाचार्य परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन का बहिष्कार किया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि मुजफ्फर नगर में वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की हत्या के शोक में श्रद्धांजलि सभा कर न्याय की मांग की है। उत्तर पुस्तिकाओं को पहुंचाने गये मुजफ्फर नगर में शिक्षक धर्मेन्द्र की उसी ट्रक में सुरक्षा हेतु तैनात आरक्षी चन्द्र प्रकाश द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दुखद घटना को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ ने निंदा करते हुए मूल्यांकन कार्य में लगे सभी शिक्षकों ने कार्य छोड़कर बहिष्कार करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मृतक धर्मेन्द्र के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाये। मृतक शिक्षक के आश्रित को नौकरी एवं परिवारिक पेंशन दी जाये। मृतक शिक्षक के बच्चों की पढ़ाई खर्च सरकार उठाये। हत्यारोपी आरक्षी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर सजा सुनाई जाये। जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, जिला महामंत्र अर्जुन प्रताप सिंह, मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने शोकसभा के बाद डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने शिक्षक की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के लिए एक करोड़ की आर्थिक सहायता व मृतक की पत्नी को शेष सेवाकाल में पूर्ण वेतन प्रदान करने की मांग की। सभी ने शिक्षक एकता के नारे लगाये और मूल्यांकन का बहिष्कार करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, संतोष दुबे, प्रदीप जायसवाल, सतेन्द्र सिंह, रजनीश शिवा, संजीव चौहान, शैलेश दुबे, नरेन्द्र सोलंकी, सुधाकर चतुर्वेदी, बृजेश कुमार, अवधेश यादव, प्रशांत मिश्रा, जयदीप शर्मा, गौरीशंकर, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, डा0 बृजभूषण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# केडी बालिका डिग्री कालेज में कैरियर काउंसिलिंग संगोष्ठी सम्पन्न



संगोष्ठी में मौजूद छात्रायें समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कृष्णा देवी** बालिका पीजी कालेज आवास विकास में कैरियर काउंसलिंग संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रेमलता श्रीवास्तव ने की। उन्होंने छात्राओं के कैरियर पर बोलते हुए कहा कि रोजगार के अवसर मिलते है उनका छात्रायें लाभ लें और कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से स्वरोजगार बने। महाविद्यालय स्तर पर ऐसी गोष्ठियों से प्रेरित किया जाता है कि छात्रायें स्वालंबी बने और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ी हो। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकायें एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसएमसी खातों की धनराशि शत-प्रतिशत उपयोग करने का दिया गया सुझाव



बैठक में मौजूद शिक्षक समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय जैनापुर में संकुल शिक्षक की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। एसएमसी खातों में प्राप्त धनराशि का शत-प्रतिशत उपभोग करने का सुझाव दिया गया। साथ ही 20 मार्च से पहले प्रारम्भ हो रही वार्षिक परीक्षाओं के रुचि पूर्वक सम्पन्न कराये एवं शत-प्रतिशत छात्र परीक्षा में सम्मलित होने की बात कही गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने कहा कि छात्र उपस्थिति एवं नवीन नामांकन व लोकसभा निर्वाचन सम्बन्धित समस्त कार्य विद्यालय स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न कराये जाये। साथ ही निपुण लक्ष्यों की प्राप्ती हेतु सभी लोग मिलकर प्रयास करें। एवं कम्पोजिट धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग मार्च में ही करने पर बल दिया गया। बैठक में राहुल वर्मा, साजिद खां, वीना माहोर, रीता शाक्य, उर्वसी दुबे, महेश सिंह, अमिता सिंह, राजेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### स्वीप प्रभारी राजकुमार ने मतदाताओं को जागरुक करते हुए दिलायी शपथ



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर आंशिक में प्राथमिक विद्यालय भिडौर में संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों और रसोइयों की बैठक का आयोजन लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। 13 मई को जनपद में मतदान दिवस है। जिसमें शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु स्वीप टीम प्रभारी राजकुमार ने सभी मतदाओं को जागरुकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मनोज कुमार गंगवार, अशोक कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार, रामबाबू कुरील, अरुण द्विवेदी, विमल कुमार, जितेन्द्र राजपूत, गुरमीत सिंह, सुनीता देवी, प्रियंका, सनी कुमार, लालाराम, रनवीर सिंह, रोली सिंह, रचना राजपूत, अर्पूवा राजपूत, रेखा बाथम, भारती, यशवीर सिंह, अजीत सिंह, राकेश शर्मा, शशीकांत, विकास राजपूत, माधुरी, पंकज, रिचा, नन्ही देवी, सरिता, विमलेश, उमाशंकर, इरफान, विनोद, सुरजीत, लक्ष्मी, यशपाल व ग्राम प्रधान एवं बीएलओ मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं के अस्थायी चेंबर पर नाजायज कार्यवाही रोकने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बार एसोएिसशन के सदस्य शिवेन्द्र मोहन मिश्रा व उनके अधिवक्ता साथियों ने अध्यक्ष व महासचिव को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि एसडीएम व नगर मजिस्ट्रेट द्वारा अस्थाई चेम्बरों पर कार्यवाही कर पक्षपात किया गया है। जबकि सभी अधिवक्ता विधि व्यवसाये करते है। आपसी विवाद के कारण अधिवक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। इस प्रकरण को संज्ञान लिया जाये और अधिवक्ताओं को नाजायज परेशान न किया जाये। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता दिवाकर द्विवेदी, अभिषेक कुमार, सत्यम दीक्षित, शरद शुक्ला, उदय द्विवेदी, अचल सिंह आदि अधिवक्ताओं के नाम शामिल है।

### लोधी महासभा आज मनायेगी अवंतीबाई का बलिदान दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी महासभा द्वारा 166वां बलिदान दिवस बुधवार को 10 बजे बेवर रोड बघार स्थित विक्रांत सिंह राना के प्रतिष्ठान पर धूमधाम से मनाया जायेगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष महेश राजपूत ने दी है।

# संकुल बैठक में रसोइया मानदेय व कन्वर्जन कास्ट न मिलने पर दिखा आक्रोश

▸ एक दूसरे को गुलाल लगाकर खेली गई होली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक

**प्राथमिक विद्यालय** मदारपुर में संकुल बैठक सम्पन्न हुई। मुडौल न्याय पंचायत की मार्च माह की मासिक बैठक संकुल प्रभारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में होली पर्व पर रसोईया मानदेय और कन्वर्जन कास्ट न मिलने पर काफी आक्रोश जताया गया। बैठक में वार्षिक परीक्षा, कंपोजिट ग्रांट उपभोग, डीबीटी, प्रेरणा एप, दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति, निपुण लक्ष्य एप के उपयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अरविंद मिश्रा, विनोद पाठक, आकाश पाल, योगेन्द्र कुमार, रवि गुप्ता, कुमार गौरव, प्रीति, हेमलता, रंजीता पाल, अपर्णा सिंह, अनुपम सक्सेना सहित शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के बाद गुलाल से होली खेली गई।

# दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ शिक्षकों ने उठायी कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्य बहिष्कार के दौरान शोक व्यक्त करते शिक्षक नेता समृद्धि न्यूज

**वाराणसी के** शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की पुलिस द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिये जाने को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों में रोष व्याप्त है। इस घटना को लेकर शिक्षकों ने घोर निंदा करते हुए भर्त्सना की। रस्तोगी इंटर कालेज में मूल्यांकन के दौरान कार्य बहिष्कार कर जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने घटना की निंदा की और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाये जाने की मुख्यमंत्री से मांग की। प्रधानाचार्य परिषद के महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह ने कहा कि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ की सहायता प्रदान की जाये और मृतक की पत्नी को सेवायोजित किया जाये। सभी शिक्षकों ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाये। उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ने भी घटना की घोर निंदा की। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने राज्य सरकार से मांग की मृतक परिवार को तत्काल सहायता के रुप में एक करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जाये। परिजनों को राजकीय सेवा में लेते हुए मृतक के सेवा काल तक का पूर्ण वेतन भुगतान एवं अन्य सुविधायें अनुमन्य की जाये। माध्यमिक शिक्षा परिषद की उत्तर पुस्तिकाओं को वाराणसी से एक ट्रक द्वारा अपने साथियों एवं पुलिस बल के साथ विभिन्न जनपदों के मूल्यांकन में कॉपियां उतारते हुए रात्रि में मुजफ्फर नगर पहुंचे थे। मूल्यांकन केंद्र का गेट बंद हो जाने के कारण ट्रक में ही विश्राम कर रहे थे। संरक्षण के उपनिरीक्षक पुलिस नागेन्द्र चौहान, मुख्य आरक्षी चन्द्रप्रकाश व अध्यापक संतोष कुमार सहित दो अन्य सहकर्मी थे। आरक्षी चन्द्रप्रकाश द्वारा नशे की हालत में एकाएक होकर धर्मेन्द्र कुमार को सरकारी कारबाइन से गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्याकाण्ड को लेकर शिक्षकों में रोष है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# एनएसएस के शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




समापन शिविर में मौजूद प्राध्यापक व बच्चे समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 सुंदर लाल के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत से अभिप्रेरित होते हुए प्रभात फेरी निकाली तथा साइबर सुरक्षा/साइबर ठगी एवं शिक्षा का महत्व विषय पर जागरूकता अभियान चलाया। शिविर का समापन प्राचार्य डॉ0 शालिनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने विषय का परिचय देते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा सिस्टम, नेटवर्क, प्रोग्राम, डिवाइस और डेटा को साइबर हमलों से बचाने के लिए प्रौद्योगिकियों, प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का अनुप्रयोग है। साइबर सुरक्षा का उद्देश्य साइबर हमलों के जोखिम को कम करना और सिस्टम, नेटवर्क और प्रौद्योगिकियों के अनधिकृत शोषण से रक्षा करना है। क्योंकि साइबर क्राइम दूसरे बड़े अपराधों की ही तरह ही एक बड़ा अपराध है, जिसे इंटरनेट के माध्यम से अंजाम दिया जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय महाविद्यालय के डा0 समीर गुप्ता ने साइबर क्राइम/साइबर ठगी/साइबर सुरक्षा विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है। किस प्रकार से हम साइबर ठगी से अपने आप को बचा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपनी व्यक्तिगत सूचना फेसबुक, ट्विटर या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर डालने से बचे तथा साथ ही साथ ऐसे किसी भी फोन कॉल को कोई ओटीपी ना बताएं।

मुख्य अतिथि निनौआ के प्रधान विजय कटियार ने सभी स्वयंसेवकों को अपने आशीर्वचनों से लाभान्वित किया। विशिष्ट अतिथि गांव निनौआ के पूर्व प्रधान सुरजीत कटियार ने सभी स्वयंसेवकों से शिक्षा का महत्व समझने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन व्यर्थ है। डा0 महेश कुमार ने बताया कि इन सात दिनों में जो भी सीखा ही उसे अपने जीवन में उतारे और जन जन तक पहुंचाए। डॉ0 अमित कुमार ने मोबाइल प्रयोग की सावधानियों पर प्रकाश डाला, साथ ही विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं पर विश्वास करने की सलाह दी। डॉ0 सतेंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों से साइबर सुरक्षा, बैंकिंग फ्रॉड से संबंधित व्याख्यान दिया। डॉ0 प्रियांशु गुप्ता ने साइबर सुरक्षा से संबंधित अधिनियमों के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, अन्य कर्मचारी एवं छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, फूलन देवी, प्रियांशी वर्मा, पूजा, शिवानी, रोशनी, आकांक्षा, अर्चना, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी, काजल, आर्तिका कटियार, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार, अरुण कुमार, प्रांशु, अमित कुमार, अमनेद्र सिंह, अभिषेक चौधरी, आशुतोष सिंह, मयंक सागर, काजल, आदित्य रतन शाक्य, अभिषेक सिंह वर्मा, कुशाग्र तिवारी, कबीर मिश्रा, ध्रुव गौतम, वंश, शौर्य मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों को मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** कार्यालय के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड राजेपुर में भारती मिश्रा द्वारा लगभग 100 लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। भारती मिश्रा ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह सब लोग सौभाग्यशाली हैं जिनको मत देकर सरकार चुनने का अधिकार प्राप्त है, आने वाली 13 मई को हम सब अपने इस अधिकार का प्रयोग अपना मत देकर करेंगे। साथ ही मतदाता के रूप में शपथ लेते हुए यह भी संकल्प करते हैं कहा कि प्रत्येक मतदाता कम से कम पांच अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु बूथ तक ले जाएंगे। हमें सिद्ध करना है कि भारत के लोग प्रजातंत्र के गौरव से स्वयं को गौरवान्वित समझते हैं। सभी मतदाताओं को जागरुकता शपथ दिलायी गई तथा नारे लगाए-डालें वोट बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं, वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार, बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान। इस अवसर पर शिव कुमार, मनोज कुमार, कविता, सीमा कनौजिया, सीमा तिवारी, अवधेश चौहान, अनीता, प्रीति सिंह, ज्योति लोधी, प्रवेश कटियार, आरती, पूनम, नीति ताहिर, कृष्णकांत, अवनीश कुमार, दीपा चौहान, ज्ञानदीप मिश्रा, रेखा, सुधा वर्मा, पूनम चौहान, सुनीता चौहान, रेखा अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे।

## वीरांगना अवंतीबाई का शौर्य दिवस आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने जानकारी दी है कि अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस 20 मार्च को शौर्य दिवस के रुप में श्याम नगर स्थित 11:30 बजे रेलवे क्रासिंग के पास जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत के निवास पर होगा। जिसमें सभी लोधी समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैम्प लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी का हुआ आयोजन



फ्रेसर पार्टी में मौजूद अतिथि व चिकित्सक एवं छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ नर्सिंगमें लैम्प लाइटिंग ओथ सेरेमनी एवं फ्रेसर पार्टी का आयोजन हुआ। जी0एन0एम0 के 2023-24 बैच के विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेन्स नाइटेंगल से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि डॉ0 मनोज मेल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर फिजीशिएन डॉ0 प्रशान्त श्रीवास्तव, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 विवेक सक्सेना, स्त्री एवं प्रशूता रोग विशेषज्ञ डॉ0 शोभा सक्सेना, डॉ0 राणा प्रताप, मोटीवेशनल स्पीकर नेहा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सभी अतिथियों का संस्था की प्राचार्या स्मृति सिंह व पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में भाषण, नृत्य एवं गेम्स का आयोजन किया गया। वर्ष भर संस्था में अध्यनरत सभी विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा पुरूस्कार एवं सम्मान पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया।

प्रबन्धक अनुराग दुबे ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था के लिए बहुत ही गौरवाशाली क्षण है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम शिक्षण शुल्क में अच्छी सांस्कृतिक शिक्षा देने का प्रयास संस्था के द्वारा नित प्रतिदिन किया जाता रहेगा, जिससे बच्चों के भविष्य का निर्माण सांस्कृतिक शिक्षा के परिवेश में हो सकें। उन्होंने सभी बच्चों को नर्स के जरिए मानव सेवा करने की अग्रिम शुभकमानाएं दी। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष विनोद कुमार अग्निहोत्री, डायरेक्टर डॉ0 सचिन दुबे, शिवस्वरूप पाठक, अभिषेक मिश्रा, प्रमोद तिवारी, रामजी वाजपेयी, लालाराम दुबे, विनीत अग्निहोत्री, सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद दीक्षित, डॉ0 राघवेन्द्र अग्निहोत्री, संजीव बाथम, सुधीर कुशवाहा, सान्तनू कटियार आदि मौजूद रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

# रमजान माह में बरसती है खुदा की रहमत........

▸ इस महीने हर नेकी का अज्र 70 गुना हो जाता है

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माह रमजान का मुबारक महीना बरकतों का है। अल्लाह के रसूल पैगम्बर रसूल हजरत मोहम्मद सल्लअल्लाहों अलैहबसल्लम ने रमजान के महीने को शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है। हाजी शाहिद हुसैन ने बताया कि इस मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है।

## रमजान विशेष

रमजान के रोजों का मकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा एक रूहानी इबादत है। जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाती है। रमजान वह मुकद्दस महीना है। जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते है। रमजानुल मुबारक में रोजदारों ने अल्लाह के रसुल पैम्बर मो0 सल्लाहअलैह बसल्लम ने रमजान को शाहरुल मुआसल कहा है। सैफ हुसैन ने बताया का कहना है कि रमजान के इस पवित्र महीने में एक अत्यन्त सुंदर और मनोहारी दृश्य देखने को मिलता है। सभी मुसलमान रोजा नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं। कहते हैं कि रमजान अत्यधिक बरकतों वाला महीना है। इस महीने की अनेक खूबियां हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी ने बताया कि रमजान का महीना अल्लाह की ओर से बंदों के लिए खुसूसी पैकेज यानी खास तोहफा है। हर साल रमजान में यह खास तोहफा मिलता है। इस महीने हर नेकी का अज्र 70 गुना हो जाता है। इसलिए सभी को रोजे पूरी इबादत से रखने चाहिए।



हाजी शाहिद हुसैन




सैफ हुसैन



राशिद जमाल सिद्दीकी

# 400 पार फिर बनेगी मोदी सरकार : धामी

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केन्द्र और राज्य सरकार के विकास और जन कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि उत्तराखंड की जनता में एक अलग सी उमंग और उत्साह देखने को मिल रहा है। आम लोगों में 400 पार की चर्चा का वातावरण यह बता रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तीसरी बार बनने जा रही है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार रोड स्थित भाजपा प्रदेश स्तरीय मीडिया सेंटर के शुभारंभ के मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मौके पर उन्होंने कहा कि चुनाव वातावरण से साफ है कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। आम लोगों में 400 पार की चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के पक्ष में देश में माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिल में उत्तराखंड बसता हैं और यहां के लोगों के दिल में मोदी है। हम सब मोदी का परिवार हैं, इसलिए सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए लोगों से पांचों सीट पर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की। उन्होंने बताया कि हाल कुछ ही दिनों में राज्य के 25 स्थान पर बड़े कार्यक्रमों में उन्हें शामिल होने का मौका मिला, जिसमें 18 कार्यक्रम मातृशक्ति के थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ और पन्ना स्तर तक चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में अब तक 11 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की अब तक ग्राउंडिंग हो चुकी है। उधम सिंह नगर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2 दिन पहले तक वहां के लिए हुए 25 हजार करोड़ रुपये निवेश के सापेक्ष अब तक 18 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जा चुके हैं। इस समिट में 50 देश के प्रतिनिधियों का शामिल होना भी अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है।

प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा हम देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लेकर आए। हम देश का पहला राज्य बने जिन्होंने यूसीसी को कानून बनाकर राष्ट्रपति से स्वीकृति दिलाई। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की ओर से स्थिति पर तत्काल नियंत्रण किया गया। लेकिन हमने तय किया कि देवभूमि में प्रेम, शांति एवं सद्भाव के माहौल को खराब करने वालों को किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा। जिसके लिए हम कठोर दंगा रोधी कानून लेकर आए ताकि ऐसी घटनाओं में हुए नुकसान की पाई पाई दंगाइयों और उपद्रवियों से वसूली जाये।

### इस दिन भाजपा उम्मीदवार करेंगे नामांकन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में होने लोकसभा उम्मीदवारों के नामांकन तारीखों ऐलान करते हुए हरिद्वार से पहले ऑनलाइन नामांकन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आगामी एक माह प्रदेश स्तर की सभी मीडिया गतिविधियों कार्यक्रमों का संचालन मीडिया सेंटर से ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी की मौजूदगी में 22 मार्च को अल्मोड़ा, 26 मार्च को टिहरी और पौड़ी गढ़वाल और 27 मार्च को नैनीताल उम्मीदवारों का नामांकन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया की हरिद्वार में ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत के चलते 22 तारीख को वहां के उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन करेंगे। तदुपरांत 23 मार्च को कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप हरिद्वार में व्यापक रूप में नामांकन किया जाएगा। भट्ट ने कहा कि हम चुनाव में जीत को और अधिक प्रबल करने के उद्देश्य से मैदान में उतर रहे हैं। हमारा मकसद किसी को हराना नहीं बल्कि जनता का विश्वास और अधिक पैमाने पर हासिल करना है। मीडिया सकारात्मक पक्ष के सा भी राष्ट्र निर्माण में रचनात्मक सहयोग की अपेक्षा हम करते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री और प्रदेश चुनाव प्रभारी की मौजूदगी में गोरखा डेमोक्रेटिक फ्रंट की ओर से अपना समर्थन भाजपा उम्मीदवारों को को दिया गया।

# ऑस्ट्रेलिया-भारत के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच की मेजबानी करेगा ऑप्टस स्टेडियम

एजेंसी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले जाने वाले पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच की मेजबानी पर्थ का ऑप्टस स्टेडियम करेगा। ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र सिडनी हेराल्ड से बातचीत में बोर्ड के करीबी सूत्र, जिन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बात की क्योंकि कार्यक्रम अभी तक आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है, ने कहा कि पर्थ में टेस्ट क्रिकेट में सुधार करना शासी निकाय के लिए एक शीर्ष लक्ष्य था।

60,000 सीटों वाला नया पर्थ स्टेडियम पिछले सीज़न में टेस्ट के लिए बमुश्किल भरा हुआ था। स्टेडियम में सबसे अधिक उपस्थिति बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉर्चर्स मैच के दौरान थी जो 28,494 थी और सबसे कम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान (17,666) थी। भारत और इंग्लैंड के अगले दो वर्षों में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने की तैयारी के साथ, पर्थ की टेस्ट उपस्थिति के आंकड़े बढ़ने की उम्मीद है।

सूत्रों ने आगे खुलासा किया कि पर्थ में तीन घंटे के समय के अंतर के साथ श्रृंखला का शुरुआती मैच और एडिलेड में दिन-रात का टेस्ट खेलने से क्रिकेट को चैनल सेवन और फॉक्स पर बिग बैश के लिए प्राइमटाइम लीड-अप मिलेगा। ट्वेंटी-20 प्रतियोगिता संभावित रूप से दिसंबर के मध्य से जनवरी के अंत तक निर्बाध रूप से जारी रह सकती है। सीरीज का दूसरा मैच एडिलेड ओवल में खेला जाएगा और ब्रिस्बेन का द गाबा तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा और सीरीज का आखिरी मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अगले सीज़न के लिए शेड्यूल जारी नहीं किया है।

# जेके में विस व लोस चुनाव साथ नहीं तो एक राष्ट्र एक चुनाव कैसे संभव

एजेंसी



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सवाल उठाया कि अगर केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ नहीं करा सकती है तो वह पूरे देश में एक साथ चुनाव कैसे करा सकता है।

उमर अब्दुल्ला मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की आवश्यकता के मद्देनजर एक साथ चुनाव कराने में असमर्थता व्यक्त की थी। उमर ने कहा कि जब सीईसी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि ईसीआई और सभी राजनीतिक दल चुनाव के लिए तैयार हैं लेकिन वर्तमान प्रशासन (जम्मू-कश्मीर में) ने यह कहते हुए बाधाएं डालीं कि उन्हें अधिक सुरक्षा बलों की आवश्यकता है। उमर ने कहा कि ऐसी स्थिति में मैं यह सवाल करने के लिए मजबूर हूं कि जब यूपी और बिहार जैसे अन्य राज्यों में कोई विधानसभा चुनाव नहीं हो रहे हैं और आप अब एक साथ चुनाव नहीं करा सकते हैं तो आप एक राष्ट्र, एक चुनाव के बारे में कैसे बात करते हैं। अब जब आप यूपी, एमपी और बिहार जैसे राज्यों में एक साथ चुनाव कराएंगे तो फिर आपको सुरक्षाबल कहां से मिलेगा? उन्होंने कहा कि ईसीआई के पास जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का अवसर था, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन चुनाव नहीं कराना चाहता था, क्योंकि वे सत्ता नहीं छोड़ना चाहते हैं।

### श्रीनिवासन की हत्या मामले में फरार पीएफआई सदस्य कोल्लम से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में प्रतिबंधित (पीएफआई) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस मामले के मुख्य आरोपित शफीक को सोमवार को केरल के कोल्लम जिले से गिरफ्तार किया गया। शफीक 16 अप्रैल 2022 को पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के बाद से फरार था। एनआईए के मुताबिक जघन्य हत्या की इस साजिश में शामिल 71 व्यक्तियों की पहचान की गई है। एनआईए ने इस मामले में 17 मार्च, 2023 और 6 नवंबर, 2023 को दो आरोपपत्र दायर किए थे। मामले में एक आरोपित की पहचान अब्दुल नासर के रूप में हुई थी जिसकी 2 जनवरी 2023 को मृत्यु हो चुकी है, जबकि दो भगोड़े साहिर केवी और जाफर भीमंतविदा को क्रमशः 19 अक्टूबर, 2023 और 12 फरवरी, 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

# कांग्रेस के 15 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर-उदयपुर की क्लस्टर बैठकों को किया संबोधित

एजेंसी



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जोधपुर और उदयपुर में आयोजित भाजपा में संगठन स्तर पर बनाए गए कलस्टर की बैठकों को संबोधित किया। जोधपुर में सीएम भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस के 15 नेताओं ने भाजपा जॉइन की। इसके बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने एक होटल में भाजपा के बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली।

इस दौरान पूर्व सांसद और पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह जसोल ने सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। होटल के बंद कमरे में हुई मुलाकात के दौरान करीब 10 मिनट तक चर्चा चली। सीएम भजनलाल शर्मा करीब साढे दस बजे एसएन मेडिकल कॉलेज के सभागार में पहुंचे और यहां कांग्रेसी नेताओं को पार्टी जॉइन करवाई। एसएन मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम के बाद सीएम केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्य नेताओं के साथ नोवाटेल होटल पहुंचे। यहां जोधपुर, पाली, बाड़मेर-जैसलमेर और जालोर-सिरोही के लोकसभा प्रभारी, सह-प्रभारी, संयोजक व कार्य समिति के सदस्यों की बैठक ली। करीब एक घंटे तक चली बैठक में उन्होंने लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता मानवेंद्र सिंह जसोल ने सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि 10 मिनट तक दोनों के बीच चर्चा चली। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। नोवाटेल में बैठक के बाद रविंद्र सिंह भाटी सीएम भजनलाल शर्मा के साथ एक ही चार्टर प्लेन में उदयपुर के लिए रवाना हुए।

इस दौरान पोकरण विधायक प्रताप पुरी के साथ पहुंचे कांग्रेस नेता व मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान खांगटा मंच पर पहुंचे। जहां उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। वहीं गोटन (नागौर) से कांग्रेस समर्थित सरपंच सुरेश गुर्जर, कांग्रेसी नेता पप्पूराम डारा के साथ सुरेश गुर्जर ने भी भाजपा जॉइन की। सुरेश गुर्जर सचिन पायलट के नजदीकी है और 40 सालों से कांग्रेस में थे।

## खबरें एक नजर में

### चीन के अरुणाचल पर दावे को भारत ने बताया बेतुका

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन के रक्षा मंत्रालय की ओर से अरुणाचल प्रदेश पर किए दावे को बेतुका बताया है। भारत ने कहा है कि इस तरह की आधारहीन बहस से झूठा दावा वैध नहीं हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि जिजांग (तिब्बत का चीनी नाम) का दक्षिणी भाग (अरुणाचल प्रदेश) चीन के क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा है और बीजिंग भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता और इसका दृढ़ता से विरोध करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों को आगे बढ़ाते हुए की गई टिप्पणियों पर ध्यान दिया है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिलती है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। इसके लोगों को हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभ मिलता रहेगा।

### मेघना फूड्स चेन के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बेंगलुरू स्थित मेघना फूड्स रेस्तरां से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की। यह छापेमारी कोरमंगला, इंदिरानगर और जयनगर सहित कंपनी के कार्यालय सहित कई ठिकानों पर हुई है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आयकर विभाग ने बेंगलुरू में मेघना फूड्स भोजनालय पर छापेमारी की है। इस खानपान श्रृंखला का स्वामित्व हैदराबाद स्थित एक कारोबारी समूह के पास है। इसके कोरमंगला और इंदिरा नगर समेत बेंगलुरू में कुल नौ रेस्तरां हैं। ये फूड चेन परिवारों और युवा पेशेवरों के लिए पसंदीदा जगह है। हालांकि, आयकर अधिकारियों ने फिलहाल छापेमारी को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मियामी ओपन में अपने पदार्पण पर शानदार शुरुआत करते हुए कनाडा के गैब्रियल डायलो पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पहले दौर का क्वालीफायर मैच खेल रहे 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को 6 फीट 8 इंच लंबे कनाडाई डायलो को 7-6(3) 6-2 से हराया। नागल, जो पिछले महीने चेन्नई ओपन जीतकर दुनिया के शीर्ष-100 में शामिल हुए थे, उनका अगला मुकाबला कोलमैन वोंग से होगा। नागल ने सातवें गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाने के बाद पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीता, जबकि उन्होंने दूसरे सेट में दबदबा बनाया और पहले और सातवें गेम में डायलो की सर्विस तोड़ दी। इस जीत के बाद उनके करियर की नई सर्वोच्च रैंकिंग विश्व नंबर 92 पर पहुंचने की संभावना है। अपने आखिरी टूर्नामेंट में, राफेल नडाल के आखिरी मिनट में हटने के बाद मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने के बाद नागल इंडियन वेल्स में मिलोस राओनिक से हार गए थे। नागल ने जनवरी में काफी हलचल मचा दी थी जब वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। उस प्रयास ने उन्हें एटीपी रैंकिंग के शीर्ष -100 में लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

### मेरठ से गोविल, पीलीभीत से जितिन को मिल सकता है टिकट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश को लेकर भाजपा ने अपने 51 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इनमें से ज्यादातर को इस बार के चुनाव में भी रिपीट किया गया है। उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पांच सीटें दी हैं। ऐसे में बाकी की बची हुई सीटों को लेकर पार्टी में चर्चा जारी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में जिन सीटों को लेकर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान होना है उनमें से कई का टिकट कट सकता है। सबसे ज्यादा चर्चा बृजभूषण शरण सिंह की है। वह काफी लंबे समय से विवादों में है। ऐसे में कैसरगंज लोकसभा सीट से उनकी पत्नी या बेटी को टिकट दिया जा सकता है। बाराबंकी से हाल में ही टिकट लौटाने वाले उपेंद्र रावत की जगह नया चेहरा भाजपा उतार सकती है। वही सुल्तानपुर से मेनका गांधी का टिकट कट सकता है। उनकी जगह सपा विधायक मनोज पांडे का नाम चर्चाओं में है। उन्होंने हाल में ही राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा का साथ दिया था। वरुण गांधी को भी इस बार टिकट मिलने की संभावना बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रही है।

### वाईएसआर कांग्रेस के विधायक ने पार्टी छोड़ी

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के नंदीकोटकुर निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक थोगुरु ऑर्थर ने पार्टी छोड़ दी और मंगलवार को आंध्र प्रदेश में कांग्रेस में शामिल हो गए। तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश की विधानसभा में मार्शल के तौर पर काम कर चुके ऑर्थर ने 2019 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता था। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया'' वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नंदीकोटकुरु से विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए। एपीसीसी प्रमुख वाईएस शर्मिला रेड्डी ने ऑर्थर को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में उनका स्वागत किया।

### विराट कोहली से मेरी तुलना करना सही नहीं : स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया जबकि उसकी पुरुष टीम पिछले 16 वर्षों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान लगभग एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे। मंधाना ने मंगलवार को कहा,''खिताब अलग चीज है लेकिन उन्होंने (कोहली) देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है।'' उन्होंने कहा,''मैं तुलना करना इसलिए सही नहीं मानती क्योंकि उन्होंने बड़ी उपलब्धियों हासिल की है।

# मणिपुर के बाहर बनाए जाए यूपीएससी के परीक्षा केंद्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय को मंगलवार को सूचित किया गया कि मणिपुर सरकार 26 मई को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा केंद्र को इस अशांत पूर्वोत्तर राज्य के बाहर बनाने के पक्ष में है। मणिपुर सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकार इन अभ्यर्थियों को इस राज्य के बाहर परीक्षा केंद्र तक जाने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है। उच्च न्यायालय मणिपुर में सिविल सेवा और भारतीय वन सेवा के अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। मणिपुर प्राधिकारियों के रुख पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि परीक्षाएं पिछले साल की तरह राज्य के बाहर आयोजित की जा सकती है और उसने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के वकील को इस पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। पीठ ने कहा, ''इस पर निर्णय लीजिए। 2023 की प्रवृत्ति का पालन करिए। हम यूपीएससी को निर्देश लेने के लिए कहेंगे। प्रथम दृष्टया हमारी यह राय है।'' उसने कहा, ''यूपीएससी के वकील को निर्देश लेने के लिए कहा जाता है।'' याचिकाकर्ता जोमी स्टूडेंट्स फेडरेशन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय का रुख करते हुए मणिपुर में चुराचांदपुर तथा कांगपोकपी में परीक्षा केंद्र बनाने और सिविल सेवा के अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के किसी केंद्र का चयन करने के लिए फिर से मौका देने का अनुरोध किया था। मणिपुर सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव ने उन्हें संबोधित पत्र में कहा कि राज्य सरकार का यह मानना है कि स्थिति को देखते हुए तथा परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए चुराचांदपुर और कांगपोकपी में परीक्षा केंद्र बनाना उचित नहीं होगा। पत्र में सुझाव दिया गया कि मणिपुर के छात्रों को राज्य के बाहर परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाए।

### झारखंड की सीता सोरेन भाजपा में शामिल हुईं

**नयी दिल्ली।** झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की विधायक सीता सोरेन ने अपनी पार्टी एवं विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। रांची से यहां पहुंची श्रीमती सोरेन ने भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर श्री तावड़े ने कहा कि श्रीमती सोरेन के आने से झारखंड एवं आसपास के इलाकों में दिखेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के हित के काम और तेजी से एवं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित होंगे और उनका योगदान भी होगा। श्री बाजपेयी ने कहा कि झामुमो में रहते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने एवं दिल्ली तक आवाज उठाने का काम श्रीमती सोरेन ने किया है। श्रीमती सोरेन ने कहा कि आज हम झामुमो के महापरिवार को छोड़ कर के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाल परिवार में शामिल हो रहे हैं।

# केजरी को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही भाजपा : 'आप'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी(आप) ने कहा कि अदालत से ज़मानत मिलने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करने का षड़यंत्र रच रही है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि श्री केजरीवाल को पिछले दिनों कोर्ट से जमानत मिलने के बाद अब भाजपा अपने षडयंत्र को आगे बढ़ा रही है।

भाजपा ने जिस तरह से एलान किया है उससे साफ है कि अदालत में एक अप्रैल की सुनवाई होने के बावजूद भाजपा श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए नए षडयंत्र कर रही है और मुख्यमंत्री को नौवां समन जारी किया गया। श्री राय ने कहा कि शायद भाजपा को लगता है कि जिस समन को वह बार-बार भेज रही थी वह अदालत में विचाराधीन है इसलिए एक नए केस में नया समन भेजा गया। वहीं, सोमवार को एक तीसरा षडयंत्र शुरू हुआ है।

भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से एक नया प्रेस नोट जारी करवाया जिसमें वह फिर वहीं 100 करोड़ का पुराना टेप रिकॉर्डर निकाल कर लाए। जब भाजपा पहले 100 करोड़ का राग अलाप रही थी, तब उस समय भी कोर्ट ने कहा था कि इसका कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अदालत के फैसले का इंतजार करने का भी समय नहीं बचा है क्योंकि चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा की चंदा चोरी की सच्चाई सामने आ चुकी है। देश की जनता के सामने भाजपा के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा सामने आ चुका है। विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारी की योजना तेजी से बन रहा है। उन्होंने कहा, आज पूरे देश में तानाशाही का राज चल रहा है, जिसको जब मर्जी जैसे भी उठा लो। भाजपा को छगन भुजबल की फाइल भी ढूंढवानी चाहिए। अशोक चौहान के फाइलों के पन्ने भी निकालने चाहिए।

# निर्वाचन व्यय के लिए बैंकों में खुलेंगे अलग काउंटर, लेन-देन पर रहेगी कड़ी नजर

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** लोकसभा चुनाव समुचित ढंग से कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में मंगलवार को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद की विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए लीड बैंक मैनेजर सहित समस्त बैंक के प्रबंधकों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान प्रतिदिन बैंक से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और संदेहजनक लेन-देन की सूचना व्यय अनुवीक्षण नोडल अधिकारी मुख्य कोषाधिकारी नीतू भंडारी को प्रस्तुत की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन व्यय के लिए पृथक बैंक खाता खोलने के लिए सभी बैंक अलग काउंटर खोलें। निर्वाचन अवधि के दौरान बैंक खातों में जमा और आहरण करने के लिए प्राथमिकता दी जाए।

बैंक खातों से संदेहजनक लेन-देन की सूचना प्रतिदिन वाहक अथवा ई-मेल bankreportv@gmail.com पर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। यदि सूचना शून्य है तो शून्य सूचना उपलब्ध कराई जानी आवश्यक है। एटीएम कैश वाहन के माध्यम से कैश संचालन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करें। बैठक में क्षेत्रीय अग्रणी बैंक के प्रबंधक संजय भाटिया, लेखाकार भरत सिंह आदि थे।

### इंग्लैंड व एसेक्स के लेग स्पिनर रॉबिन हॉब्स का 81 वर्ष की आयु में निधन

**लंदन।** एसेक्स और इंग्लैंड के पूर्व लेग स्पिनर रॉबिन हॉब्स का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी मृत्यु की खबर की घोषणा मंगलवार को उनके बेटे निक ने की, जिन्होंने एक्स, पर लिखा आज मैंने अपने सबसे अच्छे दोस्त को अलविदा कहा। शांति से रहो मेरे दोस्त। 1967 में हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ इंग्लैंड में पदार्पण करने वाले हॉब्स ने अगले चार वर्षों के दौरान सात टेस्ट मैचों में 12 विकेट लिए और 1992 में पाकिस्तान के खिलाफ इयान सैलिसबरी के पदार्पण तक इंग्लैंड के लिए खेलने वाले आखिरी विशेषज्ञ लेगस्पिनर थे। काउंटी परिदृश्य में, 1961 में ट्रेवर बेली द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद वह एसेक्स टीम के एक प्रमुख सदस्य बन गए, और 15 सीज़न में कुल 325 प्रदर्शन किए, और ठीक 26.00 की औसत से 763 विकेट लिए। उन्हें 1964 में एसेक्स द्वारा कैप किया गया था।

# आईपीएल 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने को उत्सुक हैं दिल्ली कैपिटल्स के नए खिलाड़ी

एजेंसी



**विशाखापत्तनम।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 में ऑलराउंडर सुमित कुमार, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र और बल्लेबाज रिकी भुई के रूप में तीन रोमांचक प्रतिभाओं को चुना।

ये खिलाड़ी वर्तमान में हेड कोच रिकी पोंटिंग और डीसी क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली की निगरानी में विशाखापत्तनम में आईपीएल 2024 प्री-सीजन कैंप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 19 प्रथम श्रेणी मैचों में 1245 रन बनाने वाले कुमार कुशाग्र ने पहली बार किसी आईपीएल टीम का हिस्सा बनने को लेकर कहा, ÷मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे इतने सारे बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा, जिन्हें देखकर मैं बड़ा हुआ हूं। हालांकि, मेरा मुख्य उद्देश्य दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतना होगा। कुशाग्र ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान सुपरस्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी का भी अनुभव लिया, उन्होंने कहा, ÷मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मुझे मेरे खेल के बारे में काफी जानकारी दी। वह अकेले ही शॉट खेल रहे थे और छक्के लगा रहे थे। वह गेंद अच्छी तरह से मार रहे हैं और उम्मीद है कि हम साथ मिलकर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतेंगे । इस बीच, टी20 में 574 रन बनाने और 43 विकेट लेने वाले ऑलराउंडर सुमित कुमार ने आईपीएल अनुबंध हासिल करने से पहले अपनी यात्रा के बारे में बात की, उन्होंने कहा, ÷सात साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू करने के बाद से यह मेरे लिए एक लंबी यात्रा रही है। मैं पिछले तीन वर्षों में घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेल रहा हूं और मैं आईपीएल अनुबंध की उम्मीद कर रहा था। इस साल दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना बहुत अच्छा है। स्थानीय खिलाड़ी रिकी भुई, जिन्होंने 62 टी20 में 1497 रन बनाए हैं, उनका मानना है कि वह सही समय पर शिखर पर हैं, उन्होंने कहा, मैं टूर्नामेंट में ढेर सारे रन बनाकर जा रहा हूं और मुझे लगता है कि मैं सही समय पर शिखर पर पहुंच रहा हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे घर पर आईपीएल खेलने का मौका मिलेगा। मैं यहां की परिस्थितियों से बहुत परिचित हूं और अपने परिवार और दोस्तों के सामने खेलना बहुत अच्छा होगा। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए अधिक से अधिक मैच जीतना चाहता हूं।